
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 48 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 27 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी पर पीएम मोदी ने जताई खुशी

## कहा-हम वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ दुनिया का स्वागत करने को तैयार

समाज जागरण

भारत के अहमदाबाद शहर को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिली है। इस उपलब्धि पर पीएम मोदी ने खुशी जताते हुए कहा है कि भारतवासी 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ दुनिया का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "2030 के सेन्टेनरी कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी का अधिकार भारत को मिलने पर अत्यंत खुशी है। भारत के लोगों और हमारे खेल स्पोर्टिंग इकोसिस्टम को हार्दिक बधाई। यह हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और खेल भावना की शक्ति है, जिसने भारत को वैश्विक खेल मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ, हम इन ऐतिहासिक खेलों को अद्भुत उत्साह के साथ मनाने के लिए उत्सुक हैं। हम दुनिया का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।"

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा, "भारत के अहमदाबाद में 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करने की प्रतिष्ठित बोली जीतने पर प्रत्येक देशवासी को बधाई। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को एक ग्लोबल स्पोर्ट्स हॉटस्पॉट बनाने के विजन का सबूत है। एक दशक से ज्यादा की मेहनत के बाद, पीएम मोदी ने वर्ल्ड-क्लास स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है और असरदार गवर्नेंस



और आसान टीमवर्क के जरिए हमारे देश की क्षमता को बढ़ाया है।"

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लिखा, "आइए जश्न मनाते हैं। भारत को मिली 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी। अहमदाबाद को 2030 शताब्दी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए होस्ट शहर घोषित किया गया है।"

बीजेपी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने लिखा, "भारत के लिए ऐतिहासिक पल। अहमदाबाद को 2030 शताब्दी कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए चुना गया है, जिससे 20 साल बाद कॉमनवेल्थ भारत वापस आ रहा है। हमारी खेल यात्रा के इस नए अध्याय पर गर्व है।"

स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में हुई एक बैठक में अहमदाबाद के नाम पर मुहर लगी। कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की बोली में भारत का मुकाबला नाइजीरिया के अबुजा से था, लेकिन कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने अफ्रीकी देश को कॉमनवेल्थ गेम्स 2034 के एडिशन के लिए विचार में रखने का फैसला लिया।

# फ्रांस में भी 'अग्निवीर योजना' लाएंगे मैक्रों? 50 हजार युवाओं के लिए सुनहरा मौका



समाज जागरण

पेरिसः फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अपने देश में भी भारत की 'अग्निवीर योजना' लाने जा रहे हैं. जिसमें हर साल 50 हजार युवाओं को सुनहरा मौता मिलेगा. मौक्रों की इस योजना का नाम है स्वैच्छिक सैन्य सेवा जो 27 साल बाद लौटी है. फ्रांस का ये कदम दुनिया भर के देशों के बीच बढ़ते तनावों के बीच लिया गया है, जिसका लक्ष्य सैन्य बलों को मजबूती देने का होगा और इसके साथ ही मुश्किल हालातों के लिए देश के युवा तैयार भी होंगे. युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण का मौका देना अब वैश्विक रणनीति बन चुकी है.

### क्या है फ्रांस की 'अग्निवीर योजना'?

फ्रांस की वॉलंटरी मिलिट्री स-र्विस यानी श्टर के तहत हर साल 50,000 युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो भारत की अग्निपथ योजना से मेल खाता है. भारत की अग्निपथ योजना में युवाओं को 4 साल की अल्पकालिक सेवा प्रदान की जाती है. फ्रांस में प्रस्तावित स्वैच्छिक सेवा की अवधि लगभग 10 महीने हो सकती है, दोनों का प्राथमिक लक्ष्य सैन्य सेवा को करियर के बजाय एक ट्रेनिंग मॉड्यूल और अनुभव के रूप में पेश करना है.

# निफ्टी ने छुआ नया शिखर 26,205 पर बंद, सेंसेक्स 1,022 अंकों की उछाल के साथ 85,609 पर

समाज जागरण

नई दिल्लीभारतीय शेयर बाजार में बुधवार के कारोबारी सत्र में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है, जिससे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मुख्य सूचकांक निफ्टी ऑल-टाइम हाई 26,277 के करीब 26,205.30 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में इसमें 320.50 अंक या 1.24 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इस दौरान सेंसेक्स का प्रदर्शन भी मजबूत रहा है और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मुख्य सूचकांक 1,022.50 अंक या 1.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,609.51 पर बंद हुआ।



कारोबारी सत्र में चौतरफा तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 763.70 अंक या 1.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,061.70 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 241.55 अंक या 1.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,971.85 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, सन फार्मा, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी और एचडीएफसी बैंक लूजर्स थे। भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स लूजर्स थे।

बाजार में करीब सभी सेक्टर्स में तेजी देखी गई। आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, कमोडिटीज, पीएसई और ऑयल एवं गैस सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे।

व्यापक बाजार में तेजी देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,802 शेयर हरे निशान में, 1,369 शेयर लाल निशान में और 154 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए।

बाजार के जानकारों ने कहा कि घरेलू बाजारों में मजबूत वृद्धि देखी गई है। इसकी वजह वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलना है, जिसे फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती की संभावना का समर्थन प्राप्त है। इसके अलावा, कच्चे तेल में एक प्रतिशत की गिरावट ने महंगाई को कम करने में मदद की है। वहीं, दूसरी तरफ आरबीआई गवर्नर की ओर से दिसंबर में ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की संभावित कटौती के बयान ने बाजार में रैली को हवा दी है ।

मजबूत ग्लोबल संकेतों के चलते भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत हरे निशान में हुई थी। सुबह 9 बजकर 24 मिनट पर सेंसेक्स 261.98 अंक या 0.31 प्रतिशत की तेजी के बाद 84,848.99 स्तर पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी 84 अंक या 0.32 प्रतिशत की बढ़त के बाद 25,968.80 स्तर पर बना हुआ था।

# भारत की LPG खपत बीते 8 वर्षों में 44 प्रतिशत बढ़ी

समाज जागरण

भारत की एलपीजी खपत बीते आठ वर्षों में 44 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 25 में 31.3 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 17 में 21.6 एमएमटी थी। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, परिवारों की ओर से बड़ी संख्या में रिफिल भराने और एलपीजी तक आम जनता की पहुंच आसान होने के कारण मांग में लगातार इजाफा हो रहा है और यह वित्त वर्ष 26 तक 33-34 एमएमटी तक पहुंच सकती है।



रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों की ओर से भराए जाने वाले औसत घरेलू एलपीजी रिफिल की संख्या वित्त वर्ष 17 में 3.9 सिलेंडर से बढ़कर वित्त वर्ष 25 में 4.5 प्रति वर्ष तक पहुंच गई है। इसकी वजह कम दाम, बेहतर डिलीवरी नेटवर्क और रोजाना खाना पकाने की ऊर्जा जरूरतों के लिए एलपीजी पर बढ़ती निर्भरता है।

गैर- उज्ज्वला लाभार्थियों की ओर से हर साल 6-7 सिलेंडर प्रति वर्ष भरवाए जा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि कमर्शियल और इंडस्ट्रियल कामों के लिए इस्तेमाल होने वाली एलपीजी की हिस्सेदारी, जो कि वित्त वर्ष 17 में कुल मांग का 10 प्रतिशत थी, वित्त वर्ष 25 में बढ़कर 16 प्रतिशत हो गई है। इसकी वजह फूड सर्विसेज, इंस्टीट्यूशनल किचन और छोटे मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स की ओर से एलपीजी को अपनाना है, जिससे इसका मांग आधार बढ़ गया है।

मांग बढ़ने के साथ देश का वार्षिक एलपीजी उत्पादन बढ़ गया है, जो कि वित्त वर्ष 25 में 12.8 एमएमटी हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 17 में 11.2 एमएमटी पर था। रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपनी एलपीजी मांग को पूरा करने के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है। देश की कुल मांग का 55-60 प्रतिशत आयात से पूरी होती है।

हाल ही में भारत-अमेरिका के बीच हुए 2.2 मिलियन टन प्रति वर्ष आपूर्ति के एलपीजी समझौता से देश की आपूर्ति में विविधता आने की उम्मीद है। भारत ऐतिहासिक तौर पर आपूर्ति के लिए मध्यपूर्व के देशों पर निर्भर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, "हालांकि इस डील के स्ट्रेटेजिक फायदे काफी हैं, लेकिन फ्रेट से जुड़ी लैंडेड कॉस्ट सेंसिटिविटीज आने वाले समय में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के इकोनॉमिक्स को बदल सकती हैं।"

# आईएएस संतोष वर्मा की विवादित टिप्पणी पर लोनी विधायक का सख्त एक्शन

## (लोनी कोतवाली में तहरीर देकर करी रासुका लगाने की मांग)

समाज जागरण

लोनी, 26 नवंबः स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी एवं अजाक्स संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज की बेटियों पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को गंभीरता से लिया हैं। विधायक ने इस बाबत थाने पर तहरीर देकर उनपर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर का कहना है कि बेटियों के प्रति अपमानजनक और अमर्यादित बयान केवल एक विशेष समुदाय नहीं, बल्कि समूचे देश की महिलाओं का अपमान है। उन्होंने भारतीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए कहाः"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता", यानिकि जहाँ नारी का सम्मान नहीं,



वहाँ किसी सभ्यता का अस्तित्व संभव नहीं हैं।

विधायक का आरोप है कि संतोष वर्मा की टिप्पणी समाज में जातीय तनाव और वैमनस्य फैलाने की सोची-समझी कोशिश है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। विधायक ने यह भी दावा किया कि संबंधित अधिकारी पूर्व में भी जालसाजी और महिला उत्पीड़न जैसे मामलों में संलिप्त रहे हैं। उन्होंने कहा, यह मात्र किसी एक व्यक्ति का विचार नहीं लगता। इसके पीछे कौन लोग सक्रिय हैं, कौन वित्तीय या राजनीतिक संरक्षण दे रहा है, इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी जरूरी हैं।

विधायक ने आने पर लिखित तहरी देने के साथ प्रशासन से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग करते हुए रासुका सहित कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की अपील की है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति देश की बेटियों के सम्मान को ठेस पहुंचाने का ऐसा दुस्साहस न कर सके।

# 'कुरकुरे हर दुकान पर, फल नहीं',

## प्रधानमंत्री के एडवाइजर बोले-पैटर्न बदलना होगा, क्या आएगा कानून?

समाज जागरण

प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार समिति के चेयरमैन एस. महेंद्र देव ने ऐसी चिंता जताई है, जिसके बारे में हर किसी को सोचना होगा. उन्होंने कहा, देश के बाजारों में हेल्दी चीजों से ज्यादा पैकेट बंद खाने की भरमार है और अगर यह पैटर्न नहीं बदला, तो आने वाले सालों में इसका खामियाजा बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को भुगतना पड़ेगा.

क्या आपने कभी सोचा है कि गांव में भी बच्चे और बड़े आजकल कुरकुरे, चिप्स और पैकेट वाले स्नैक्स ज्यादा खाते क्यों दिखाई देते हैं, जबकि फल-सब्जियां मिलने में मुश्किल हो जाती है? यही चिंता अब सरकार के शीर्ष आर्थिक सलाहकार ने भी उठाई है. प्रधानमंत्री के



आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन एस. महेंद्र देव ने बुधवार को साफ कहा कि कुरकुरे गांवों में फल-सब्जियों से ज्यादा आसानी से मिल जाता है... ये पैटर्न बदलना होगा. उनका कहना सिर्फ एक टिप्पणी नहीं, बल्कि हमारे बदलते खानपान और उसके साथ बढ़ती बीमारियों को लेकर गहरी चेतावनी है. आखिर क्यों इस पर बात करना जरूरी? महेंद्र देव ने आंकड़े पेश किए, जिनसे साफ होता है कि पैकेट वाले फूड की खपत सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रही. उन्होंने बताया, ग्रामीण क्षेत्रों में 21% खाना अब प्रोसेस्ड फूड और पैक्ड ड्रिंक्स से आता है. शहरी क्षेत्रों में यह हिस्सा 25% से भी ज्यादा है. यानी चिप्स, नमकीन, कोल्ड ड्रिंक्स, इंस्टेंट नूडल्स, फ्रोजन फूड और कुरकुरे अब रोजमर्रा के खाने का हिस्सा बनते जा रहे हैं. और वजह ये है कि ये जल्दी मिल जाता है और बच्चे-बड़ों का पसंदीदा है. मगर यही सुविधा अब स्वास्थ्य के लिए खतरा बनती जा रही है.

### क्या शेख हसीना को भारत से लौटाया जाएगा?

समाज जागरण

ढाका/नई दिल्ली. बांग्लादेश में चुनावी माहौल के बीच बुधवार को एक बड़ा राजनीतिक भूचाल तब आया जब ढाका ने दावा किया कि भारत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण पर उसके पुराने अनुरोध का कभी जवाब नहीं दिया, लेकिन अब परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं और इसलिए बांग्लादेश भारत के जवाब की प्रतीक्षा कर रहा है. मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने हाल ही में भारत को एक औपचारिक पत्र भेजकर 78 वर्षीय हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है. यह मांग उस समय आई है जब बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने 17 नवंबर को हसीना को 'मानवता के खिलाफ अपराध' में मौत की सजा सुनाई. यह फैसला उनकी अनुपस्थिति में दिया गया, और हसीना फिलहाल भारत में मौजूद

# कटिहार में बुलडोजर का कहर, मनिहारी गंगा घाट पर अतिक्रमण के खिलाफ चला प्रशासन का हंटर

*अतिक्रमणकारियों ने दावा किया कि वे वर्षों से यहां रह रहे हैं और यहीं रहकर वो किसी तरह जीवनयापन कर रहे हैं. प्रशासन ने जनहित और सरकार के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई जारी रखी. कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार पासवान ने बताया कि यह अभियान आम जनता के....*

कटिहारः आमतौर पर नई सरकार के गठन के बाद शुरू में तो काफी तेजी से काम होते हैं. बाद में भले ही एक के बाद एक लापरवाही की खबरें आती रहती हैं. बिहार में एनडीए की नई सरकार बनी है. इस बार भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही हैं लेकिन, कई मंत्री बदल गए हैं. ऐसे में नई सरकार अपने काम में भी जुट गई है. नई सरकार के गठन के बाद बिहार में अतिक्रमण और अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन का रुख और सख्त देखा जा रहा है. डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के गृह विभाग संभालते ही राज्य भर में लगातार बुलडोजर एक्शन देखने को मिल रहा है. इसी क्रम में कटिहार जिले के मनिहारी में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने गंगा घाट परिसर से अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की. जेसीबी, बुलडोजर और क्रेन के साथ गंगा घाट परिसर पहुंची प्रशासनिक टीम को देखते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई. भारी पुलिस बल की मौजूदगी में एक के बाद एक कई अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया. यह पूरा अभियान अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह के नेतृत्व में चलाया गया. वहीं मनिहारी थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक पंकज आनंद भी मौके पर मौजूद रहे और पूरे ऑपरेशन का मोर्चा संभाले रहे.

अतिक्रमणकारियों ने दावा किया कि वे वर्षों से यहां रह रहे हैं और यहीं रहकर वो किसी तरह जीवनयापन कर रहे हैं. प्रशासन ने जनहित और सरकार के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई जारी रखी. कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार पासवान ने बताया कि यह अभियान आम जनता के हित और घाट को अतिक्रमण से मुक्त कराने के उद्देश्य से चलाया गया.

# ममता एसआईआर के विरोध के नाम पर दे रही हैं घुसपैठियों का साथ

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

पश्चिम बंगाल में वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) प्रक्रिया का जबर्दस्त विरोध कर रही हैं, क्योंकि उनका मानना है कि यह प्रक्रिया भाजपा द्वारा




अल्पसंख्यकों, खासकर मुस्लिम वोटर्स को निशाना बनाने के लिए एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल की जा रही है। ममता का यह भी आरोप है कि एसआईआर के तहत घुसपैठियों को वोटर लिस्ट से हटाने का नाम लेकर असली वोटरों को भी परेशान किया जा रहा है, जिससे उनका वोट बैंक प्रभावित हो सकता है। इस विरोध के पीछे दो पहलू हैं: एक तो ममता का अल्पसंख्यक वोट बैंक बचाने का प्रयास, और दूसरा पश्चिम बंगाल में चुनावी फायदे की नजर से यह विरोध। उन्होंने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए असम जैसे भाजपा शासित राज्यों में इस प्रक्रिया को लागू न करने की निंदा की है। ममता ने चुनाव आयोग को कई बार पत्र लिखकर इस प्रक्रिया को अव्यवस्थित, खतरनाक और बिना तैयारी के बताया है और इसे रोकने की मांग की है।

पश्चिम बंगाल में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को इस प्रक्रिया में काम करने में जो परेशानी हो रही है, वह तृणमूल कांग्रेस और ममता सरकार के एसआईआर विरोध के चलते है। बीएलओ यूनाइटेड फोरम के अनुसार, प्रदेश में बीएलओ को राजनीतिक संरक्षण वाले अपराधी तत्व धमका रहे हैं, जिससे वे अपना काम ठीक से नहीं कर पा रहे। बीएलओ के लिए उचित सुरक्षा, ट्रेनिंग और प्रशासनिक सहूलियत नहीं मिल रही है; वे अपने स्कूलों में भी उपस्थिति दर्ज नहीं करवा पा रहे हैं और उनके ड्यूटी आवंटन में अनियमितता है। इसके अलावा, उन्हें काम का अत्यधिक दबाव, डेटा में त्रुटियां, सर्वर फेलियर जैसी तकनीकी समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं और बिना कारण बताए डिसिप्लिनरी एक्शन की धमकियां मिल रही हैं।

ममता सरकार की यह रणनीति बीएलओज को भयभीत करके एसआईआर प्रक्रिया को बाधित करने की है, ताकि फर्जी वोटर सूची में बने रह सकें और घुसपैठियों या फर्जी वोटर्स को हटाने की प्रक्रिया सफल न हो। इस कारण प्रभावी तरीके से केवल पश्चिम बंगाल में ही बीएलओ को काम करने में दिक्कतें आ रही हैं। ममता ने चुनाव आयोग पर भी आरोप लगाया है कि वे एसआईआर प्रक्रिया के तहत लगने वाले दबाव और समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं, जबकि बीएलओ अपने हद से ज्यादा काम कर रहे हैं। चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया के रूप में पुलिस कार्रवाई व अन्य समर्थन नहीं मिल रहा, जिससे बीएलओ और ज्यादा दबाव में हैं।

इस प्रकार, ममता सरकार का एसआईआर विरोध और बीएलओ पर हो रहे दबाव की जड़ में सीधा राजनीतिक हित है। ममता बनर्जी अल्पसंख्यक वोटरों को सुरक्षित रखने के साथ-साथ अपने राजनीतिक प्रभाव को बचाने के लिए इस प्रक्रिया का विरोध कर रही हैं। बीएलओ, जो घर-घर जाकर वोटर लिस्ट की जांच कर रहे हैं, उन्हें दंडित करने, धमकाने एवं उनकी सहायता रोकने की क्रियाएं इस विरोध का हिस्सा हैं। पश्चिम बंगाल में यह स्थिति इसलिए विशेष रूप से गंभीर है, क्योंकि यहां के वोट बैंक में अल्पसंख्यकों का बड़ा हिस्सा है और ममता सरकार उसे खोना नहीं चाहती। कुल मिलाकर, ममता बनर्जी का एसआईआर विरोध घुसपैठियों के वोट को लेकर उनकी चिंता के साथ-साथ चुनावी रणनीति का हिस्सा है, जबकि बीएलओ को इस प्रक्रिया में कानूनी, प्रशासनिक और राजनीतिक दबाव की वजह से काम करना कठिन हो रहा है, और ममता सरकार इन दबावों और बाधाओं को बढ़ा रही है ताकि एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह से प्रभावी न हो सके।

## ईश्वर की मेहरबानी।

ईश्वर सब पर एक साथ
मेहरबान है,
अँधेरे के बाद ही उजाला
पहचान है।

दूसरों की खुशियों से क्यों
उलझा मन,
दुनिया की चमक में खो
देता अपनी जान है।

जिसने श्रम का ईमान नहीं
सींचा कभी,
वह कैसे समझे कि
मेहनत ही वरदान है।

धन की चाह तो सभी को
होती है
पर पहले इंसान का होना
ही प्रधान है।

जग की रीत है जो खोकर
भी मुस्कुराए,
उसी के भीतर सच्चा दीन
और इमान है।

किसी की शान देखकर
ईर्ष्या न पालो,
किस्मत भी सबके संग
दयावान है।

जो सितारा रात में
चमकता दिखता है,
उसने दिनभर मेहनत में
लगादी जान है।

आकाश में गर्म हवाएँ
चलती रहेंगी,
समझो धरती पर अमन
का ही निवास स्थान है।

चार दिन की चाँदनी फिर
वही अँधेरा,
पसीना बहाओ धरती पर
ही धर्म और इनाम है

हर अंधेरे के बाद ही
उजियारा जन्म लेता है,
सच यही ईश्वर सब पर
बराबर मेहरबान है।

# आक्रामक साजिशों के बीच संविधान की असल ताकत

**संजय सक्सेना,लखनऊ**
**वरिष्ठ पत्रकार**



26 नवम्बर आज केवल एक तारीख नहीं, आज की तारीख देश की आत्मा, उसके बुनियादी ढांचे और जनता की सर्वोच्चता की याद दिलाने वाला दिन है। संसद के गौरवशाली भवन में जब राष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री और विभिन्न दलों के नेता संविधान दिवस पर अपने विचार रखते हैं तो सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों जानते हैं कि असली नैतिक शक्ति उस मोटी किताब में दर्ज जनता के अधिकारों से आती है। इसी वजह से आज की राजनीति में संविधान दिवस केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि विचारधाराओं की टकराहट, जनता के समर्थन की होड़ और भविष्य के भारत की दिशा तय करने का अहम मौका बन चुका है। सवाल यह उठता है कि जब संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ तो फिर संविधान दिवस 26 नवम्बर को क्यों मनाया जाता है। इसका उत्तर इतिहास के उस निर्णायक क्षण में छुपा है जब 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने बहस, मतभेद और भारी मंथन के बाद भारत के संविधान को औपचारिक रूप से अपनाया था। कुल 2 वर्ष 11 माह 18 दिन की लगातार मेहनत के बाद तैयार हुए इस संविधान को उसी दिन स्वीकार किया गया और यह दिन हमारे लोकतांत्रिक सफर की असली दस्तावेजी जन्मतिथि बन गया। बाद में 26 जनवरी को लागू करने के पीछे भी एक राजनीतिक और सांकेतिक निर्णय था, ताकि 1930 के पूर्ण स्वराज दिवस की याद के साथ गणराज्य की नई शुरूआत जोड़ी जा सके, इसलिए लागू होने की तारीख 26 जनवरी रखी गयी, जबकि अपनाने की ऐतिहासिक तारीख 26 नवम्बर ही रही।

आज जो संविधान दिवस राजनीतिक बहस का केन्द्र है, वह दरअसल 2015 में एक नए रूप में सामने आया जब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर केन्द्र सरकार ने 26 नवम्बर को औपचारिक रूप से संविधान दिवस घोषित किया। इस निर्णय के पीछे तर्क यह था कि केवल गणतंत्र दिवस जैसे औपचारिक उत्सव से आगे बढ़कर साल में एक दिन ऐसा भी हो जो खास तौर पर नागरिकों को संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाए। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के बाद से हर वर्ष इस दिन विद्यालयों, महाविद्यालयों, न्यायालयों और सरकारी दफ्तरों में प्रस्तावना का सामूहिक पठन, गोष्ठियाँ, शपथ कार्यक्रम और बहसों का आयोजन होने लगा, जिसने इसे एक जीवंत राजनीतिक और सामाजिक उत्सव में बदल दिया। इस दिन संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सत्ता और जनमत के बीच संवैधानिक अनुबंध की सार्वजनिक पुनर्पुष्टि होती है। राष्ट्रपति जब प्रस्तावना और मूल अधिकारों पर जोर देती हैं, लोकसभा अध्यक्ष संसद की गरिमा और मयार्दा की बात करते हैं, प्रधानमंत्री संविधान के प्रति निष्ठा दोहराते हैं, तो विपक्ष भी इस मंच को सरकार से सवाल करने और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए इस्तेमाल करता है। यही वजह है कि आज संविधान दिवस पर राजनीति गर्म होना स्वाभाविक है, क्योंकि यही मंच सत्ता के चरित्र, नीतियों और मंशा की असली परीक्षा का दिन भी बन जाता है।

अब सवाल यह भी है कि 26 जनवरी 1950 को लागू हुए संविधान में इतने सालों में कितने बड़े बदलाव आ चुके हैं और उनका स्वरूप क्या रहा है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है और इसकी मजबूती का सबसे बड़ा प्रमाण यही है कि इसे समय के साथ बदलने और समाज की नई जरूरतों के अनुरूप ढलने की क्षमता दी गयी है। आज तक इसमें सौ से अधिक संशोधन हो चुके हैं, जिनमें से कई ने देश की राजनीतिक व्यवस्था, अधिकारों और शासन संरचना को गहरे तौर पर प्रभावित किया है; इन्हीं बड़े संशोधनों ने संविधान को केवल स्थिर दस्तावेज नहीं रहने दिया बल्कि एक जीवंत, बढ़ती हुई व्यवस्था में बदला है। इन बड़े परिवर्तनों में सबसे प्रमुख स्थान 42वें संशोधन को दिया जाता है, जिसे अक्सर ह्यलघु संविधानह्ण कहा जाता है क्योंकि इसने प्रस्तावना से लेकर मूल कर्तव्यों और केन्द्र-राज्य संबंधों तक कई बुनियादी हिस्सों को बदल दिया। इसी संशोधन के माध्यम से प्रस्तावना में समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष और अखंडता जैसे शब्द जोड़े गये और नागरिकों के मूल कर्तव्यों की सूची पहली बार संविधान में दर्ज की गयी, जिससे अधिकारों के साथ कर्तव्यों की वैधानिक जिम्मेदारी भी रेखांकित हुई। यह संशोधन आपातकालीन दौर की राजनीति की देन था और आज भी इस पर बहस होती है कि इसने संविधान की मूल भावना को कितना मजबूत किया और कहाँ-कहाँ सत्ता के केंद्रीकरण का रास्ता खोला।
44वें संशोधन ने उसी आपातकालीन दौर की कई अतियों पर प्रहार करते हुए मूल अधिकारों की रक्षा को फिर से मजबूत किया और आपातकाल की घोषणा जैसे प्रावधानों को अधिक कठोर और जवाबदेह बनाया। इस संशोधन के जरिये यह प्रयास किया गया कि भविष्य में सत्ता किसी एक व्यक्ति या दल के हाथ में अत्यधिक केंद्रित होकर नागरिक स्वतंत्रताओं को कुचल न सके; यानी संविधान ने खुद अपने भीतर सुधार की प्रक्रिया अपनाकर लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए नई दीवारें खड़ी कीं। इसी क्रम में बाद के संशोधनों ने चुनावी व्यवस्था, पंचायती राज, नगर निकायों और आरक्षण नीति तक को नए रूप में गढ़ा। 73वें और 74वें संशोधनों ने गाँव से लेकर शहर तक स्थानीय स्वशासन की नई नींव रखी, जिससे पंचायतों और नगर निकायों को संवैधानिक दर्जा मिला और आम नागरिक के दरवाजे पर लोकतंत्र की आवाजाही बढ़ी। इन संशोधनों ने महिला सहभागिता बढ़ाने के लिए आरक्षण की व्यवस्था को मजबूती दी, जो बाद में राज्यों द्वारा अलग-अलग स्तर पर और विस्तारित की गयी; इस तरह संविधान ने लोकतंत्र को केवल राजधानी और विधानसभा भवनों तक सीमित नहीं रहने दिया बल्कि उसे मोहल्ले और गाँव की चौपाल तक पहुँचाया। इसी दौरान शिक्षा, नगर नियोजन और स्थानीय संसाधनों के नियंत्रण पर भी जनता और स्थानीय निकायों की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में संवैधानिक सुरक्षा मिली।

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण से जुड़े संशोधन भी संविधान में बड़े बदलाव के रूप में दर्ज हैं, क्योंकि इन्हीं के माध्यम से सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस कदम उठाये गये। उच्चतम न्यायालय के फैसलों और राजनीतिक सहमति के बीच टकराव और समन्वय की कठिन प्रक्रिया से गुजरते हुए शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था को संतुलित किया गया, ताकि समता के आदर्श और प्रशासनिक दक्षता दोनों के बीच एक व्यावहारिक रास्ता निकल सके। हाल के वर्षों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आरक्षण देने वाला संशोधन भी इसी बहस का हिस्सा है, जो दिखाता है कि संविधान की व्याख्या केवल जाति आधारित पिछड़ेपन तक सीमित नहीं रखी जा रही।

इन सभी बड़े संशोधनों के बावजूद संविधान की प्रस्तावना में दर्ज न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल आदर्श आज भी वही हैं, जिन पर पूरी राजनीतिक बहस घूमती है। आज सत्ता पक्ष इन्हीं आदर्शों के नाम पर अपनी नीतियों को जनता के सामने न्यायोचित ठहराता है, तो विपक्ष भी इन्हीं आदर्शों का हवाला देकर सरकार पर हमला बोलता है कि कहीं न कहीं संवैधानिक संस्थाएँ कमजोर की जा रही हैं या अधिकारों को सीमित किया जा रहा है। इसी टकराव में नागरिकों की भूमिका निर्णायक बनती है, क्योंकि लोकतंत्र में आखिरी फैसला मतदाता के हाथ में होता है, जो संविधान को अपने वोट से जिंदा रखता है।

संविधान दिवस की राजनीति इसलिए भी अधिक तीखी हो गयी है क्योंकि यह दिन केवल उत्सव नहीं, आत्ममंथन का भी दिन बनता जा रहा है। आज जब संसद में बहस होती है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता, मीडिया की आजादी, चुनावी व्यवस्था की पारदर्शिता और संघीय ढांचे की मजबूती कितनी सुरक्षित है, तो उसका सीधा संबंध संविधान की आत्मा से जुड़ जाता है; कोई भी दल खुलकर यह स्वीकार नहीं कर सकता कि वह संविधान से ऊपर है, इसलिए सब उसकी व्याख्या अपने हिसाब से करने की कोशिश करते हैं। यही संविधान की असली ताकत है कि हर दल, हर नेता, हर आंदोलन को अंततः उसी किताब का सहारा लेना पड़ता है, जिसमें पहली पंक्ति जनता को सर्वोच्च बताती है।
आज भी जब संसद के बाहर नारों, टीवी बहसों और सामाजिक माध्यमों पर आरोप-प्रत्यारोप का शोर गूंजता है, तब भी संविधान की प्रस्तावना शांत, स्पष्ट और अडिग खड़ी रहती है। यह दिन याद दिलाता है कि सरकारें आयेंगी, जायेंगी, बहुमत बदलेंगे, नारे बासी हो जायेंगे, लेकिन अगर नागरिक सचेत रहें, अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझें, तो संविधान किसी भी तानाशाही इरादे को मात दे सकता है। इसी चेतना को जिंदा रखना ही संविधान दिवस का असली उद्देश्य है, और यही वजह है कि इस दिन की राजनीति जितनी गरम होगी, जनता के लिए संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी उतनी ही बड़ी होती जाएगी।

# श्रमिकों के जीवन में आएगा नया सूर्योदय

## आत्मनिर्भर भारत व नारी सशक्तीकरण की दिशा में एक और चरण - चार श्रम संहिताएं

**मृत्युंजय दीक्षित**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार श्रम सुधारों की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। नयी श्रम संहिताएँ इन्हीं सुधारों का अगला चरण हैं जिनका श्रमिक संगठनों की ओर से व्यापक स्वागत किया जा रहा है। यह चार नए श्रम सुधार व्यापक और सर्वहितकारी हैं। श्रमेव जयते की भावना से कार्य करने वाली नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद से श्रमिक वर्ग का सम्मान और उनके लिए सुविधाएं दोनों ही लगातार बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री स्वयं हर महत्वपूर्ण समारोह में श्रमिकों का सम्मान करते हैं फिर चाहे वो अयोध्या में दिव्य - भव्य राम मंदिर का उद्घाटन हो या नए संसद भवन या फिर दिल्ली स्थित भारत मंडपम का उद्घाटन।

मोदी सरकार द्वारा लागू चार नई श्रम संहिताओं के माध्यम से श्रमिक वर्ग के लिए सामाजिक सुरक्षा , समय पर वेतन और सुरक्षित कार्यस्थल की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। यह नई संहिताएं श्रमिक वर्ग के लिए बेहतर और लाभकारी अवसरो के लिए एक सशक्त नींव बनाएंगी। श्रमिकों के लिए पहली बार वेतन संहिता 2019,औद्योगिक संबंध संहिता 2020 व व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य स्थितियां संहिता 2020 लागू करने की महती घोषणा की गई है।

महिला कर्मचारियो के लिए पहली बार व्यापक संहिता - चार नई श्रम संहिताओं में पहली बार महिलाओ के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है।भारत के श्रम इतिहास में पहली बार महिला कर्मचारियों के लिए सुरक्षा के साथ सभी क्षेत्रों में रात्रि पाली में काम की छूट तथा परिवार की परिभाषा में उन्हें अपने सास -ससुर को भी जोड़ने का अवसर दिया गया है। नई श्रम संहिता के अनुसार महिलाएं खनन सहित सभी उद्योगो में काम कर सकेंगी। इस कदम से महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे यद्यपि ऐसे कार्यों में उनकी नियुक्ति उनकी इच्छा से ही कि जाएगी। नए कानून में महिला श्रमिको को बराबरी का दर्जा दिया जा रहा है। सहमति से और अनिवार्यतः सुरक्षा के साथ वह रात की पाली में भी काम कर सकेगी।पहली बार समान काम समान वेतन सहित 26 सप्ताह का वेतन सहित मातृत्व लाभ तथा शिशु पालन संहिता के अंतर्गत घर से काम करने की सुविधा भी दी जा रही है

गिग वर्कर्स के लिए पहल - नई श्रम संहिता में गिग और प्लेटफार्म यानी रैपिडो, जोमैटो, स्विगी, ओला, उबर से जुड़े कामगारो को भी पारिभाषित किया गया है। चार श्रम संहिताओ में वर्तमान 29 कानून को भी समाहित कर लिया गया है।

नए श्रम कानूनों में पहली बार युवा श्रमिकों को अवकाश के दिनों का भी वेतन मिलेगा तथा सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जा रही है। नियुक्त पत्र अनिवार्य करने से सामाजिक सुरक्षा रोजगार विवरण को बढ़ावा मिलेगा। नए श्रम कानूनों से अब नियोक्ता मजदूरों का शोषण नहीं कर सकेंगे। नए श्रम कानूनों में निश्चित अवधि वाले कर्मचारियों को स्थायी जैसे लाभ जिसमें सामाजिक सुरक्षा कवर, चिकित्सा सवेतन अवकाश सहित समस्त लाभ मिलेंगे। इलेक्ट्रानिक मीडिया, डिजिटल कामगारों को भी इन कानूनों का लाभ मिलेगा। नई श्रम संहिताएं 45 दिनों के अंदर ही लागू हो जाएंगी।

नयी श्रम संहिता, श्रम कानूनों के इतिहास का सबसे बड़ा सुधार होने के साथ साथ बदलती श्रम आवश्यकता को भी संबोधित करती है। श्रमिकों को न्यूनतम वेतन, समाजिक सुरक्षा, महिला श्रमिकों के लिए समान अवसर और गिग व संगठित कामगारों के लिए कानूनी पहचान सुनिश्चित करने वाली ये चारो संहिताएं उनके जीवन स्तर में सुधार लाएंगी। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है । विशेषज्ञों का मत है कि यह कानून 2047 तक विकसित भारत के नए लक्ष्य को गति प्रदान करेंगे।

श्रम सुधारों का उद्योग जगत ने व्यापक स्वागत किया है। इन सुधारों से श्रमिकों की दशा बदलेगी और उनके जीवन में भी व्यापक बदलाव आएगा। महिलाओं को रात की पाली मे काम करने की अनुमति मिलना सरकार का कानून व्यवस्था पर आत्मविश्वास दशार्ता है।नए सुधारों से अब औद्योगिक क्षेत्रों के साथ ही लघु उद्योगों में भी वृद्धि होगी। नए श्रम कानूनों के कारण अब पुराने के साथ ही नए उद्योगों का भी विकास होगा। नई श्रम संहिताएं श्रमिकों के जीवन में नया सूर्योदय लेकर आने वाली हैं।

## शीर्षक-नशे में युवा पीढ़ी

नशे के गर्त में डूब रही है,
आज की युवा पीढ़ी।
कर्णधार कहलाते देश के,
विकास की है जो सीढ़ी।

नशे की कालाबाजारी का,
धूवाँ घर-घर फैला।
तन मैला,मन भी मैला,
हर खून हो रहा मैला।

कहाँ से आता नशे का जत्था,
कौन है घर-घर लाता।
पुलिस प्रशासन, नाकाबंदी,
कोई रोक न पाता।

नशा ना जाने बहु की इज्जत,
न बेटी का मान।
नशे की लत को पूरा करने,
गिरवी रखा मकान।

नशे की दुनियाँ की बात निराली,
सब अपने मन के राजा।
इनके राज्य का नाम बताऊँ,
हैश,चरस और गांजा।

युवाओं में बढ़ती नशे की लत
के,
कौन है जिम्मेदार?
संगी साथी, आधुनिकता,
या खुद का परिवार।

बड़े पूण्य से मिला यह जीवन,
इसे खुशी से जियो।
न गांजा ,ना हैश,ना चरसी,
न शराब कभी भी पियो।

बिंदु अग्रवाल शिक्षिका
मध्य विद्यालय गलगलिया
किशनगंज, बिहार

## लक्ष्मीबाई केलकर

लक्ष्मीबाई केलकर (जन्म- 6 जुलाई, 1905, नागपुर, महाराष्ट्र; मृत्यु- 27 नवम्बर, 1978) भारत की प्रख्यात समाज सुधारक थीं। उन्होंने 'राष्ट्र सेविका समिति' नामक एक संगठन की स्थापना की थी। उनका मूल नाम कमल था, किन्तु लोग उन्हें सम्मान से 'मौसी जी' कहा करते थे।

**परिचय**

लक्ष्मीबाई केलकर का जन्म 6 जुलाई, सन 1905 को नागपुर, महाराष्ट्र में हुआ था। मात्र चौदह वर्ष की अल्प आयु में ही उनका विवाह वर्धा के एक विधुर अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर से करा दिया गया था। लक्ष्मीबाई केलकर छह पुत्रों की माता थीं।

**रूढ़िग्रस्त समाज विरोधी**

लक्ष्मीबाई केलकर ने रूढ़िग्रस्त समाज से जमकर टक्कर ली। उन्होंने अपने घर में हरिजन नौकर रखे। महात्मा गाँधी की प्रेरणा से उन्होंने घर में चरखा मँगाया। एक बार जब महात्मा गाँधी ने एक सभा में दान करने की अपील की, तो लक्ष्मीबाई ने अपनी सोने की जंजीर ही दान कर दी।

**'राष्ट्र सेविका समिति' की स्थापना**

सन 1932 में लक्ष्मीबाई केलकर के पति का देहान्त हो गया। अब अपने बच्चों के साथ बाल विधवा ननद का दायित्व भी उन पर आ गया था। लक्ष्मीबाई ने घर के दो कमरे किराये पर उठा दिये। इससे आर्थिक समस्या कुछ हल हुई। इन्हीं दिनों उनके बेटों ने संघ की शाखा पर जाना शुरू किया। उनके विचार और व्यवहार में आये परिवर्तन से लक्ष्मीबाई केलकर के मन में संघ के प्रति आकर्षण जागा और उन्होंने संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार से भेंट की। उन्होंने 1936 में स्त्रियों के लिए ह्यराष्ट्र सेविका समितिह्ण नामक एक नया संगठन प्रारम्भ किया। आगामी दस साल के निरन्तर प्रवास से समिति के कार्य का अनेक प्रान्तों में विस्तार हुआ।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# नहीं थम पा रहा लोनी में यमुना से अवैध बालू खनन का गोरख धंधा

## (बालू लदे ओवरलोड वाहन भी ट्रैफिक नियमों की उड़ा रहे खिल्ली)....................

समाज जागरण

लोनी, 26 नवंबरः लोनी क्षेत्र में खनन माफिया द्वारा सभी नियमों को ताक पर रखकर बालू खनन कराए जाने का अवैध धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां माफियाओं द्वारा यमुना से मशीनो के माध्यम से खुलेआम बालू खनन करया जा रहा है. नतीजन जहां प्रदेश सरकार को मिलने वाली रॉयल्टी का भारी चूना लगाया जा रहा है वहीं पर्यावरण पर पड़ने वाले इसके प्रतिकूल प्रभाव की बात को भी नकारा नहीं जा सकता। यही नहीं यहां से ऑवरलोड बड़े-बड़े डंफर, ट्रैक्टर ट्रॉली एवं ट्रकों द्वारा दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा आदि शहरों के लिए बालू परिवहन किया जाता है। मुख्यतः दिन ढलते ही रेत लदे ऐसे वाहनों के कारण जहां अन्य वाहन चालकों व पैदल यात्रियों को विभिन्न प्रकार की



दिक्कते झेलनी पड़ रही है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र की सड़कें भी जर-जर होकर धारासाई होती जा रही है। खंड विकास लोनी के अंतर्गत आने वाले यमुना खादर के पचयरा आदि गांव के आस-पास होने वाला बालू खनन का यह अवैध कारोबार दिन ढलते ही अपने पूरे शबाब पर होता है। अवैध खनन का आलम यह है कि यमुना नदी में कई स्थानों पर मशीनों द्वारा भारी पैमाने पर यमुना नदी की कोख चीरकर अवैध खनन किया जाता है।

बालू खनन के उक्त अवैध गोरखधंधे के चलते क्षेत्रीय ग्रामीण हो या शहरी नागरिक. सभी के बीच भारी रोष है जिनके द्वारा समय-समय पर अवैध खनन की शिकायतें पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से की जाती रही हैं। क्षेत्र में मीडिया जगत के ठेकेदार बने कुछ यथा कथित लालची पत्रकारों की बात छोड़ दे तो विभिन्न अखबारों के माध्यम से उक्त अवैध खनन संबंधी खबर को पूर्व में भी कई बार प्रकाशित किया जा चुका है। मगर इसके बावजूद न जाने क्यों जिम्मेदार लोग सब कुछ जानते हुए भी जानबूझकर इस ओर से अंजान बने बैठे हैं जो वास्तव में एक गंभीर जांच का विषय है।

### ट्रैफिक नियमों की धज्जी बालू लदे वहान

यही नही भारी स्तर पर हो रहे इस खनन स्थल से सैकड़ों की तादाद में प्रतिदिन बालू लदे वाहन निकलते हैं। जिनमें एक निर्धारित वजन से



कहीं अधिक बालू लदा होता है। इन वाहनों में डंपर, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली व अन्य वाहन शामिल होते है। जिनके ओवरलोड होने का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्हें मुख्य मार्ग तक पहुंचाने के लिए अन्य किसी दूसरे वाहन की मदद लेनी होती है।अफसोस तो इस बात का है कि सभी ट्रैफिक नियमों को खूंटी पर टांगकर बालू से लदे ऐसे वाहनों को रोकने-टोकने वाला भी यहां कोई नहीं होता है. जिनके चलते सड़के भी लगातार दम तोड़ती जा रही है।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में अवकाश हेतु पूर्व अनुमति अनिवार्य

गौतमबुद्धनगर, 26 नवंबर 2025 झ उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार ने बताया कि मा० भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य जारी है। 04.11.2025 से 04.12.2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संकलन करेंगे और उन्हें डिजिटाइज करेंगे। इसके बाद 09.12.2025 से 08.01.2026 तक दावे और आपत्तियाँ प्राप्त होंगी। अंतिम प्रकाशन 07.02.2026 को किया जाएगा। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि इस कार्य में नियुक्त कोई भी अधिकारी या कर्मचारी पूर्व अनुमति के बिना अवकाश नहीं लेगा, और सार्वजनिक अवकाश पर भी मुख्यालय छोड़ना प्रतिबंधित रहेगा। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पाँच बीएलओ सम्मानित

## उत्कृष्ट बीएलओ जनपद के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बने प्रेरणा स्त्रोत, भविष्य में मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 26 नवंबर 2025 - जिला निर्वाचन टीम के नेतृत्व में जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (04 नवंबर से 04 दिसंबर 2025) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 05 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### सम्मानित बीएलओ इस प्रकार हैं:

*-विधानसभा 62-दादरीः अनिल कुमार और रामकिशोर*
*-विधानसभा 61-नोएडाः जीनू भार्गव और सुफिया परवीन*
*-विधानसभा 63-जेवरः तस्लीम खान*



इन बीएलओ ने 100% डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण किया और मैपिंग में 75% से अधिक योगदान दिया।

बैठक में बीएलओ ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सभी स्तरों पर सहयोग ने कार्यों की सफलता सुनिश्चित की। अनिल कुमार और रामकिशोर ने कहा कि ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर और ग्रामीणों की सहभागिता ने घर-घर संपर्क और मतदाताओं तक प्रभावी पहुंच में मदद की। जीनू भार्गव और सुफिया परवीन ने आरडब्ल्यूए, एओए और हाईराइज भवनों के अधिकारियों के सहयोग का उल्लेख किया। तस्लीम खान ने सुपरवाइजर, वॉलंटियर्स और ग्रामीणों की मदद से समयबद्ध कार्य संपन्न करने की बात कही।

बीएलओ ने यह भी बताया कि योजनाबद्ध कार्यप्रणाली, टीमवर्क और समन्वय के कारण गणना प्रपत्र संकलन, मैपिंग, डिजिटलाईजेशन, नामांकन और प्रमाणीकरण सभी कार्य निर्धारित समय से पहले पूर्ण किए जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने इन उत्कृष्ट बीएलओ को जनपद का प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि उनका समर्पण, निष्ठा और अनुशासन अन्य सभी बीएलओ के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि ये बीएलओ आगामी निर्वाचन कार्यों में मास्टर ट्रेनर के रूप में भी कार्य करेंगे।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे।

सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# संविधान दिवस पर जन शिक्षण संस्थान ने विभिन्न स्थानों पर किया विशेष कार्यक्रमो का आयोजन

समाज जागरण

लोनी, 26 नवंबरः बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद की ओर से जनपद के विभिन्न उपकेंद्रों एवं मुख्यालय में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह के निर्देशन में निबंध, स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण, भाषण प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी जैसे विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए।




इस कड़ी में नसबंदी कॉलोनी और इंदिरापुरम सेक्टर-2 में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा उपस्थित लाभार्थियों को जागरूकता की शपथ दिलाई गई। वहीं ग्राम सिकरानी, लक्ष्मी गार्डन लोनी में संविधान जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण हुआ। मयूर विहार डासना, राम विहार बंथला, बलराम नगर तथा मोदी नगर के ग्राम रोरी में भी पोस्टर प्रतियोगिताएँ एवं संविधान शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को भारतीय संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों की जानकारी से अवगत कराना था।

इस मौके पर संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी गुरुदीन ने प्रतिभागियों को संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी देने के साथ-साथ प्रतियोगिताओं का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान संविधान संबंधी प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नसबंदी कॉलोनी की पोस्टर प्रतियोगिता में निशा प्रथम, अर्सी द्वितीय तथा रीना तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम में नगर पालिका लोनी के ब्रांड एंबेसडर नीलेश श्रीधर प्रदीप वशिष्ठ, नेहरू महिला विकास प्रशिक्षण संस्थान लोनी, नेहरू महिला मंडल तथा इंदिरा एरिया लेवल का विशेष सहयोग रहा।

आयोजन में सरोज सैनी, अर्चना एल्मा, शारदा देवी, सुषमा त्यागी, दानिस्ता, सरिता, शशि पंवार, कविता, मधुबाला, सविता, पुष्पा बिष्ट, सरिता मोरल, अनीता रूहेला, पूनम देवी, कविता, अदीबा, अंजू और कोमल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसमें कुल 386 प्रतिभागियों ने भागीदारी करते हुए संविधान के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

# भाकियू (अनाज) ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने की करी घोषणा

## (लोनी में अवैध बालू खनन एवं प्रदूषित इकाइयों के विरोध संबंधी जानकारी से कराएंगे अवगत)

लोनी, 26 नवंबरः अनेक शिकायतों के बावजूद जिम्मेदारों की संदिग्ध कार्यप्रणाली के चलते पिछले लंबे समय से क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन और प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन (अनाज) ने अब मोर्चा राज्य स्तर पर खोल दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक दिनांक 27 नवंबर 2025, गुरुवार को भाकियू (अनाज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सचिन शर्मा एक किसान प्रतिनिधिमंडल के साथ गाजियाबाद पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विस्तृत ज्ञापन सौंपेंगे। इस ज्ञापन में पचहारा और नौरसपुर क्षेत्र में यमुना नदी से हो रहे अवैध खनन, किसानों के उत्पीड़न और औद्योगिक इकाइयों द्वारा फैलाए जा रहे वायु एवं जल प्रदूषण के प्रमाण प्रस्तुत किए जाएंगे। संगठन का कहना है कि क्षेत्र के किसानों ने पुलिस चौकी, तहसील स्तर से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। किसानों का आरोप है कि अधिकारी शिकायतों को अनदेखा कर रहे हैं और अवैध खनन तथा प्रदूषण फैलाने वाले कारोबारियों को खुला संरक्षण मिल रहा है।

इतना ही नहीं, बेब सिटी में अपनी लंबित मांगों को लेकर लंबे समय से बैठे किसानों की समस्याएँ भी इस ज्ञापन में शामिल की जाएंगी।

### किसान संगठन ने किया भारी रोष प्रकट

भाकियू (अनाज) का कहना है कि जिलाधिकारी को पहले भी एक आधिकारिक ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें अवैध खनन तथा प्रदूषण फैलाने वाले कारखानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई थी। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण न तो अवैध रेत खनन रुका और न ही प्रदूषणकारी इकाइयों पर कोई प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई गई

इसी लापरवाही से आहत संगठन के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि अब मामले को सीधे मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा और उन अधिकारियों के नाम भी उजागर किए जाएंगे जो इस अवैध गतिविधि को रोकने की बजाय संरक्षण दे रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बिनु आधान, युवा जिलाध्यक्ष कुलदीप नागर, बुलंदशहर जिला अध्यक्षः मनोज गुर्जर, प्रदेश सचिव प्रधान धर्म सिंह अधाना, भारत अधाना कर्मवीर बैसला, धर्मवीर फौजी, संस्कार चौधरी, भारत आधाना, योगेश चौधरी, महिपाल यादव और एहसान मलिक व राहुल शामिल रहेंगे। सभी ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि सरकार ने किसानों की मांगे जल्द नहीं मानीं तो यह आंदोलन प्रदेश स्तर पर बड़े आंदोलन के रूप में खड़ा करने को मजबूर होंगे।

# जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्था और मशीनों की संरक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 26 नवंबर 2025 झ जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने आज कलेक्ट्रेट सुरजपुर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस के ताले पर लगी सील की जांच की, जो पूर्णतया सुरक्षित पाई गई। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों की



कार्यप्रणाली और खिड़कियों व रोशनदान की सुरक्षा का विस्तृत अवलोकन किया गया, सभी कैमरे और सुरक्षा प्रबंध सुचारु एवं व्यवस्थित पाए गए।

निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों और कर्मचारियों को ईवीएम/वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा और सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस की सभी व्यवस्थाएं सुरक्षित और व्यवस्थित पाई गईं। समाज जागरणसौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

## जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने और युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिए उठाए जाएंगे ठोस कदम

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 26 नवंबर 2025 - जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने एवं युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से आज अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में समस्त विभागीय अधिकारियों ने पिछली बैठक के आधार पर की गई अद्यतन कार्रवाई से समिति को अवगत कराया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समिति के सभी सदस्य आपसी समन्वय और सामंजस्य बनाए रखते हुए जनपद को पूर्णतः नशामुक्त करने हेतु निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, जिससे "ड्रग मुक्त भारत" का सपना साकार किया जा सके। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी स्कूल, कॉलेज या शिक्षण संस्थान के पास नशीले पदार्थों की दुकानें नहीं होनी चाहिए, और यदि पाई जाएं तो उन्हें तुरंत हटवाया जाए। अपर जिलाधिकारी ने अवैध नशे के कारोबार एवं खपत पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस, आबकारी और प्रशासन की संयुक्त टीम गठित करने एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ श्वेता खुराना और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी अधिकारियों ने नशे के विरुद्ध शपथ ली और अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर



# दबंग भू माफिया एवं उनके आपराधिक प्रवृत्ति के पुत्रों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो- दिया प्राथना पत्र।

कानपुर विशेष संवाददाता। आपको बता दे कि थाना जूही अंतर्गत परमपुरवा के व्यापारी मोहम्मद रफीक ने स्थानीय दबंग भू माफिया एवं उसके आपराधिक प्रवृत्ति के पुत्रों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो इसके लिए मंडलायुक्त कानपुर नगर को एक प्रार्थना पत्र दिया है,साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डीजीपी उत्तर प्रदेश एडीजी जोन कानपुर आई जी कानपुर पुलिस आयुक्त, तथा भू माफिया सेल में भी प्रार्थना पत्र दिया गया है, इसके संबंध में मोहम्मद रफीक ने बताया कि मोहल्ला परमपुरवा का मेराज अहमद कुरैशी उर्फ चिज्जू जो अपने लड़कों आसिफ कुरैशी आरिफ कुरैशी और आकिब कुरैशी के साथ मिलकर दबंगई और गुंडई के बल पर औने पौने दाम में जमीनें लेकर ऊंचे दामों में बेचता है, उन्होंने बताया कि चिज्जू ने ग्राम समाज एवं वक्फ



की जमीन भी बेंच डाली है,चमनगंज के आपराधिक प्रवृत्ति के गोकश रिश्तेदारों की मदद से चिज्जू वक्फ की जमीन बेचता है, उन्होंने बताया कि चिज्जू उनका मकान और प्लाट हड़पना चाहता है इसलिए उनके खिलाफ झूठी शिकायतें की जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चिज्जू और उसके लड़के कभी भी उनकी हत्या करवा सकते हैं।

# वार्षिकोत्सव 'पीसटोपिया' का हुआ भव्य आयोजन

समाज जागरण

नोएडा। असीसी कॉन्वेंट स्कूल के प्रांगण में 26 नवंबर 2025 को प्राइमरी के छात्रों द्वारा वार्षिकोत्सव 'पीसटोपिया' बहुत हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल बैंड की मधुरम ध्वनि के साथ मुख्य अतिथि कुलदीप पांडे (लेफ्टिनेंट कमांडर भारतीय नौसेना) और फादर जॉन रोशन परेरा का स्वागत पूरे जोश और उत्साह के साथ स्कूल प्रधानाचार्या सिस्टर ज्योति जोसफ एवं स्कूल प्रबंधक सिस्टर शीबा, उप प्रधानाचार्या सिस्टर सजीवा, प्राइमरी इंचार्ज सिस्टर मरिया फ्रांसिस, प्री प्राइमरी इंचार्ज सिस्टर क्लेरलिट, अध्यापक गण एवं विद्यार्थियों के द्वारा किया गया, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता असीसी शैक्षिक संस्था




अध्यक्ष सिस्टर एंजेल ग्रेस ने की। प्राइमरी इंचार्ज सिस्टर मरिया फ्रांसिस ने बताया कि वार्षिकोत्सव का शीर्षक शांति, सद्भाव और समानता पर आधारित था, जिसको छात्रों ने मनमोहक कार्यक्रमों के द्वारा प्रस्तुत किया जिसमें आपसी सद्भाव के साथ मिलकर रहना और सभी व्यक्तियों को समान अवसर और अधिकार देने जैसे अनमोल संदेश दिए गए, जिसमें उपस्थित सभी दर्शक कहीं गुम से हो गए। मुख्य अतिथि एवं पूर्व छात्र असीसी कॉन्वेंट स्कूल कुलदीप पांडे ने अपने ओज पूर्ण भाषण से प्रांगण में बैठे सभी छात्र और उनके परिजनों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों भी साझा की गई।

# आईएमएस-डीआईए में डिजाइन कॉन्क्लेव का आयोजन

समाज जागरण

नोएडा। आईएमएस-डिजाइन एंड इनोवेशन एकेडमी (डीआईए) में दो दिवसीय डिजाइन कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। शुक्रवार एवं शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में देश की नई पीढ़ी को रचनात्मकता, डिजाइन थिंकिंग और नवाचार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम का पहला दिन विशेष रूप से आर्ट टीचर एवं छात्रों के लिए समर्पित होगा, वही दूसरे दिन देश के 40 प्रमुख विद्यालयों के प्रिंसिपल हिस्सा लेगें।




कॉन्क्लेव के पहले दिन आर्ट टीचर और स्कूली विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से रचनात्मकता पर केंद्रित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आर्ट टीचर्स के लिए स्क्रिबल आर्ट वर्कशॉप आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रशिक्षकों को रेखाओं, आकारों एवं आकृतियों के माध्यम से कला अभिव्यक्ति के नए आयामों से परिचित कराया जाएगा। इसी क्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट प्रशिक्षण सत्र रखा गया है। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण जागरूकता, रचनात्मक. पुनः उपयोग, समस्या समाधान की क्षमता और डिजाइन थिंकिंग जैसी महत्वपूर्ण कौशलों को विकसित करना है। प्रशिक्षक छात्रों को बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं से उपयोगी और आकर्षक उत्पाद बनाने के तरीके सिखाएंगे, जिससे उनकी कल्पना शक्ति, नवाचार क्षमता एवं सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम के दूसरे दिन देश के प्रतिष्ठित स्कूलों के प्रिंसिपल की सहभागिता के साथ एक महत्वपूर्ण अकादमिक सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें डिजाइन शिक्षा के बदलते स्वरूप और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया जाएगा। इस दौरान यह चर्चा होगी कि कैसे वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर डिजाइन-आधारित करियरों की मांग बढ़ रही है और किस प्रकार रचनात्मक उद्योग नए कौशल, नई दृष्टि और नई कार्य-क्षमताओं की अपेक्षा कर रहे हैं। सत्र के दौरान उभरते रचनात्मक करियर पर भी विस्तार से बात होगी। इसके साथ ही, उद्योगों की बदलती कौशल अपेक्षाओं पर भी गहन चर्चा की जाएगी, ताकि स्कूल शिक्षा के स्तर पर ही छात्रों को सही दिशा एवं अनुभव मिल सके।

# डीसीपी पश्चिम ने किया थाना पनकी का वार्षिक निरीक्षण

### व्यवस्था, अनुशासन और त्वरित पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु दिए निर्देश

समाज जागरण

कानपुर/विशेष संवाददाता, 26 नवंबर 2025 - पुलिस उपायुक्त पश्चिम श्री दिनेश त्रिपाठी ने आज थाना पनकी का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था को मजबूत रखते हुए त्वरित कार्रवाई, संवेदनशील बिंदुओं पर सतर्क निगरानी तथा सक्रिय पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल, मिशन शक्ति डेस्क सहित थाने की सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी महत्वपूर्ण रजिस्टरों, रिकॉर्ड और सुरक्षा प्रबंधों की भी गहन जांच की गई।

निरीक्षण के उपरांत डीसीपी पश्चिम ने थानाध्यक्ष और स्टाफ को निम्न प्रमुख निर्देश दिए:

थाने में आने वाले फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार अपनाया जाए।

सभी अभिलेखों एवं रजिस्टरों का सुव्यवस्थित संधारण सुनिश्चित किया जाए।

लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

महिला हेल्प डेस्क को अधिक संवेदनशील और



प्रभावी रूप से संचालित किया जाए।

थाना परिसर में अनुशासन एवं स्वच्छता बनाए रखी जाए।

वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी तथा एनबीडब्ल्यू की तामीली में तेजी लाई जाए। शस्त्रागार एवं हवालात का समय-समय पर निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की नियमित चेकिंग, तथा क्षेत्र में शांति बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाए जाएं।

निरीक्षण के अंत में पुलिस उपायुक्त ने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के माध्यम से नागरिकों का भरोसा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन कर सोपा ज्ञापन




**समाज जागरण**

संभल। बहजोई जिला मुख्यालय पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के माध्यम से सोपे ज्ञापन संगठन की मांग थी दिल्ली चलो किसान आंदोलन के 5 वर्ष केंद्र सरकार द्वारा किसानों की एसपी और बिजली संशोधन बिल के संबंध में किए गए वादों को पूरा नाम करने के विरोध में संविधान दिवस के अवसर पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने का संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर यह धरना प्रदर्शन दिल्ली किसान आंदोलन की समाप्ति के समय किसानों से किए गए वादों के अनुसार किसान की फसल सी टू + 50 प्रतिशत के आधार पर एमएससी घोषित कर सभी फसलों की खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए बिजली बिल 2020 रद्द किया जाए स्मार्ट मीटर योजना को बंद किया जाए सभी किसानों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 10000 प्रति माह पेंशन दी जाए वह मौसम बारिश से बर्बाद हुई आलू एवं धान की फसलों का सर्वे कराकर शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए डीएपी एनपीके यूरिया खाद की कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा उसे किसने को उनकी आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध कराया जाए किसानों को घरेलू उपयोग के लिए प्रतिमा 300 यूनिट बिजली निशुक्ति जाए दुर्घटनाओं का कारण बन रही लाखोरी फीडर की पुरानी एवं झज्जर विद्युत लाइन सेकंड दो के तारों को तत्काल बदल जाए

मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी सौरभ पांडे ने धरना स्थल बड़ा मैदान बहजोई धरनास्थल पर जाकर ज्ञापन लेकर किसानों की समस्त समस्याओं को केंद्र व प्रदेश सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया और क्षेत्रीय समस्याओं को निस्तारण करने का भी आश्वासन दिया इस मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष भगवान सिंह, जिला सचिव संजय राघव, कोषाध्यक्ष जैविनदर सिंह, लाइक सिंह कुशवाह, उदयवीर ,उमेश ,सत्येंद्र महेश ,नरेश ,लाल सिंह ,होराम सिंह, पूरन सिंह, खेमकरण, शिवनारायण, राजपाल, तेजपाल सिंह ,प्रमोद कुमार ,शंकर लाल सैनी, हरकेश सैनी, हर प्रसाद यादव ,भूदेव ,नत्थू सिंह ,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता जाहिदा सुल्तान के नेतृत्व में सहावर में आयोजित एसआईआर सहायता शिविर एवं कार्यकर्ता सम्मेलन



**समाज जागरण**

सहावर। समाजवादी पार्टी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रही है और किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरतना चाहती। इसी क्रम में सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता जाहिदा सुल्तान के नेतृत्व में इमामबाड़ा, सहावर में एसआईआर सहायता शिविर एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। शिविर में बीएलओ, पीडीए प्रहरी और बीएलए की मौजूदगी में बड़ी संख्या में लोगों के एसआईआर फॉर्म भरवाए गए।

इस दौरान सपा सांसद देवेश शाक्य भी शिविर में पहुँचे। उन्होंने लोगों को एसआईआर की प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि बिहार में लाखों लोगों के वोट एसआईआर के दौरान कट गए थे, जिसके चलते वे मतदान के अधिकार से वंचित रह गए। उन्होंने अपील की कि लोग जागरूक रहें और अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ सपा कार्यकताओं, बीएलए या अपने बूथ के बीएलओ के माध्यम से फॉर्म अवश्य भरें, ताकि उनका वोट सुरक्षित रहे।

कार्यक्रम में सपा प्रवक्ता जाहिदा सुल्तान, सपा सांसद देवेश शाक्य, जिला अध्यक्ष विक्रम यादव, पटियाली विधायक नादिरा सुल्तान, पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह सोलंकी, वरिष्ठ नेता सत्यभान शाक्य, मुईर अहमद (छुद्दू भाई), विधानसभा अध्यक्ष दिनेश शाक्य, नगर अध्यक्ष न्याज मोहम्मद, युवा नेता अय्यूब सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और नगरवासी उपस्थित रहे।

शिविर में पहुंचे लोगों ने बताया कि इस तरह के कैंप से जनता को बड़ी राहत मिल रही है और एसआईआर प्रक्रिया को समझने में आसान सहायता मिल रही है।

# श्रम कानूनों के विरोध में दवा प्रतिनिधियों का प्रदर्शन

- काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, श्रम कानूनों की प्रतियां जलाईं
- प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा



**समाज जागरण**

कासगंज। केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार नए श्रम कानूनों के विरोध में उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन के दवा प्रतिनिधियों ने बुधवार को सदर तहसील में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रतिनिधियों ने काली पट्टी बांधकर अपना रोष व्यक्त किया और नए श्रम कानूनों की प्रतियां जलाकर केंद्र सरकार की नीतियों पर कड़ा विरोध जताया।

संगठन के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव और सचिव राजेश वशिष्ठ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में दवा प्रतिनिधि सदर तहसील परिसर में एकत्र हुए। आंदोलन के दौरान दवा प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित मांगों का ज्ञापन तहसीलदार बलवंत उपाध्याय को सौंपा।

**ज्ञापन में प्रमुख मांगें—**

- चारों श्रम संहिताओं को निरस्त किया जाए।
- बिक्री संवर्धन कर्मचारी अधिनियम 1976 और वर्तमान श्रम कानूनों को यथावत रखा जाए।
- कथित असंवैधानिक और मजदूर विरोधी श्रम शक्ति नीति 2025 को समाप्त किया जाए।
- औद्योगिक विवाद संशोधन अधिनियम को वापस लिया जाए।
- फिक्स्ड टर्म इंप्लायमेंट पर नियुक्ति पर रोक लगाई जाए।
- नियोक्ताओं द्वारा सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की छंटनी और स्थानांतरण की अनुमति न दी जाए।

संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर विचार न किया, तो आगे बड़े आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने वालों में राजकुमार विजय, शाहिद खान, आतिफ जिलानी, अभय तिवारी, आशीष सक्सेना, सुजीत वर्मा, मोहम्मद अशरफ, सुशांत मुखर्जी, तंजीम अख्तर, मुनीश कुमार, गणेश साहू, विकास कुमार, शाहिद हुसैन, अभिषेक कुमार, प्रदीप सोलंकी, गिरीश और शिवम कुमार सहित अनेक दवा प्रतिनिधि शामिल रहे।

# लियोडेया के पास सड़क हादसा: स्कूल बस और बाइक की भिड़ंत में दिनेश कुमार की दर्दनाक मौत

## परिवार में मचा कोहराम, पुलिस जांच में जुटी



**समाज जागरण**

कासगंज/पटियाली: पटियाली थाना क्षेत्र के अलीगंज रोड स्थित ग्राम लियोडेया के पास मंगलवार रात लगभग 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सामने से आ रही स्कूल बस और बाइक की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार दिनेश कुमार (30 वर्ष) पुत्र सोनपाल, निवासी ग्राम थाना दरियावगंज, की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

**बारात में जा रहे थे दिनेश कुमार**

जानकारी के अनुसार थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के ग्राम गढ़ी बढ़ोला से बारात रामनगर (थाना अलीगंज, एटा) जा रही थी। इसी बारात में शामिल दिनेश कुमार भी अपनी बाइक से साथियों के साथ चल रहे थे।

जैसे ही वे लियोडेया के पास पहुंचे, सामने से आ रही स्कूल बस से उनकी बाइक की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बस में बुरी तरह फंस गई और दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

**अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम**

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस व बाराती मौके पर पहुंचे और दिनेश को तुरंत पटियाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजन अस्पताल पहुंचकर फफक पड़े।

**पुलिस जांच जारी, शव पोस्टमार्टम को भेजा गया**

पटियाली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लोकेश भाटी ने बताया कि घटना की जानकारी मिल चुकी है। अभी तक किसी प्रकार की तहरीर नहीं मिली है। पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**उन्होंने कहा कि हादसे के कारणों की गहन जांच की जा रही है।**

यह सड़क दुर्घटना एक बार फिर यातायात नियमों के पालन और सावधानी की आवश्यकता की ओर इशारा करती है।

# जमीयत उलेमा ए हिंद हल्का अफजलगढ़ के नेतृत्व में चौथे दिन एसआईआर कैम्प लगाया गया




**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। नगर के मोहल्ला मुमताज हुसैन में जमीयत उलेमा ए हिंद हल्का अफजलगढ़ की ओर से आठ दिवसीय एसआईआर फार्म भरवाने व जमा कराने को लेकर चौथे दिन जामा मस्जिद के समीप कैम्प लगाया गया। जिसमें मुफ्ती सईदुर्रहमान,मुफ्ती नईम अहमद,मौलाना गुफरान,पत्रकार शुऐब कुरैशी,फईम कस्सार सहित युवा टीम के नेतृत्व में करीब 157 फार्म बीएलओ को जमा करा दिए गए थे। बुधवार को नगर के मोहल्ला मुमताज हुसैन पर स्थित जामा मस्जिद के समीप चौथे दिन उजमीयत उलेमा ए हिंद हल्का अफजलगढ़ की ओर से एसआईआर फार्म भरवाने व जमा कराने को लेकर नगर वासियों के फार्म जमा कराने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर अब्दुल कादिर,समीर जहीर खान, फईम कस्सार,समीर अहमद, कारी जुनैद अहमद,फैजान आदि उपस्थित रहे।

# दो दिन पूर्व सड़क में घायल शुऐब की इलाज के दौरान मौत



**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। दो दिन पूर्व सड़क दुघर्टना में घायल नगर के मौहल्ला जैनुल आबेदीन निवासी तीस वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मंगलवार की देर रात मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। बुधवार को मरहूम शुऐब के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब। मरहूम शुऐब को उसके अपने कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। नगर के मोहल्ला जैनुलआबेद्दीन निवासी शुऐब उम्र तीस वर्षीय पुत्र शरीफ अहमद दो दिन पूर्व सोमवार को रात साढ़े आठ बजे के करीब वह किसी कार्य से बस स्टैंड के समीप स्थित अली मस्जिद जा रहा था इसी दौरान नेशनल हाईवे पर अज्ञात बाइक की टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे परिजनों द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया था जहां पर उसकी गंभीर अवस्था के चलते उसे हायर सेंटर काशीपुर भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान मंगलवार की देर रात उसकी मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। वही मृतक सऊदी अरब में रहकर डीजल मैकेनिक का कार्यकर्ता था तीन महीने पहले वह घर पर छुट्टी आया हुआ था आने वाले शुक्रवार के दिन उसे दोबारा सऊदी अरब जाना था लेकिन मंगलवार की देर रात इलाज के दौरान युवक की मौत हो जाने से पूरा परिवार सदमे में आ गया मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी वह एक बच्चे को रोता भी बिलखता छोड़ गया। बुधवार को मरहूम शुऐब को उसके अपने कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। मरहूम शुऐब के जनाजे में जनसैलाब उमड़ा पड़ा। वही इस संबंध में थानाध्यक्ष राम प्रताप ने बताया कि इस मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई अगर कोई तहरीर आती है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस

**जिलाधिकारी प्रणय सिंह और सीडीओ वीरेंद्र सिंह ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई संविधान की शपथ**



**समाज जागरण**

कासगंज। जनपद में बुधवार को संविधान दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार, विकास भवन, विभिन्न स्कूल-कॉलेजों सहित पूरे जिले में कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय संविधान के महत्व, मूल्यों और संकल्पों को याद किया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में जिलाधिकारी प्रणय सिंह और मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने भारतीय संविधान में उल्लिखित संकल्प को दोहराते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान को लागू हुए 75 वर्ष पूरे होने पर इसे अमृत महोत्सव की तरह मनाया जा रहा है। उन्होंने प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराते हुए कहा कि–

हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने तथा सभी नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हमें बताता है कि कानून सबके लिए समान है। यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि समाज में किसी के साथ अन्याय या दुर्व्यवहार न हो। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने मूल कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा में योगदान दें।

डीएम प्रणय सिंह ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने दुनिया भर के संविधानों का अध्ययन कर भारतीय संविधान का मसौदा तैयार किया, जिसे 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया। इसलिए हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है।

विकास भवन और कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों-कर्मचारियों ने संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्यपालन का संकल्प लिया। जिले भर में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा भाषण, निबंध और प्रस्तावना वाचन जैसे आयोजन भी हुए।

संविधान दिवस के इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर और विकास भवन के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कासगंज में यातायात माह-नवंबर 2025 अभियान के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**15 ट्रक-डंपर सहित 212 वाहनों का चालान, 3,74,500 ऑनलाइन शमन शुल्क अधिरोपित**



**समाज जागरण**

कासगंजः प्रदेशभर में 1 नवंबर से 30 नवंबर तक संचालित यातायात माह-नवम्बर 2025 तथा बिना नंबर प्लेट वाले ट्रक/डंपरों के खिलाफ 23 नवंबर से 30 नवंबर तक चलाए जा रहे 7 दिवसीय विशेष अभियान के तहत कासगंज पुलिस ने बुधवार को बड़े स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया।

पुलिस अधीक्षक कासगंज अकिता शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी यातायात अमित कुमार के नेतृत्व में प्रभारी यातायात लक्ष्मण सिंह ने एआरटीओ रामप्रकाश मिश्रा के साथ संयुक्त रूप से नदरई तिराहा, विलराम नहर बाईपास, बिलराम गेट चौराहा और रोडवेज बस स्टैंड पर सघन चेकिंग की।

**बड़े वाहनों पर कड़ी कार्रवाई**

अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट और यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 15 ट्रक व डंपरों के चालान किए गए। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए, ताकि कोहरे के मौसम में दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके।

# संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में भव्य राष्ट्रीय समारोह के साथ राष्ट्रव्यापी संविधान दिवस समारोह



संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में एक भव्य राष्ट्रीय समारोह के आयोजन के साथ 26 नवंबर, 2025 को संविधान दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है, जिसमें संविधान के आदर्शों और मूल्यों के प्रति भारत की सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि की जा रही है।

राष्ट्रपति ने इस समारोह की अध्यक्षता की, जिसमें उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया और फिर उपराष्ट्रपति ने भाषण दिया।

इस आयोजन के एक भाग के रूप में, निम्नलिखित महत्वपूर्ण डिजिटल विज्ञप्तियां जारी की गईः

विधायी विभाग द्वारा नौ भाषाओं यानी मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया में तैयार किया गया भारतीय संविधान।

संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रकाशित "भारतीय संविधान से कला और कैलीग्राफी" नामक स्मारक पुस्तिका।

राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में भारत की लोकतांत्रिक यात्रा के मार्गदर्शन में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया और नागरिकों से इसके मूल सिद्धांतों - न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व - को बनाए रखने का आह्वान किया। समारोह का समापन राष्ट्रपति द्वारा संविधान की प्रस्तावना के वाचन और उसके बाद राष्ट्रगान के साथ हुआ।

संसदीय कार्य मंत्रालय, माईगॉव के सहयोग से एक राष्ट्रव्यापी अभियान भी आयोजित कर रहा है, जिसमें "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" पर निबंध और ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता, इसी विषय पर एक ऑनलाइन क्विज तथा व्यापक नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए संविधान की प्रस्तावना का वाचन करने जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

# पंचायतों को कार्बन न्यूट्रल बनाने पर जोर

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत सतत विकास के लक्ष्य के स्थानीयकरण एवं कार्बन न्यूट्रल पंचायत विषय पर विकासखंड सभागार कोतवाली देहात में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को नौ थीम गरीबी मुक्त पंचायत,स्वास्थ्य पंचायत,बाल हितेषी पंचायत,पर्याप्त जल हित पंचायत,स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर आधारभूत ढांचा युक्त



पंचायत,सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत,सुशासित पंचायत एवं महिला एवं बालिका हितेषी पंचायत तथा कार्बन न्यूट्रल पंचायत पर जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला में प्रशिक्षको द्वारा पंचायतें उन सभी नौ थीम एवं कार्बन न्यूट्रल पंचायत पर नो कॉस्ट एवं लो कॉस्ट के कौन-कौन से कामों को कर सकती है पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

डीपीआरसी अमरोहा से आए सीनियर फैकल्टी मैनेजर अमरोहा सतेन्द्र शर्मा द्वारा बताया गया कि प्रत्येक पंचायत नौ थीम पर कार्य करते हुए 2030 तक सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहयोग प्रदान करेगी। इसके साथ ही पंचायतें इन थीम पर काम करते हुए राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार को प्राप्त कर सकती है। प्रशिक्षक कुलवीर सिंह द्वारा पंचायतों को कार्बन न्यूट्रल पंचायत बनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग खाना बनाने के लिए गैसों का उपयोग एवं सोलर उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया।

प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत,सीनियर फैकल्टी मैनेजर अमरोहा सतेन्द्र शर्मा, प्रशिक्षक कुलवीर सिंह,मौहम्मद वसीम, जितेन्द्र कुमार,प्रीति, रेखा, खुशबू, हिरदेश, प्रीरियल,रवि आदि द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# संविधान दिवस पर ली शपथ

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गजरौला अमरोहा के द्वारा विकासखण्ड सभागार कोतवाली देहात में संविधान दिवस 2025 को मनाया गया। इस अवसर पर संविधान दिवस के अवसर सीनियर फैकल्टी



अमरोहा सत्येंद्र शर्मा द्वारा संविधान दिवस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। तथा और उनके द्वारा संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एडीओ पंचायत,सीनियर फैकल्टी मैनेजर सतेन्द्र शर्मा,प्रशिक्षक कुलवीर सिंह, मौहम्मद वसीम, जितेन्द्र कुमार, प्रीति, रेखा,खुशबू,हिरदेश, प्रीरियल,रवि आदि ने शपथ ली।

# जनपद में 25 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित होगा आयुष्मान पखवाड़ा

## आयुष्मान कार्ड विहीन लाभार्थियों के लिए पंचायत भवन एवं जन सेवा केंद्रों पर लगेंगे विशेष शिविर

**समाज जागरण**

कासगंज। आयुष्मान भारतझ्रप्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत ऐसे सभी लाभार्थी, जिनके आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, उनके कार्ड बनवाने के लिए जिले में 25 नवम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक आयुष्मान पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला प्रशासन इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर रहा है।

पखवाड़े के दौरान जनपद के सभी पंचायत भवनों और जन सेवा केंद्रों पर आयुष्मान कार्ड कैम्प लगाए जाएंगे। इन कैंपों में आशा, संगिनी और आंगनबाड़ी कार्यकत्री सक्रिय भूमिका निभाएंगी। वे लाभार्थियों को कैंप तक ले जाकर पंचायत सहायक एवं वीएलई (VLE) के माध्यम से उनके आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग करेंगी।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित

## जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने दो बीएलओ को 100% डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने पर किया पुरस्कृत

**समाज जागरण**

कासगंज। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को मंगलवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रणय सिंह ने सम्मानित किया। मतदेय स्थल संख्या 208, प्रा०पा० ढूढरा कं०01 के बीएलओ श्री ब्रह्मांशंकर (सहायक अध्यापक) तथा मतदेय स्थल संख्या 381, प्रा०पा० मिलिक इलाही की बीएलओ श्री मुकेश कुमार (शिक्षा मित्र) ने विधानसभा 102-पटियाली में अपने गणना प्रपत्रों का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया था।

इस उपलब्धि के लिए जिलाधिकारी ने दोनों बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने दोनों को उत्कृष्ट कार्यशैली, समयबद्धता और जिम्मेदारीपूर्ण निष्पादन के लिए सराहा।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के सभी बीएलओ से अपील की कि वे इसी प्रतिबद्धता और दक्षता के साथ अपने-अपने कार्य समय पर पूर्ण करें, ताकि एसपीआर-2026 (विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान) को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और समय पर अद्यतन कराना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें बीएलओ की भूमिका सबसे अहम होती है।

कार्यक्रम में निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डिजिटल सार्वजनिक खरीद को सशक्त बनाने हेतु जेम मध्य प्रदेश के भोपाल में 'क्रेता संवाद' की मेजबानी करेगा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से 28 नवम्बर, 2025 को मिन्टो हॉल, भोपाल में गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जेम) क्रेता संवाद का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य राज्य के विभिन्न विभागों की डिजिटल सार्वजनिक खरीद क्षमता को और मजबूत करना तथा राज्य के क्रेता संगठनों को जेम इकोसिस्टम, सुविधाओं और कार्यप्रणाली के प्रभावी इस्तेमाल में सक्षम बनाना है। यह सम्मेलन जेम प्लेटफॉर्म पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लिए अवसरों पर प्रकाश डालेगा, जिससे स्थानीय संस्थाओं से लेकर राष्ट्रीय स्तर के खरीद संगठनों तक, खरीदारों को सुव्यवस्थित पहुंच प्राप्त होगी। कॉशन मनी को हटाने जैसे हाल के सुधार और विक्रेता मूल्यांकन शुल्क में कमी के माध्यम से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई), महिला उद्यमियों, स्टार्टअप उद्यमों, कारीगरों और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमों की अधिक भागीदारी को सक्षम बना रहे हैं, जिससे सार्वजनिक खरीद अधिक सुलभ और पारदर्शी हो रही है।

# राशन डीलर एसआईआर कार्य में नहीं कर रहा सहयोग, एसडीएम को शिकायत

## -एसआईआर कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: एसडीएम निधि भारद्वाज

**समाज जागरण**
**झिंझाना। (फुरकान जंग)**



कस्बे के मोहल्ला माजरा में बुधवार को एसआईआर फॉर्म की जांच के लिए पहुंची एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को बीएलओ ममता खोखर ने शिकायत दर्ज कराई। बीएलओ ने बताया कि कस्बे के राशन डीलर द्वारा एसआईआर कार्य में सहयोग नहीं किया जा रहा है और वह केवल फोटो खिंचवाकर चले जाते हैं, जिससे कार्य की गति प्रभावित हो रही है। एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज जब कस्बे में एस आई आर फार्म के अभियान की जांच के लिए मौहल्ला माजरा में पहुंची तो बीएलओ टीम द्वारा राशन डीलर का सही सहयोग नहीं मिलने की शिकायत की जिस पर एसडीएम द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्ति निरीक्षक को राशन डीलर से सहयोग कराने की चेतावनी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि जो भी कर्मचारी या डीलर एस आईआर फॉर्म कार्य में कोताही बरत रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और हर हाल में एस आईआर फॉर्म का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। एसडीएम की सख्ती के बाद कस्बे के एक राशन डीलर को फार्म भरने में लगाया गया है।एसडीएम ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड में एसआईआर कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो सके।

# भाकियू के बैनर तले कलेक्ट्रेट में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) बुधवार को किसान आंदोलन के पांच वर्ष पूर्ण होने पर किसानों की लंबित मांगों को लेकर भाकियू के बैनर तले कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे किसानों ने सरकार की नीतियों के प्रति कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि किसान यदि पत्ती या पराली जलाए तो उन पर मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं, जबकि बड़े उद्योगों द्वारा होने वाले प्रदूषण पर कोई कार्रवाई नहीं होती। धरने को संबोधित करते हुए किसानों ने कहा कि दिल्ली में हुआ किसान आंदोलन ऐतिहासिक रहा है और उस आंदोलन की पांचवीं वर्षगांठ पर आज भी किसान उसी जज्बे के साथ अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। भाकियू पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार पूंजीपतियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है, जबकि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य तक नहीं मिल पा रहा है। गन्ना किसानों ने कहा कि शुगर मिलें समय पर भुगतान नहीं कर रहीं, जिसके कारण किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पराली के बहाने किसानों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि बड़े औद्योगिक संस्थानों द्वारा हवा में जहर घोलने पर सरकार चुप्पी साधे रहती है। किसानों का कहना था कि सरकार यदि समय पर समाधान नहीं करती तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होने अपनी मांगों के समर्थन में एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा है। धरना-प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष शांता प्रधान, मास्टर जाहिद, कपिल खाटियान, मोहित शर्मा, कविता चौधरी, प्रभात मलिक, अमरपाल बालि यान, मुकम्मिल पहलवान, इनाम , इंतजार, कुलदीप पंवार, गौतम पंवार मौजूद रहे।

# चेयरमैन ने एसआईआर कार्य में तेजी लाने के लिए किया बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) नगर पालिका में बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर) कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। चेयरमैन ने सभासदों और बीएलओ के रूप में कार्यरत कर्मचारियों से एसआईआर कार्य को पूरी ईमानदारी व समय से पूरा कराने में सहयोग देने की अपील की। चेयरमैन संगल ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष पुनरीक्षण का दूसरा चरण शुरू हो चुका है। इसी क्रम में नगर में एसआईआर कार्य चल रहा है, जिसे बिना किसी भेदभाव और पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। नागरिकों को 2003 की मतदाता सूची में दर्ज अपने या माता-पिता के नाम के आधार पर उक्त फार्म भरकर दो रंगीन फोटो सहित बीएलओ को जमा करना होगा। चुनाव आयोग द्वारा नए मतदाताओं के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा अन्य संशोधनों के लिए आवश्यक दस्तावेजों की सूची जारी की गई है, जिसमें आधार कार्ड, पासपोर्ट, शैक्षिक प्रमाण पत्र सहित 12 प्रकार के दस्तावेज शामिल हैं। चेयरमैन ने सभासदों और बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान किसी भी नागरिक को परेशानी न हो और यदि कोई समस्या आती है तो उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक का संचालन ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने किया। इस दौरान सभासद रोबिन गर्ग, आशीष गुप्ता, तोहिद रहमानी, अजय निर्वाल, धुरेन्द्र निर्वाल, अरविन्द खटीक, रामनिवास सैनी, प्रमोद जांगिड, पंकज गुप्ता, डॉ. मनोज कुमार, गुलजार मंसूरी, इरशाद उर्फ कालू कुरेशी मौजूद रहे।

# सर्व खाप पंचायत के प्रस्ताव का सम्मान, मृत्यु भोज पर रोक

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव लांक निवासी स्वर्गीय मास्टर करतार सिंह की संस्कार रस्म बुधवार को सादगीपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परिवार तथा गांववासियों ने सर्व खाप पंचायत के प्रस्ताव का सम्मान करते हुए मृत्यु भोज पर पूर्ण रूप से रोक लागू की और किसी भी प्रकार का आयोजन नहीं किया। सभी उपस्थित लोगों ने शांति यज्ञ में आहुति देकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद पगड़ी रस्म एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां स्वर्गीय करतार सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में पहुंचे भाकियू नेता गौरव टिकैत तथा गांव लांक थांबा चौधरी बाबा रविंद्र ने कहा कि सर्व खाप पंचायत द्वारा मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाओं के बहिष्कार का जो प्रस्ताव पारित किया गया है, उसे समाज में व्यापक समर्थन मिल रहा है। गांव लांक में किया गया यह निर्णय समाज सुधार की दिशा में प्रेरणादायी कदम है। इस अवसर पर ओमपाल मलिक, अनिल मलिक, शुभम मलिक, विदेश मलिक, अमित मलिक, खरड़ देशराज भनेड़ा आदि मौजूद रहे।

# आधा दर्जन से अधिक किसानों की ट्यूबवेलों पर चोरी

**समाज जागरण**



शामली। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के दो गांवों में किसानों की ट्यूबवैलों को निशाना बनाते हुए चोरों ने हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। चोरी की घटना का पता सवेरे किसानों द्वारा खेत में जाने पर चला, जिससे किसानों में रोष फैल गया। किसानों ने पुलिस से शिकायत करते हुए मामले में जांच कर चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग की है। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव बधेव और नया गांव में देर रात्रि चोरों का आतंक रहा। चोरों ने करीब आधा दर्जन किसानों की ट्यूबैलों को निशाना बनाते हुए हजारों रुपए का सामान चोरी किया है। क्षेत्र के गांव बधेव निवासी किसान प्रदीप, अखिलेश, ओमपाल, अंकित, भीम सिंह व नया गांव निवासी इन्द्रपाल की टयूवैल से स्टाटर, केबल, तार व अन्य सामान चोरी किया है। चोरी की घटना का पता सवेरे किसानों के खेतों में पहुंचने पर चला। किसानों ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को चोरी की घटना की जानकारी दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और जल्द ही चोरी की घटनाओं का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। किसानों की टयूवैल पर आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में रोष व्याप्त है।

# हाईकोर्ट बेंच का मुद्दा संसद में उठाने की मांग

## — कैराना में अधिवक्ताओं ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**



शामली कैराना।(फुरकान जंग) बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ताओं ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर सांसद के आवास पर पहुंचे। उन्होंने सांसद को ज्ञापन देकर मांग को संसद में उठाने के लिए कहा है। बुधवार को बार एसो सिएशन कैराना के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ व महासचिव राजकुमार चौहान के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ता पुराना बाईपास स्थित सांसद के आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने सांसद इकरा हसन को ज्ञापन दिया। बताया गया है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लाखों वादकारियों और अधि वक्तागण की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं लम्बे समय से लंबित मांग है कि पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनता के लिए लगभग 500-700 किलोमीटर दूर उच्च न्यायालय इलाहाबाद में न्याय हेतु आवागमन में समय के साथ ही धन की बबार्दी होती है। इसके अलावा संविधान द्वारा प्रदत्त न्याय तक पहुंच के मौलिक अधिकारों का भी हनन है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से सम्बन्धित वादों की संख्या की अधिकता को ध्यान में रखते हुए पश्चिमी में सस्ता, सुलभ न्याय प्रदान कराने हेतु पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोई बेच स्थापित होना अत्यंत आवश्यक है। अधिवक्ताओं ने सांसद से मांग की है कि आगामी संसद सत्र के दौरान अन्य सांसदों के साथ सामंजस्य करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की आवश यकता को उजागर कर अपने हाथों में पट्टी लेकर यह जनहितकारी मांग प्रमुखता से उठाए तथा केन्द्र सरकार और सम्बन्धित मंत्रालयों पर आवश्यक कार्यवाही के लिए दबाव बनाया जाए, ताकि जनहित के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग पूरी हो सके। वहीं, सांसद ने अधिवक्ताओं को संसद सत्र की कार्यवाही के दौरान पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच की मांग को उठाने का आश्वासन दिया है।

# किसान एकता केन्द्र के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**




शामली।(फुरकान जंग) संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बुधवार को किसान एकता केंद्र के पदाधिकारियों ने डीएम शामली के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा 9 दिसंबर 2021 को संयुक्त किसान मोर्चा को दिए गए लिखित आश्वासनों को आज तक पूरा न करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। किसान एकता केंद्र के प्रतिनिधियों ने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने जिन मुद्दों पर सहमति जताई थी, वे आज भी अधर में लटके हुए हैं। किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गारंटीड खरीद का कानून बनाने, व्यापक कृषि ऋण माफी, श्रम संहिता और बिजली बिल 2025 को वापस लेने, कृषि विपणन पर तैयार की गई राष्ट्रीय नीति रूपरेखा तथा राष्ट्रीय सहकारिता नीति को निरस्त करने जैसी प्रमुख मांगों को दोहराया। साथ ही किसानों और श्रमिकों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी मुक्त व्यापार समझौते पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की गई। किसान नेताओं का कहना था कि इन लंबित मुद्दों के समाधान बिना किसानों की अर्थ व्यवस्था सुधारना संभव नहीं है। ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान एकता केंद्र के जिलाध्यक्ष सुबोध पंवार, सदस्य मास्टर बिजेंद्र, बीरसेन, ब्रह्मपाल, विजित आदि उपस्थित रहे।

# युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, रिश्तेदार ने भी किया विषैले पदार्थ का सेवन

**समाज जागरण**



शामली। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कलंदरशाह निवासी एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करते हुए युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही एक अन्य रिश्तेदार युवक द्वारा भी विषैले पदार्थ का सेवन किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कलंदरशाह निवासी 20 वर्षीय नाजिश पुत्री शहजाद की बुधवार तडके अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन सवेरा होने पर युवती के शव को सुपुर्द-ए खाक करने की तैयारियों की जुट गए कि आसपास रहने वाले लोगों को युवती की मौत पर शक हुआ तो उन्होने मामले की सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दे दी। जिसके बाद शहर कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की तो उन्होने बताया कि युवती तेज बुखार आया और अचानक उसकी मौत हो गई, लेकिन परिजन कौन से चिकित्सक के उपचार कराया उसकी सही जानकारी नही दे सके। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की मौत से जहां परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वही आसपास के मोहल्ले में विभिन्न प्रकार की चर्चाए व्याप्त है। लोगों ने बताया कि गत दिवस मुजफ्फरनगर जनपद के भोपा निवासी एक रिश्तेदार युवक उनके घर पर आया था और उसने परिजनों के साथ युवती से शादी करने की इच्छा जाहिर की थी। युवक व युवती में प्रेम प्रसंग चलने के कारण वह शादी करना चाहते थे, लेकिन परिजनों द्वारा इंकार करने पर दोनों ने विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवती की मौत हो गई, जबकि भोपा निवासी युवक को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

# संविधान दिवस पर मॉक पार्लियामेंट का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली। शहर के सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 से 11 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीएम सत्येंद्र सिंह, मैनेजमेंट सदस्य दीपिका संगल, प्रधानाचार्य डॉ. एके गोयल, उपप्रधानाचार्या तूलिका गोयल और जीआईसी प्रधानाचार्य अमित मलिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।
मुख्य अतिथि एडीएम सत्येंद्र सिंह ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि संविधान किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र की नींव होता है और युवा पीढ़ी में इसके प्रति बढ़ती जागरूकता सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अधिकारों और कर्तव्यों की सही समझ प्रदान करते हैं। मॉक पार्लियामेंट में लोकसभा की कार्यवाही का जीवंत मॉडल प्रस्तुत किया गया, जिसमें शासन प्रणाली, कानून निर्माण और संसदीय प्रक्रिया की विस्तृत झलक दिखाई गई। कक्षा 11 की छात्रा अनन्या माठियान ने स्पीकर तथा कक्षा 9 की छात्रा सृष्टि दत्ता ने डिप्टी स्पीकर की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सचिवालय, सत्ता पक्ष, विपक्ष, फॉरेन डेलिगेशन और प्रेस कॉर्नर की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। प्रधानमंत्री की भूमिका छात्रा अदिति सिंह और विपक्ष नेता की भूमिका छात्रा पूर्वी तोमर ने निभाई।
प्रधानाचार्य डॉ. ए.के. गोयल ने कहा कि लोकसभा देश की लोकतांत्रिक शक्ति का प्रतीक है और इस शक्ति की कार्यप्रणाली को समझना विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यूथ पार्लियामेंट जैसे कार्यक्रम भविष्य के युवाओं में शासन व प्रशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन दीपा जेटली ने निर्दोष राठी के निर्देशन में किया।

# मकान में लगी आग, हजारों का सामान खाक,एक बकरी झुलसी

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला खेल में उस समय हड़कंप मच गया जब देर रात मोहल्ला निवासी राशिद के मकान के एक कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग भड़क उठी। आग की तेज लपटों ने देखते ही देखते कमरे में रखा सारा घरेलू सामान अपनी चपेट में ले लिया और सब कुछ जलकर राख हो गया।पीड़ित राशिद ने बताया कि घटना के समय वह मकान के दूसरे कमरे में सो रहा था। अचानक शोर-गुल होने पर उसकी आंख खुली और उसने देखा कि घर के अंदर से धुआं और आग की लपटें उठ रही हैं। इसी बीच मोहल्लेवासी भी शोर सुनकर घर की ओर दौड़ पड़े और आग बुझाने में जुट गए। घटना में मकान स्वामी की एक बकरी भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे स्थानीय लोगों ने किसी तरह बाहर निकाला।मोहल्ले के लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर और अन्य स्थानीय साधनों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से पीडित के अनूसार उसका हजारों रुपये का घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया है।सूचना पर पुलिस पहुंची तथा पूरे प्रकरण की जानकारी ली। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है, हालांकि पड़ोसी और परिजन इसे संदिग्ध मान रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# संविधान दिवस पर रंग-बिरंगा सांस्कृतिक संगम, कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का प्रांगण में सांस्कृतिक एवं देश भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद तथा सद्भावना कल्चरल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस समारोह पूरे लोक,सांस्कृतिक रंग में सजकर मनाया गया।प्राचार्य प्रो. बृज भूषण की प्रेरक अगुवाई में छात्राओं ने एक स्वर में संविधान की शपथ दोहराई, और न्याय,समानता,अधिकारों की धुन पर संकल्पों का दीप जलाया। वातावरण में ऐसा उल्लास था मानो लोक कलाकारों की टोली ने एकता और लोकतंत्र का बड़ा मंच सजा दिया हो।इसके बाद,संविधान में समानता, सबके लिए न्याय एवं अनेकता में एकता" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता ने माहौल को रचनात्मकता से भर दिया। रंगों की छटा बिखेरती छात्राओं ने अपनी कल्पना को संविधान की रेखाओं में पिरो दिया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, रुकैया द्वितीय स्थान, महक तृतीय स्थान - महक फातिमा ने अपने हुनर से सबका दिल जीता। कार्यक्रम डॉ. नयना शर्मा और डॉ. श्याम बाबू देखरेख में संपन्न हुआ इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। किशोरी के साथ छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को पुलिस ने चाकू समेत गिरफ्तार किया। एक दिन पूर्व व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर दी थी। बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की गई और आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। घटना में पुलिस ने आरोपी अब्दुल्ला निवासी मोहल्ला आलकलां को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके कब्जे से अवैध चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

# प्रिंसिपल की सड़क दुर्घटना में मौत, शोकसभा का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) बुधवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों व शिक्षण संस्थानों द्वारा शहर के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल आशु त्यागी की सडक दुर्घटना में हुई मौत के बाद शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना की




गई। बुधवार को शहर के सलेक विहार स्थित एक्सिलेंट जिम में प्रमुख समाजसेवी महबूब राणा द्वारा स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल आशु त्यागी की सडक दुर्घटना में हुई मौत के बाद शोक सभा का आयोजन किया गया। शोभासभा को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि यह सीबीएसई शामली के इतिहास में पहली ऐसी सडक दुर्घटना हुई है। इससे शिक्षा जगत को काफी आघात पहुंचा है। उनके कायार्काल में शामली जिल के कई बच्चे सीबीएसई बोर्ड में पूरे देश में टॉपर रहे। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण का भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर मेहबूब राणा, राहुल चौधरी, फरमान राणा, उमेस मलिक, प्रमेंदर कुमार, डा, महबूब अली, अजय कुमार, रिहान, शोभित, फरहान राणा, डा. अनीस, वकील अहमद ,दिलशाद वकील, नदीम अहमद, जावेद राणा, सुभाष कश्यप, डा. आसिफ, डा. शहजाद, अजीत, अफसर, वसीम, उज्वल आदि मौजूद रहे।

# प्रधान की लेटर पैड पर जारी किया मूल निवास, डीएम को शिकायत

**समाज जागरण शामली।**

क्षेत्र के गांव गोहरपुर निवासी प्रमुख समाजसेवी संजीव राठी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर लेखपाल पर ग्राम प्रधान के लैटर पैड पर लिखने मात्र से ग्राम के बाहर रहने वाले लोगों के मूल निवास जारी करने का आरोप लगाया है। बुधवार को क्षेत्र के गांव गोहरपुर निवासी प्रमुख समाजसेवी संजीव राठी ने डीएम अरविन्द कुमार चौहान को दिए शिकायती पत्र में कहा कि गांव में कार्यरत लेखपाल द्वारा ग्राम प्रधान के लैटर पेड पर लिखने मात्र से जो व्यक्ति ग्राम से बाहर रहते है। उनके मूल निवास जारी कराये जा रहे है। उन्होने उक्त प्रकरण में गंभीरता से जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए रिफ्लेक्टर अभियान की शुरूआत

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा शहर में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए रिफ्लेक्टर अभियान की शुरूआत की गई। नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि बढ़ते यातायात और धुंध वाले मौसम में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए डिवाइडर कट्स पर रिफ्लेक्टर लगाना सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण संदेश देता है। विशिष्ट अतिथि ट्रैफिक इंस्पेक्टर लालविराट भारद्वाज ने कहा कि रिफ्लेक्टर रात्रि व कम दृश्यता के समय वाहन चालकों को दिशा का स्पष्ट संकेत देते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है। उन्होंने लायंस क्लब की पहल की सराहना करते हुए लोगों से यातायात नियमों के पालन की अपील की। मौके पर गौरव मित्तल, गौरव गोयल मौजूद रहे।

# लीकेज पाइपलाइन की मरम्मत कराई

**समाज जागरण**

कैराना। पानीपत खटीमा राजमार्ग पर सीओ ऑफिस के सामने नगरपालिका की मुख्य पाइनलाइन लीकेज हो गई थी, जिस कारण मोहल्ला आलकलां, छड़ियान आदि की पेयजल आपूर्ति ठप हो गई थी। बुधवार को नगरपालिका के कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर पाइपलाइन की मरम्मत कराई। करीब शाम साढ़े पांच बजे पेयजल आपूर्ति सुचारू की गई।

# पुलिस ने छह वर्षीय मासूम को माता-पिता से मिलाया

**समाज जागरण**

कैराना। बुधवार को गांव बराला निवासी एक महिला अपने मायके पानीपत जाने के लिए घर से निकली थी। इस दौरान उसका छह वर्षीय मासूम बेटा भी मां के पीछे-पीछे घर से निकल गया, जो रास्ता भटकते हुए भूरा चुंगी पर पहुंच गया। बच्चे को रोता देख पुलिस की नजर उस पर पड़ गई तथा पुलिस ने उससे उसके माता-पिता के बारे में पूछा, तो बच्चा कुछ नहीं बता सका। इसके बाद पुलिस ने बच्चे को मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी महिला प्रभारी निरीक्षक पिंकी गोस्वामी के सुपुर्द कर दिया। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी ने सोशल मीडिया के माध्यम से और ग्राम प्रधानों से संपर्क करके बच्चे के माता-पिता को सूचना दी। इसके बाद बच्चे के माता-पिता कोतवाली पहुंचे तथा पुलिस को धन्यवाद देते हुए अपने बेटे को साथ ले गए।

## आचार्य श्री सौरभ सागर महाराज ने किया बड़ौत में मंगल प्रवेश



**समाज जागरण बागपत।**
आचार्य श्री पुष्पदंत सागर जी महाराज के सुशिष्य आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज ने बड़ौत नगर में मंगल प्रवेश किया। आचार्य श्री की मंगल प्रवेश यात्रा वर्धमान फिलिंग स्टेशन दिल्ली रोड से प्रारंभ होकर कोताना रोड,नेहरू मूर्ति, डाकखाना रोड होती हुई अतिथि भवन पहुंची।प्रवेश यात्रा में जहां भारत के सुप्रसिद्ध बैंड धार्मिक धुन बजाते हुए चल रहे थे। वहीं नफीरी, ताशा पार्टी आदि यात्रा की शोभा को बढ़ा रहे थे। रास्ते में जगह- जगह जैन श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री की आरती की और पाद प्रक्षालन किया। मीडिया प्रभारी वरदान जैन और सिद्धार्थ जैन ने बताया कि आचार्य श्री के सानिध्य में 7 दिसंबर से लेकर 12 दिसंबर तक दिगंबर जैन कॉलेज के ए फील्ड में पंच कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाना है,जिसमें मूलनायक आदिनाथ भगवान और चौबीसी सहित 30 नवीन जिन प्रतिमाओं का पंचक ल्याणक के माध्यम से शुद्धिकरण होगा और सभी प्रतिमाएं श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर दिल्ली रोड बड़ौत में विराजमान होगी। आचार्य श्री ने अतिथि भवन में धर्मसभा में सभी श्रद्धालुओं को अपना मंगल आशीर्वाद दिया और सभी को मिलजुल कर पंचकल्याणक महोत्सव सफल करने की प्रेरणा दी। सभा में मुनिसुव्रतनाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पंकज जैन,मंत्री अजय जैन काले,दिगंबर जैन समाज समिति के अध्यक्ष प्रवीण जैन,मंत्री मनोज जैन,सौरभ जैन सर्राफ,राजकुमार जैन,संदीप जैन,कमल जैन,प्रवीण लवली,पवन स्वदेशी,आदिश जैन, पुनीत जैन, नमोकार महामंत्र प्रचार समिति,विमर्श जागृति मंच ,जैन मिलन परिवार आदि अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्य तथा सहारनपुर,पानीपत, शामली आदि अनेक जगहों के जैन श्रद्धालु उपस्थित थे।

# ब्राह्मण समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपकर आक्रोश जताया

**समाज जागरण बड़ौत।**
राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के लोगों ने एसडीएम भावना सिंह को राष्ट्रपति महोदय के नाम संबोधित ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि आईएएस अफसर संतोष वर्मा जो अजाक्स अध्यक्ष है। उसके द्वारा ब्राह्मण लड़कियों के विषय में जो अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। वह बहुत ही निंदनीय है। इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए संतोष वर्मा को बर्खास्त किए जाने की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपकर आक्रोश जताया। जिला अध्यक्ष बागपत प्रवीण पुलस्त्य के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के लोग आईएएस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश प्रकट करते हुए तहसील परिसर में पहुंचे। जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी की



और अधिकारी को बर्खास्त किए जाने की मांग की। पंडित नीरज वत्स जिला महामंत्री ने कहा कि ब्राह्मण समाज की लड़कियों के विषय में अभद्र भाषा का प्रयोग करना ऐसे अधिकारी को शोभा नहीं देती। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अमित वशिष्ट एडवोकेट ने कहा कि अगर सरकार द्वारा कार्यवाही नहीं की गई तो उनके खिलाफ तहसील परिसर में धरना दिया जाएगा। इस मौके पर ज्ञापन देने वालों में राजकुमार शर्मा, सागर शर्मा, शिवम शर्मा, सुनील शर्मा, अमर वशिष्ठ, शिवम शास्त्री, सुंदरलाल शर्मा, आचार्य संजय कौशिक जागौश, चंद्रभान शर्मा, अश्विनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जिवाना में कृषकों का धरना समाप्त, किसान दिवस पर आत्मदाह की धमकी से प्रशासन में हड़कंप

**समाज जागरण बिनौली।**
जिवाना दरकावदा मौजे में जिवाना के किसानों का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को समाप्त हो गया। पांचवें दिन किसानों ने आगामी 23 दिसंबर को किसान दिवस पर आत्मदाह करने की चेतावनी देते हुए अपना विरोध प्रदर्शन खत्म किया। किसान हरेंद्र सिंह और राजेंद्र सिंह ने बताया कि जिवाना गुलियान के किसान जंगल में स्थित मलकपुर शुगर मिल के बी गन्ना क्रय केंद्र को किनोनी शुगर मिल का करवाने की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर वे पिछले पांच दिनों से धरने पर बैठे थे।किसानों का आरोप है कि उनकी समस्या सुनने के लिए आज तक कोई भी गन्ना अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे वे बेहद निराश हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे अपनी खड़ी गन्ने की फसल को जला देंगे और मलकपुर मिल को गन्ना नहीं देंगे। उन्होंने दोहराया कि 23 दिसंबर को किसान दिवस पर वे आत्मदाह कर लेंगे। धरने में लोकेंद्र, ओमपाल सिंह, अंकुल, सुबोध, रमेश, रवि, विनोद, कपिल सोलंकी, आनंद, संजय, देवेंद्र सहित कई अन्य किसान उपस्थित रहे।

## युवकों पर लाठी डंडे व ईंट से हमला, एक गंभीर

**समाज जागरण खेकड़ा ।**
नंगलाबड़ी गांव में शादी से लौटते युवक व चचेरे भाई पर गांव के दो भाइयों ने लाठी डंडे व ईंटों से हमलाकर दिया। युवक को अस्पताल में 16 घंटे बाद होश आया है। पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में लिया है। गांव निवासी सतेंद्र पुत्र आसेराम ने कोतवाली पर तहरीर दी। बताया कि मंगलवार शाम में बेटा विशाल व छोटे भाई टीटू का बेटा आदित्य गांव में एक शादी समारोह से घर वापस लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पीछे से आए गांव के ही दो भाइयों ने उसके बेटे विशाल व आदित्य पर लाठी डंडे व ईंटों से हमला कर दिया। आदि को मामूली लेकिन विशाल को काफी चोट लगी है। विशाल के बेहोश होने पर आरोपित उसे मृत समझकर छोड़कर भाग निकले। आरोपितों ने आदित्य को किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पहुंचे स्वजन ने रेफर करने पर विशाल को अग्रवाल मंडी टटीरी के सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान 16 घंटे बाद युवक को होश आया। फिलहाल आईसीयू में भर्ती है। पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में लिया। पुलिस ने अस्पताल में घायल के बयान दर्ज किए। कोतवाली प्रभारी प्रभाकर कैंतुरा का कहना है कि मामले की जांचकर कार्रवाई करेंगे।

# भाकियू कार्यकताओं का कलेक्ट्रेट पर धरना प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ उठी आवाज

गन्ना भुगतान मुआवजा मांगें लंबित किसानों का प्रशासन से टकराव तेज हुआ
तालाब सुरक्षा लेखपाल उत्पीड़न और बकाया मुद्दों पर भाकियू का जोरदार प्रदर्शन

**समाज जागरण बागपत।**
जिले के किसानों की लंबित समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जोरदार धरनाझ्र प्रदर्शन किया। डीएम कार्यालय के बाहर हुए इस आंदोलन का नेतृत्व भाकियू के ज़िला उपाध्यक्ष हरेंद्र दांगी ने किया। उन्होंने कहा कि किसानों से जुड़े अहम मुद्दों पर प्रशासन की चुप्पी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भाकियू एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा ने बताया कि का भले ही इस वर्ष गन्ना मूल्य 32 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाया गया, लेकिन मिलों ने फंडरेजन में 7 रुपये और घुलाई में 10 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाकर किसानों का लाभ खत्म कर दिया, जिससे वे परेशान और आक्रोशित हैं। साथ ही रिजेक्ट प्रजाति के गन्ने का पहले से कम रेट होते हुए भी मिलें समय पर पर्चियाँ जारी नहीं कर रहीं। इन दोनों मामलों में कार्यवाही की मांग की गई है। प्रदर्शन कर रहे किसानों का मुख्य आरोप था कि जिले के गन्ना किसानों का बकाया भुगतान लंबे समय से अटका है, जबकि किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि भुगतान जल्द जारी नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र होगा। हरेंद्र दांगी ने बताया कि दिल्ली बॉर्डर किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए जनपद



के दो किसानों–गलतान सिंह और बिरम सिंह–के परिवार अब भी मुआवजे से वंचित हैं, जबकि प्रशासन ने आश्वासन दिए थे। भाकियू ने इन परिवारों को तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करने की मांग की। इसी के साथ लेखपाल द्वारा किसानों के मुद्दों के लिए से अभद्र व्यवहार किए जाने का मुद्दा भी उठाया गया। भाकियू ने संबंधित लेखपाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि किसानों का अपमान किसी भी हाल में स्वीकार नहीं होगा। धरने में महनवा गांव का तालाब किनारे स्थित खतरनाक रास्ता भी बड़ा मुद्दा बना। ग्रामीणों का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में कई वाहन तालाब में गिर चुके हैं। उन्होंने तत्काल बैरिकेडिंग लगाने की मांग की ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। इन सभी मांगों को लेकर भाकियू कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी की और जिला प्रशासन को मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर दिल्लीझ्रएनसीआर के महासचिव प्रदीप धामा, हिम्मत सिंह, शिवकुमार त्यागी, इंद्रपाल सिंह, उपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**आरोपी लेखपाल से चार्ज हटाकर जांच शुरू**

भाकियू एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा से बीते थाना दिवस में उनसे अभद्रता करने वाली लेखपाल विजयश्री से जिला प्रशासन ने कारवाई करते हुए चार्ज छीन लिया है। बकौल प्रदीप धामा के जिला प्रशासन और उन पर गलत तरीके से दाखिल खारिज की आरोपी लेखपाल विजय श्री पर जांच भी बैठा दी गई है। इसके अलावा धरने पर बैठे भाकियू के लोगों ने प्रदीप धामा की पत्नी सुंदर देवी के मामले में निष्पक्ष जांच किए जाने और गलत तरीके से ओवरडोज देने वाले अधिकारीयों और कर्मचारियों पर कारवाई किए जाने की मांग की है। बता दें कि बीते 5 नवंबर को भाकियू एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा की पत्नी को सांप ने काट लिया था। आरोप है कि ईलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे भाकियू एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा की पत्नी सुंदर देवी एंटी स्नेक वेनम की ज्यादा मात्रा से उनकी मौत हो गई थी।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती बनी मुसीबत

पहचान छिपाकर युवक ने बनाए संबंध, अब डीएम के पास महिला पहुंची

**समाज जागरण बागपत।**
रमाला थाना क्षेत्र की एक महिला ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय में लिखित शिकायत की है। महिला का आरोप है कि सोशल मीडिया पर बने एक दोस्त ने उसे फरेब के जाल में फंसा लिया। आरोपित ने पहचान छिपाकर उससे दोस्ती की और फिर शादी का झांसा दिया। महिला के अनुसार, युवक ने दो महीने तक शादी का भरोसा दिलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। महिला का कहना है कि जब उसने युवक पर शादी के लिए दबाव बनाया, तो वह अचानक गायब हो गया और उसके सभी संपर्क टूट गए। पीड़िता ने बताया कि उसने रमाला थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन वहां उसकी सुनवाई नहीं हुई। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न होने पर वह जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। शिकायती पत्र में महिला ने पूरे मामले की विस्तृत जानकारी दी है और न्याय की मांग की है। उसने आरोप लगाया है कि युवक ने धोखे में रखकर उसकी भावनाओं और सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया है।महिला ने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, उसे सुरक्षा प्रदान करने और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की अपील की है। उसका आरोप है कि थाना स्तर पर हुई लापरवाही के कारण आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहा है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने महिला की शिकायत सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## एसआईआर अभियान को लेकर जागरूकता बैठक एवं संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रम

**समाज जागरण बड़ौत।**
नगर में कांग्रेस की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बड़ौत शहर कार्डिनेटर डाक्टर संजीव शर्मा और जिला बागपत कार्डिनेटर नसीम खान मौजूद रहे। बड़ौत शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम हरि पावर के नेतृत्व में वार्ड नंबर 10 में वार्ड अध्यक्ष परवेज तथा शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष गीता द्वारा महिला कार्यकताओं के मध्य एसआईआर हेल्प डेस्क का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं शहर कोऑर्डिनेटर डॉ. संजीव शर्मा तथा बागपत जनपद कोऑर्डिनेटर नसीम खान ने एसआईआर अभियान के महत्व और उसकी बारीकियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि जिसका भी एसआईआर फॉर्म आया



है। कांग्रेस कार्यकर्ता उनके घर-घर जाकर फॉर्म भरवाएँ। नए वोटरों का ऑनलाइन वोट तुरंत बनवाया जाए, ताकि हर पात्र नागरिक को उसके अधिकार और योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने एक-दूसरे को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई दी और संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने एसआईआर अभियान को घर-घर पहुँचाने, महिलाओं और नए मतदाताओं को जोड़ने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी ओमकार दत्त शर्मा, महिला शहर अध्यक्ष गीता तोमर, प्रवेज खान, बिजेन्द्र शर्मा, सुधीर, औमवीर दुहण, डा सुभाष शर्मा, शोकेन्द्र तोमर, देवेन्द्र शर्मा आदि रहे।

## आचार्य श्री सौरभ सागर महाराज ने किया बड़ौत में मंगल प्रवेश,उमड़े जैन श्रद्धालु

**समाज जागरण बड़ौत।**
नगर में जैन आचार्य पुष्पदंत सागर महाराज के सुशिष्य आचार्य सौरभ सागर महाराज ने बड़ौत नगर में मंगल प्रवेश किया।आचार्य श्री की मंगल प्रवेश यात्रा वर्धमान फिलिंग स्टेशन,दिल्ली रोड से प्रारंभ होकर कोताना रोड, नेहरू मूर्ति, डाकखाना रोड होती हुई अतिथि भवन पहुंची। प्रवेश यात्रा में जहां भारत के सुप्रसिद्ध बैंड धार्मिक धुन बजाते हुए चल रहे थे, वहीं नफीरी, ताशा पार्टी आदि यात्रा की शोभा को बढ़ा रहे थे। रास्ते में जगह जगह जैन श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री की आरती की और पाद प्रक्षालन किया। मीडिया प्रभारी वरदान जैन और सिद्धार्थ जैन ने बताया कि आचार्य श्री के सानिध्य में सात दिसंबर से लेकर 12 दिसंबर तक दिगंबर जैन कॉलेज के फील्ड में पंच कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाना है। जिसमें मूलनायक आदिनाथ भगवान और



चौबीसी सहित 30 नवीन जिन प्रतिमाओं का पंचकल्याणक के माध्यम से शुद्धिकरण होगा और सभी प्रतिमाएं श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर,दिल्ली रोड बड़ौत में विराजमान होगी। आचार्य श्री ने अतिथि भवन में धर्मसभा में सभी श्रद्धालुओं को अपना मंगल आशी र्वाद दिया।और सभी को मिल जुल कर पंचकल्याणक महोत्सव सफल करने की प्रेरणा दी। सभा में मुनिसुव्रतनाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पंकज जैन मीडिया प्रभारी वरदान जैन, मंत्री अजय जैन काले, दिगंबर जैन समाज समिति के अध्यक्ष प्रवीण जैन, मंत्री मनोज जैन, सौरभ जैन सर्राफ, राजकुमार जैन, संदीप जैन, कमल जैन, प्रवीण लवली, पवन स्वदेशी, आदिश जैन, पुनीत जैन, नमोकार महामंत्र प्रचार समिति, विमर्श जागृति मंच, जैन मिलन परिवार आदि अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्य तथा सहारनपुर, पानीपत, शामली आदि अनेक जगहों के जैन श्रद्धालु उपस्थित थे।

## औचक निरीक्षण में बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल की खामियां उजागर, सीडीओ ने दिए सुधार के कड़े निर्देश

**समाज जागरण बागपत।**
सीडीओ नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट आवासीय परिसर स्थित बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी राहुल वर्मा मौजूद रहे, जबकि जिला क्रीड़ाधिकारी अमित कुमार को मौके पर बुलाया गया। निरीक्षण में बॉक्सिंग खिलाड़ी दुष्यंत कुमार, उज्जवल, खुशी और तनिष्का प्रैक्टिस करते मिले। खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग रिंग इसी परिसर में बनाए जाने की मांग रखी, जिस पर सीडीओ ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। टेबल टेनिस टेबल न लगे पाए जाने पर जिला क्रीड़ाधिकारी को तुरंत लगाने के आदेश दिए गए। बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कोच न होने की जानकारी पर सीडीओ ने रिक्त पद की तैनाती हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। स्वीमिंग पूल में मौसम के कारण पानी न भरे जाने की बात सामने आई। वहीं, खिलाड़ियों का पंजीकरण रजिस्टर प्रस्तुत न करने पर नाराजगी जताते हुए रिकार्ड अपडेट करने के लिए निर्देशित किया गया। हॉल के पास बने टॉयलेट गंदे पाए गए, आसपास कूड़ा और जला हुआ कचरा मिला, आरओ खराब मिला और जाले भी लगे थे। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल सफाई कराने और नगर पालिका व पंचायत राज विभाग के सफाई कर्मचारियों का सहयोग लेने के निर्देश दिए गए। टॉयलेट में पानी न मिलने पर भी फटकार लगाई गई। सीडीओ ने जिला क्रीड़ाधिकारी को निर्देश दिए कि तीन दिन के अंदर कमियों का सुधार कर अपनी आख्या प्रस्तुत करें, साथ ही खिलाड़ियों का पंजीकरण बढ़ाने और खेल सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दें।

## थर्ड जेंडर समुदाय ने आगे बढ़कर किया सहभागिता का मजबूत संदेश प्रसारित

गणना प्रपत्र जमा कर थर्ड जेंडर समूह ने मतदाता जागरूकता अभियान को दी गति
पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची के लिए सहभागिता को डीईओ ने सराहा
एसआईआर अभियान की मैदानी समीक्षा तेज पात्र मतदाताओं तक पहुंचने के निर्देश



**समाज जागरण बागपत।**
विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जनपद में निरंतर मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को थर्ड जेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराते हुए अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को सौंपा और जनपदवासियों से समय पर अपने प्रपत्र जमा करने की अपील की। समुदाय की सदस्य चाहत और नरगिस ने कहा कि सभी पात्र मतदाता अपने गणना प्रपत्र जरूर भरें, ताकि त्रुटिरहित और पूर्ण मतदाता सूची तैयार हो सके। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल ने थर्ड जेंडर समुदाय की इस सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि रक्फ़ अभियान का मूल उद्देश्य पारदर्शिता, समावेशिता और शत-प्रतिशत कव रेज है। उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान में किसी भी पात्र मतदाता को वंचित न रहने दिया जाए। सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक और विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि घर-घर पहुंच सुनिश्चित करते हुए पूर्ण कवरेज पर कार्य करें। जिला निर्वाचन अधिकारी लगातार तहसीलों और मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अभियान की प्रगति का निरीक्षण कर रही हैं। बुधवार को उन्होंने बड़ौत तहसील में समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी 6वित्त/राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर ज्योति शर्मा और मनीष कुमार यादव भी मौजूद रहे।

## हाई कोर्ट बेंच की मांग पर सांसद का घेराव

-पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जमीन पर बैठकर गिनाई समस्याएं

**समाज जागरण बागपत।**

अधिवक्ताओं ने हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर सांसद राजकुमार सागवान का घेराव किया। सांसद जैसे ही पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे, सैकड़ों अधिवक्ताओं ने उन्हें घेर लिया और जमीन पर बैठकर अपनी समस्याएं बताईं। अधिवक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से हाई कोर्ट बेंच की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक इसे पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने तर्क दिया कि बेंच मिलने से लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय मिलेगा, साथ ही प्रयागराज की लंबी दूरी तय करने से भी राहत मिलेगी, जिससे हर वर्ग को लाभ होगा। अधिवक्ताओं ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की।



सांसद राजकुमार सागवान ने अधि वक्ताओं की समस्याओं को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे को प्राथमिकता से उठाएंगे। सांसद ने बताया कि सरकार इस दिशा में काम कर रही है और जल्द ही सभी को सफलता मिलेगी। सांसद ने स्वीकार किया कि लोगों को प्रयागराज जाने के लिए काफी लंबी दूरी तय करनी पड़ती है और न्याय भी महंगा मिलता है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट बेंच की मांग पूरी होने से लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय मिल सकेगा। सांसद ने यह भी कहा कि लोगों को प्रयागराज जाना पड़ता है, जबकि पाकिस्तान यहां से नजदीक पड़ता है। उन्होंने दोहराया कि सरकार लोगों की कठिनाइयों को समझती है और इस पर निरंतर काम कर रही है। सांसद ने विश्वास दिलाया कि वह इस मांग को प्राथमिकता से उठाएंगे और जल्द ही हर जरूरतमंद व्यक्ति को इसका लाभ मिलेगा।

## धर्म परिवर्तन के आरोप पर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

डीएम के आश्वासन के बाद धरना समाप्त, जांच का भरोसा

**समाज जागरण बागपत।**
बुधवार को हिंदू संगठनों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शहर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला को न्याय दिलाने की मांग को लेकर किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि महिला पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया और उसका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न किया गया। प्रदर्शन के दौरान पीड़िता भी मौजूद थी। उसने अधिकारियों से अपने मामले में निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने बताया कि उसने कई बार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के कारण वह लगातार भय में जी रही है। हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पीड़िता पर न केवल धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया, बल्कि उसे मामले को रफा-दफा करने के लिए भी मजबूर किया गया।उन्होंने बताया कि आरोपी लगातार धमकियां दे रहे हैं, जिससे पीड़िता और उसका परिवार असुरक्षित महसूस कर रहा है। संगठन के नेताओं ने इन आरोपों को गंभीर बताते हुए पुलिस और प्रशासन से तुरंत प्रभावी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व हिंदू नेता आलोक शास्त्री, प्रियंका आर्य, देव शिरोही, जय कुमार कंडेरा, अंकित बडोली, मधुसूदन शास्त्री, सतीश कुमार एडवोकेट, आजाद विनोद, राखी, उषा, प्रियांशी, जगदीप ठाकुर और प्रमोद गोस्वामी ने किया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती और पीड़िता को सुरक्षा प्रदान नहीं की जाती, संगठन अपना आंदोलन जारी रखेगा। नेताओं ने कहा कि कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में देरी से पीड़ित परिवारों का मनोबल कमजोर होता है। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान, संगठन के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी अस्मिता लाल को एक ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और मामले की तेजी से जांच कराने के साथ-साथ पीड़िता को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी के आश्वासन के बाद, हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने अपना धरना समाप्त कर दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि वे कार्रवाई की प्रगति पर लगातार नजर रखेंगे।

# विकास के दावों की खुली पोल, सड़क पर जल भराव ग्रामीणों का धरना

**समाज जागरण कांधला।**
**(फुरकान जंग)**
विकासखंड क्षेत्र के देहात सलेमपुर मार्ग पर लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन आजाद गुट के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विकासखंड परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन



आजाद गुट के नेटवर्क में दर्जनों ग्रामीण विकासखंड प्रांगण में पहुंचे। ग्रामीणों ने धरना दिया ग्रामीणों का कहना है कि सलेमपुर रोड पर कई दिनों से सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे बस्ती के लोगों, राहगीरों और स्कूली बच्चों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्राम प्रधान और ब्लॉक स्तर पर कई बार मौखिक व लिखित शिकायतें करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। प्रदर्शन करें ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहें प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित चौधरी व शाहरुख ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान बजट की कमी का हवाला देकर कार्रवाई नहीं कर रहे, वहीं संबंधित अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे। विकास का दावा करने वालों की सलेमपुर मार्ग पर जल भराव होने से पोल खुली हुई है। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देने को बाध्य होंगे। आरोपी की सड़क पर जल भरा होने से निकट के कब्रिस्तान में भी पानी घुस गया है। ग्राम प्रधान पति चमन सिद्दीकी ने कहा कि बजट की कमी के कारण कार्य में देरी हो रही है। निस्तारण के लिए सचिव एवं लेखपाल को मौके पर भेजा गया है जल्दी निस्तारण कराया जाएगा। वहीं ग्रामीणों ने जलभराव की समस्या को प्राथमिकता से दूर करवाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। सचिव अनुज तोमर का कहना है कि सड़क पर जल भराव की शिकायत संज्ञान में आई है जल्दी निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान धरना प्रदर्शन में मोहम्मद शाहरुख, वाटसन, अब्जर, महिपाल, जितेंद्र, वामिक, सोनू, राहुल, दिलशाद, उमेद, कालू, इकराम, कलीम, इस्माइल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में संविधान दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 26 नवम्बर । चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में संविधान दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। विधि विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटीज (डीएलएसए ), भिवानी एवं प्रोत्साहन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने संयुक्त सहयोग दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, संकाय सदस्यों तथा सामाजिक संगठनों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली।





कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कर शपथ ग्रहण से हुई। विद्यार्थियों, शिक्षकों और सभी उपस्थित जनों ने संविधान के मूल्यों–न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व–को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर उद्देशिका का पाठ किया, जिससे वातावरण देशभक्ति और संवैधानिक चेतना से सराबोर हो उठा। इसके बाद भारतीय संविधान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता से हुई, जिसमें विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतिभागियों ने संविधान के इतिहास, संरचना, अनुच्छेदों तथा समकालीन संवैधानिक मुद्दों पर अपनी समझ का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में संवैधानिक जागरूकता को बढ़ावा देना था।

कुलपति, प्रो. दीप्ति धमार्णी एवं चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट व डीएलएसए सचिव श्री पवन कुमार ने कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की और विद्यार्थियों को संविधान की भावना को व्यवहार में उतारने के लिए प्रेरित किया। कुलगुरु ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में संवैधानिक जागरूकता, तार्किक सोच और नागरिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देते हैं।

क्विज के पश्चात कार्यक्रम का औपचारिक आरंभ डॉ. प्रमोद मलिक, इंचार्ज, विधि विभाग द्वारा किया गया। उन्होंने संविधान की प्रासंगिकता, इसके निर्माण की प्रक्रिया और वर्तमान समय में इसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र और नागरिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने युवा पीढ़ी से संविधान के आदर्शों को अपने व्यवहार और जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध शिक्षाविद् प्रो. वागेश्वरी (दिल्ली विश्वविद्यालय) का व्याख्यान रहा। उन्होंने डिजिटल युग में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता विषय पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने बताया कि डिजिटल मीडिया के विस्तार ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नए आयाम दिए हैं, लेकिन साथ ही फेक न्यूज, साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा और अभिव्यक्ति की सीमाओं जैसी चुनौतियाँ भी प्रस्तुत की हैं। उन्होंने आगे कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसका जिम्मेदार उपयोग आज समय की मांग है।

प्रोत्साहन संस्था प्रधान सुमित बराड़ ने कहा कि युवाओं को संविधान के प्रति जागरूक रहने, लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने और सामाजिक दायित्वों को निभाने की प्रेरणा दी। आज के दौर में युवा पीढ़ी राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है और उन्हें संविधान की भावना को हर स्तर पर आगे बढ़ाना चाहिए।

कार्यक्रम का समापन डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, इंचार्ज, राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा धन्यवाद अभिभाषण के साथ हुआ।

उन्होंने सभी वक्ताओं, मेहमानों, विश्वविद्यालय प्रशासन, प्रतिभागियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन छात्रों को संविधान की मूल भावना से जोड़ते हैं और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दिनभर चले इस कार्यक्रम में शिक्षण-संस्थान का वातावरण संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से सराबोर रहा

# निर्धारित मापदंड पूरे न करने वाले प्ले स्कूलों पर होगी सख्त कार्रवाई करें: एडीसी वीरेंद्र सहरावत

**- महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में पोषण अभियान, प्ले स्कूल जांच व वन स्टॉप सेंटर निर्माण पर चर्चा**

**- बाल विवाह रोकथाम, पोक्सो जागरूकता और पोषण संबंधी गतिविधियों को जन-आंदोलन बनाने पर जोर**




**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 26 नवंबर (सुरेश जोरासिया) सडकदुर्घटनाओं को कम करने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें, जहां भी सडक में जो खामियां है, उन्हें दुरुस्त किया जाना चाहिए। पुलिस दुर्घटना स्थल पर मिलने वाली खामियों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल अवगत करवाएं ताकि समय रहते उस पर कार्यवाही हो और यदि कोई विभाग देरी करता है तो उसे नोटिस जारी किया जाना चाहिए।

ये निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में जिला सडक सुरक्षा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। इस बैठक में आरटीए संजय बिश्नोई, एसडीएम राजेंद्र कुमार, डीडीपीओ बलजीत सिंह, डीएसपी संजीव कुमार, जिला वन अधिकारी सतीश कुमार, जीएम रोडवेज अनीत कुमार, डीपीसी सुभाष कुमार, डिप्टी सीएमओ संदीप सिंह, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता गौरव भारद्वाज, बिजली निगम के एक्सईएन जीत राम, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन कंवलजीत सिंह, नगर पालिका ऐलनाबाद के सचिव रविंद्र सिंह, एनएचआई से सुमित सुथार मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम डबवाली अर्पित संगल व एसडीएम ऐलनाबाद पारस भागोरिया ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विभिन्न मार्गों पर उनके पुल या पुलिया क्षतिग्रस्त न हो, उन पर साइनेज लगे होने चाहिए और सुरक्षा दीवार भी बनी होनी चाहिए। उन्होंने माखा से खोखर रोड पर मौजगढ माइनर पर पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के मामले में कहा कि इस पर तत्काल कार्यवाही करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिए कि इस पुलिया पर साइनेज व दीवार तुरंत बनवा दें ताकि कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने रोड़ी रोड पर कालांवाली के फ्लाइओवर के समीप गति अवरोधक व कैट आइज लगाने व तारूआना में चौक पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने, गांव टप्पी के बस स्टैंड के समीप साइन बोर्ड व कैट आइज, पेड़ों की कटाई, सुखचैन रोड व ओढां - कालांवाली रोड पर स्कूल के समीप साइन बोर्ड, मिठड़ी बस स्टैंड पर कैट आइज व जेब्रा क्रॉसिंग बनाए जाने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सडक पर जलभराव होने की वजह से कई जगह सडक क्षतिग्रस्त हो रही है और दुर्घटना का भी खतरा है, इसलिए सडक पर जलभराव न होने दें और संबंधित विभाग व पंचायत कार्य करे। उन्होंने निर्देश दिए कि भुर्टवाला के समीप पुल पर सुरक्षा दीवार न होने के मामले में सिचाई विभाग को नोटिस जारी किया जाए।

# सिख गुरुओं के पदचिन्हों पर चलते हुए "स्वच्छता मित्रों" का सम्मान करना अद्वितीय कार्य : सांसद सरबजीत सिंह खालसा

**समाज जागरण**
**चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**

जैतो,26 नवंबर :भारत माता अभिनंदन संगठन (रजि०) ने 'हिंद की चादर' साहिब श्री गुरु तेगबहादुर जी की 'लासानी शहादत ' को समर्पित कार्यक्रम तहत श्री पंचायती गौशाला में लगभग 60 सफाई कर्मियों "स्वच्छता मित्रों" का भव्य सम्मान किया। इस अवसर पर संगठन ने सफाई कर्मियों को मफलर/गुलबंद प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। सम्मानित सफाई कर्मियों के चेहरे पर संतोष और आत्मसम्मान का भाव स्पष्ट रूप से देखा गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सांसद सरबजीत सिंह खालसा ने कहा कि हमें फख्र है कि आज हिंदू भाइयों ने गुरु तेगबहादुर जी की शहादत को नमन करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया है। उन्होंने आगे कहा कि 17वीं सदी में मुगल बादशाह औरंगजेब का शासन अपने चरम पर था। जिसने हिंदुओं पर जबरन इस्लाम स्वीकार करने का दबाव डाला। उसने मंदिरों को तोड़ा, जजिया कर लागू किया और हिंदुओं को अपने धर्म से विमुख करने के लिए क्रूर नीतियां अपनाईं। 1675 में उसने कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया। कश्मीर में हिंदू पंडितों को जबरन धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाने लगा।



कश्मीरी पंडितों के पास कोई रास्ता नहीं बचा था। वे अपनी आस्था बचाने के लिए पंडितों का एक समूह, जिसका नेतृत्व पंडित कृपाराम कर रहे थे, सिखों के नौवें गुरु,गुरु तेग बहादुर जी के पास आनंदपुर साहिब पहुंचा। उन्होंने गुरु जी से अपनी व्यथा सुनाई और कहा, गुरु जी, औरंगजेब हमें जबरन मुसलमान बना रहा है। हमारी संस्कृति और धर्म खतरे में है। हमें बचाइए। गुरु जी ने कहा कि किसी महापुरुष के सिर की आवश्यकता है, तभी हिंदू धर्म की रक्षा हो सकती है। यह सुनकर, नौ साल के गोविंद राय ने तुरंत कहा, "पिताजी, आपसे बड़ा महापुरुष और कौन हो सकता है?" इस घटना को इतिहास में एक अनोखा उदाहरण माना जाता है, जहाँ एक बालक ने अपने पिता को ही धर्म की रक्षा के लिए बलिदान देने की प्रेरणा दी।

गुरु तेग बहादुर जी ने कश्मीरी पंडितों को आश्वासन दिया कि वे उनकी रक्षा करेंगे। कश्मीरी पंडितों ने औरंगजेब को संदेश भेजा कि अगर वह गुरु तेग बहादुर जी को इस्लाम कबूल करवाने में कामयाब हो जाता है, तो सारे कश्मीरी पंडित भी इस्लाम कबूल कर लेंगे। यह संदेश औरंगजेब के लिए एक चुनौती थी। उसने गुरु तेग बहादुर जी को दिल्ली बुलाया। 1675 में गुरु तेग बहादुर जी अपने कुछ शिष्यों के साथ दिल्ली पहुंचे। औरंगजेब ने उन्हें इस्लाम कबूल करने के लिए कहा, लेकिन गुरु जी ने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, मैं अपने धर्म को नहीं छोड़ूंगा। औरंगजेब क्रोधित हो गया। उसने गुरु जी को तरह-तरह की यातनाएं दीं। उनके शिष्यों–भाई मतिदास जी, भाई हरिदास जी, और भाई दयाला जी को भी उनके सामने क्रूरता से मार डाला गया।

भाई मतिदास जी को आरे से चीर दिया गया, भाई सतिदास जी को उबलते तेल में डालकर मारा गया और भाई दयाला जी को जिंदा जला दिया गया। लेकिन गुरु तेग बहादुर जी ने हिम्मत नहीं हारी। वे हर यातना को शांति और धैर्य के साथ सहते रहे। उनकी अडिगता देखकर औरंगजेब हैरान था। उसने आखिरी बार गुरु जी से कहा, इस्लाम कबूल कर लो, वरना मृत्यु तुम्हारा इंतजार कर रही है। गुरु जी ने जवाब दिया, मेरा सिर दे दूंगा, लेकिन धर्म नहीं छोड़ूंगा।

24 नवंबर 1675 को औरंगजेब ने गुरु तेग बहादुर जी को दिल्ली के चांदनी चौक में सार्वजनिक रूप से शहीद करने का आदेश दिया। यह घटना इतिहास में एक अमर बलिदान के रूप में दर्ज हो गई। उनके बलिदान के बाद औरंगजेब ने कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार कम कर दिए। हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गुरु जी ने जो धर्म युद्ध लड़ा, वह हर हिंदू के लिए गर्व की बात है।

गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान के बाद उनके पुत्र गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिख समुदाय को और मजबूत किया। गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान सिख और हिंदू समुदाय के बीच एकता का प्रतीक बन गया।

भारत माता अभिनंदन संगठन की तरफ से हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर जी के शहादत दिवस के आयोजन के अवसर पर नगर कौंसिल अध्यक्ष डॉ० हरीश गोयल की प्रेरणा से नगर कौंसिल अधीन सफाई सेवा में लगे कर्मचारियों को भारत माता अभिनंदन संगठन की तरफ से मफलर/गुलबंद भेंट किए गए। समारोह के अंत में सांसद की भार्या बीबा संदीप कौर, निजी सचिव दलेर सिंह डोड, मीडिया इंचार्ज परबजोत सिंह मचाकी,जथेदार गुरमीत सिंह खालसा आदि ने उपरोक्त कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत माता अभिनंदन संगठन का यह एक अद्वितीय प्रयास है कि उन्होंने गुरु साहब के मीरी-पीरी तथा बराबरी के सिद्धांत को मुख्य रखते हुए सफाई कर्मचारियों का सम्मान करके गुरु साहिब को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। इस अवसर पर पंडित सुशील कुमार शर्मा, बाबा लाचछा सिंह दयालपुर, डॉ हीरा सिंह, गुरपियर सिंह, बग्गू सिंह, सुखबीर सिंह आदि उपस्थित रहे। "स्वच्छता मित्रों" को सम्मानित करते हुए सांसद सरबजीत सिंह खालसा तथा संगठन के पदाधिकारी।

# शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने 'सीस मार्ग नगर कीर्तन' शुरू किया, दूसरे दिन तरावड़ी से अंबाला के लिए रवाना

## हरियाणा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन का गर्मजोशी से स्वागत किया

**(समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब रघुनंदन पराशर)**

जैतो(पंजाब ),26 नवंबर : नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत की 350वीं शताब्दी के मौके पर, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक८ कमेटी ने भाई जैता जी द्वारा दिल्ली से श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का शीश श्री आनंदपुर साहिब लाने की याद में, कल दिल्ली से शुरू हुआ ह्यसीस मार्ग नगर कीर्तनह्ण दूसरे दिन हरियाणा के तरावड़ी से अंबाला के लिए रवाना हुआ। नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले गुरुद्वारा साहिब में एक धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया, जिसमें रागी जत्थों ने गुरबानी कीर्तन किया और धर्म प्रचार कमेटी के कथावाचक ने श्रद्धालुओं को शहादत के इतिहास से जोड़ा। शुरूआत के मौके पर ऑर्गनाइजर ने पंज प्यारे साहिबान निशानची सिंहों और जानी-मानी हस्तियों को सिरोपा देकर सम्मानित किया। तरावीह से अंबाला तक नगर कीर्तन का संगत ने अलग-अलग जगहों पर गर्मजोशी से स्वागत किया। कल, 27 नवंबर को यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा सीस गंज साहिब अंबाला से शुरू होकर गुरुद्वारा श्री नाभा साहिब जीरकपुर पहुंचेगा। इस मौके पर शिरोमणि कमेटी के सदस्य हरभजन सिंह मसाना, तेजिंदरपाल सिंह लाडवा, बीबी जसवीर सिंह मसाना, पूर्व अध्यक्ष सुखवंत सिंह, पूर्व इंचार्ज मंगप्रीत सिंह, जत्थेदार दविंदर सिंह काला, सुखजिंदर सिंह समाना, जत्थेदार अमीर सिंह, प्रताप सिंह, जत्थेदार सूरत सिंह, एडिशनल सेक्रेटरी बिजय सिंह, इंचार्ज मलकीत सिंह, डिप्टी मैनेजर सतनाम सिंह, प्रचारक और सुपरवाइजर भाई बलवंत सिंह इनोकोट, सिख मिशन दिल्ली इंचार्ज मनमीत सिंह, जसबीर सिंह लोंगोवाल, हरियाणा सिख मिशन इंचार्ज सुखविंदर सिंह, परमजीत सिंह मैनेजर और बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे।शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आरंभ सीस मार्ग नगर कीर्तन तरावड़ी से अंबाला के लिए रवाना होने का दृश्य।



# जनसंपर्क विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में हरियाणा को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने की नजर आएगी तस्वीर:नायब सिंह सैनी

**समाज जागरण अश्विनी वालिया**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन व अवलोकन, राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में हाईटेक तकनीकी का किया प्रयोग, विशाल कर्व एलईडी स्क्रीन पर नजर दिखाया महाभारत व गीता उपदेशों को, 35 वैश्विक भाषाओं में लिखी पवित्र ग्रंथ गीता के कक्ष को खूब सराहा मुख्यमंत्री ने, 25 विभागों के स्टॉलों का किया अवलोकन**



कुरुक्षेत्र 26 नवंबर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में आधुनिक एवं हाईटेक तकनीकी का प्रयोग किया गया है। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में हरियाणा को 2047 तक विकसित राज्य बनाने की योजना को बखूबी दिखाया गया है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न देशों की 35 वैश्विक भाषाओं में लिखी पवित्र ग्रंथ गीता का कक्ष भी उल्लेखनीय और सराहनीय है। इस प्रदर्शनी में एक ही छत के नीचे हरियाणा की प्रगति, भावी योजनाओं, पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश, कुरुक्षेत्र के प्रमुख तीर्थों का इतिहास, विशाल कर्व एलईडी पर महाभारत के मुख्य अंश देखने लायक है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन करने के उपरांत अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्धियों और भावी योजनाओं को लेकर लगाए गए 25 स्टॉलों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने एक-एक विभाग की योजनाओं के बारे में फीडबैक ली और प्रदर्शनी के तथ्यों, साज-सज्जा और आधुनिक तकनीकी के बारे में प्रशंसा भी की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और गणमान्य लोगों के साथ समुह यादगारी चित्र करवाया और हरियाणा पैवेलियन का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रुचि लेकर राज्यस्तरीय प्रदर्शनी को देखा और प्रदर्शनी में प्रयोग की गई तकनीकी के बारे में जानकारी भी ली। इस हाईटेक तकनीकी के माध्यम से पवित्र ग्रंथ गीता के 18 अध्यायों और महाभारत के दौरान भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेशों के बारे में भी दिखाने का अनोखा प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश गौरवशाली इतिहास के साथ विकासात्मक स्वरूप का प्रत्यक्ष उदाहरण है। जहां गीता की जन्मस्थली पूरे विश्व में ज्ञान का प्रकाश दे रही है, वहीं हरियाणा सरकार की विकासात्मक उपलब्धि देश के अग्रणी राज्यों में हरियाणा को अतुलनीय पहचान दे रही है।

विभाग के अतिरिक्त निदेशक रणवीर सांगवान व शहीदी स्मारक के निदेशक डा. कुलदीप सैनी ने प्रदेश के गौरवमयी इतिहास के साथ ही 11 साल में बदलते हरियाणा के विकासात्मक पहलुओं को दशार्ती प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अन्य विकासोन्मुखी रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने प्रदर्शनी के बारे में अन्य अतिथिगणों को भी विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय डा. बीआर अंबेडकर संस्थान के निदेशक डा. प्रीतम सिंह, सुभाष कलसाना, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, सीईओ केडीबी पंकज सेतिया, केडीबी सदस्य विजय नरुला, डा. एमके मोदगिल, कैप्टन अमरजीत सिंह, अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, मेला प्राधिकरण के सदस्य डा. अवनीत वडैच, सौरभ चौधरी, सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सैनी, हरमेश सिंह सैनी, सुशील राणा,, राजेश कुमार, डा. संदीप छाबड़ा, रोशन बेदी, संजय चौधरी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# फिरोजपुर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के नेतृत्व में मंडल ने संविधान दिवस मनाया

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो(पंजाब ):26 नवंबर : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बुधवार को बताया कि आज 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर मंडल कार्यालय फिरोजपुर में मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार की अगुवाई में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कर संविधान के प्रति दृढ़ संकल्पित रहने की शपथ ली। संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन मंडल के फिरोजपुर कैंट, अमृतसर, लुधियाना, जालंधर सिटी आदि रेलवे स्टेशनों पर किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर स्टेशनों तथा कार्यालयों में संवैधानिक मूल्यों के बारे में रेलयात्रियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर वरि० मंडल अभियंता/समन्वय श्री सुमित खुल्लर, वरि० मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती साक्षी सिंह, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री ऋषि पाण्डेय, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्री राहुल देव, मंडल कार्मिक अधिकारी श्री विजेन्द्र कुमार एवं अन्य अधिकारीगण सहित मंडल कार्यालय में कार्यरत रेलकर्मी भी उपस्थित थे। फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा आयोजित संविधान दिवस पर कार्यक्रम का दृश्य।



# भारतीय रेल ने विशेष समारोह के साथ रेल भवन में संविधान दिवस मनाया

संविधान दिवस के अवसर पर आज रेलवे बोर्ड मुख्यालय, रेल भवन में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सतीश कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। प्रतिभागियों ने संविधान के मूल आदर्शों को बनाए रखने और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने का संकल्प भी लिया। उपस्थिति सहित आयोजन के अलावा, डिजिटल माध्यमों से भी संविधान दिवस मनाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों को "MyGov.in" और "constitution75.com" वेबसाइटों के माध्यम से संवैधानिक लोकतंत्र पर एक ऑनलाइन क्विज में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उनसे संविधान की प्रस्तावना को ऑनलाइन वाचन और प्रमाणपत्र प्राप्त करने का भी आग्रह किया गया।

अन्य रेलवे जोनों और मंडलों में भी इसी तरह के स्मरणोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। मध्य रेलवे ने सीएसएमटी हेरिटेज मुख्यालय में संविधान दिवस मनाया, जहां अपर महाप्रबंधक श्री प्रतीक गोस्वामी ने भवन के फोयर में संविधान की प्रस्तावना के वाचन का नेतृत्व किया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर दिल्ली की सड़कों पर उतरे शिक्षक एवं कर्मी

**समाज जागरण बादल हुसैन**

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सरकारी कर्मचारियों और कई संगठनों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व में हजारों की संख्या में सरकारी कर्मचारी दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंच कर अपनी मांग पर अड़ा रहा। भारत के अलग-अलग राज्यों से आए हुए सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश संगठन सचिव मो0 रिजवान उल्लाह ने बताया कि पेंशन हमारी बुढ़ापे की सुरक्षा है, सरकार कर्मचारियों के भविष्य के साथ खेलवाड कर रही है। पुरानी पेंशन बहाली सिर्फ मांग नहीं वल्कि हमारा संविधानिक अधिक है। आदि



सरकार जल्द ही निर्णय नहीं लेती है तो अंदोलन और उग्र हो गा । कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग को लेकर एक चुट है। प्रांतीय अध्यक्ष वरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि सेवा निवृत्ति के बाद आर्थिक सुरक्षा का सबसे बड़ा आधार पेंशन ही हैं। सरकार को यह समझना होगा कि बिना पेंशन कर्मचारियों का भविष्य अधर में है।

# ए आई पर्सनलाइज्ड थेरेपी के लिए कैंसर के राज खोलता है

एक नये अध्ययन में एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फ्रेमवर्क पेश किया गया है। यह कैंसर को समझने और उसका इलाज करने के हमारे तरीके को बदल सकता है। यह फ्रेमवर्क हमें कैंसर को देखने का एक नया नजरिया देता है–सिर्फ.उसके साइज या फैलाव से नहीं, बल्कि उसकी मॉलिक्यूलर पर्सनैलिटी से।

कैंसर सिर्फ.बढ़ते ट्यूमर की बीमारी नहीं है–यह कैंसर के हॉलमार्क कहे जाने वाले छिपे हुए बायोलॉजिकल प्रोग्राम के एक सेट से चलता है। ये हॉलमार्क बताते हैं कि हेल्दी सेल्स कैसे मैलिग्नेंट बन जाते हैं: वे कैसे फैलते हैं, इम्यून सिस्टम से बचते हैं और इलाज का विरोध करते हैं। दशकों से डॉक्टर टीएनएम जैसे स्टेजिंग सिस्टम पर भरोसा करते रहे हैं। यह ट्यूमर के साइज और फैलाव को बताते हैं। लेकिन ऐसे सिस्टम अक्सर गहरी मॉलिक्यूलर को नजरअंदाज कर देते हैं–क्यों "एक ही" कैंसर स्टेज वाले दो मरीजों के नतीजे बहुत अलग हो सकते हैं।

अशोका यूनिवर्सिटी के साथ काम कर रहे डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के एक ऑटोनॉमस इंस्टीट्यूट एस एन बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज के साइंटिस्ट्स ने पहला ए आई फ्रेमवर्क पेश किया है। यह कैंसर के मॉलिक्यूलर माइंड को पढ़ सकता है और उसके बिहेवियर का अनुमान लगा सकता है।

चित्रः ओन्कोमार्क का न्यूरल नेटवर्क कैंसर सेल्स के अंदर के कॉम्प्लेक्स मॉलिक्यूलर सिग्नल्स को डिकोड करता है ताकि हॉलमार्क एक्टिविटीज का अनुमान लगाया जा सके।

डॉ. शुभाशीष हलदर और डॉ. देबयान गुप्ता की टीम ने ओन्कोमार्क नाम के फ्रेमवर्क को लीड किया। इसने 14 तरह के कैंसर में 3.1 मिलियन सिंगल सेल्स को एनालाइज किया और सिंथेटिक ह्लस्यूडो-बायोप्सीह्न बनाईं जो हॉलमार्क-ड्रिवन ट्यूमर स्टेट्स को दिखाती हैं। इस बड़े डेटासेट ने ए आई को यह सीखने में मदद की कि मेटास्टेसिस, इम्यून इवेजन और जीनोमिक इनस्टेबिलिटी जैसे हॉलमार्क्स ट्यूमर ग्रोथ और थेरेपी रेजिस्टेंस को बढ़ावा देने के लिए एक साथ कैसे काम करते हैं।

ओन्कोमार्क ने इंटरनल टेस्टिंग में 99 प्रतिशत से ज्यादा एक्यूरेसी हासिल की और पाँच इंडिपेंडेंट कोहोर्ट्स में 96प्र तिशत से ऊपर रहा। इसे आठ बड़े डेटासेट से 20,000 असल दुनिया के मरीजों के सैंपल पर वैलिडेट किया गया। इससे यह बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हो सकता है। पहली बार वैज्ञानिक असल में यह देख पाए कि कैंसर की स्टेज बढ़ने के साथ हॉलमार्क एक्टिविटी कैसे बढ़ती है।

कम्युनिकेशंस बायोलॉजी (नेचर पब्लिशिंग ग्रुप) में पब्लिश हुआ नया फ्रेमवर्क यह बता सकता है कि मरीज के ट्यूमर में कौन से हॉलमार्क एक्टिव हैं, जिससे डॉक्टरों को उन दवाओं की ओर इशारा मिलता है जो सीधे उन प्रोसेस को टारगेट करती हैं। यह उन एग्रेसिव कैंसर की पहचान करने में भी मदद कर सकता है जो स्टैंडर्ड स्टेजिंग में कम नुकसानदायक लग सकते हैं। इससे पहले इलाज में मदद मिलती है।

# सनातन संस्कृति की आत्मा है यज्ञ : संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज

## 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ में उमड़ा श्रद्धा का जनसागर

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**





रामेश्वर वाराणसी।। स्वर्वेद महामंदिर धाम की पावन भूमि पर आज मानो दिव्यता उतर आई। 25,000 यज्ञझ ज्वालाओं का सामूहिक प्रकाश, वैदिक मंत्रों की अनुगूँज और असंख्य श्रद्धाझकणों का स्पंदन इस क्षण को अद्वितीय बना रहा था। महायज्ञ में उपस्थित यज्ञानुरागियों को संबोधित करते हुए सन्त प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने कहा कि यज्ञ सनातन संस्कृति की आत्मा है, इसी में वैदिक धर्म की जड़ें और जीवन बसता है।

यज्ञ श्रेष्ठतम शुभ कर्म है। यज्ञ का अर्थ है त्याग भाव। अग्नि की ज्वाला सदैव ऊपर की ओर उठती है अग्नि को बुझा सकते हैं, पर झुका नहीं सकते।

वैसे ही हमारा जीवन भी ऊर्ध्वगामी रहे श्रेष्ठ, पवित्र और कल्याणकारी पथ पर निरंतर गतिशील।

महाराज श्री ने स्पष्ट किया

हमारे अंतःकरण में ज्ञान की अग्नि,शरीर में कर्म की अग्नि, इंद्रियों में तप की अग्नि और विचारों में सद्भावना की अग्नि जलती रहे। यज्ञ की अग्नि हमें अशुभ का दहन और शुभ का पोषण सिखाती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल मनोकामनाओं की सिद्धि या पर्यावरण शुद्धि केवल नहीं है, बल्कि यह हमारे अन्तर्मन में त्याग और विश्वमानवझभावना को विकसित करता है

"मैं और मेरा" से ऊपर उठकर 'विश्व-कल्याण' की भावना जगाता है।

यज्ञ केवल अग्नि में आहुति नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार, लोभ और अशुद्धियों को समर्पित करने का पवित्र साधन है।

सन्त प्रवर श्री ने आज के समय की एक गम्भीर चुनौती–ग्लोबल वॉर्मिंग का उल्लेख करते हुए कहा यज्ञ इसे रोकने का एक सशक्त वैदिक उपाय है। पर्यावरण-चिन्तकों को इस दिशा में गम्भीरता से अध्ययन करना चाहिए।

उन्होंने बताया प्राचीन ऋषियों के आश्रमों में प्रतिदिन यज्ञ की परंपरा थी, और आज के समय में यह पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। यज्ञ एवं योग के सामंजस्य से ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है।

महाराज जी ने यह भी स्पष्ट किया कि यज्ञ का धुँआ कोई प्रदूषित गैस नहीं है; यह आयुर्वेदिक जड़ीझबूटियों से उत्पन्न दिव्य धूम्र है, जो स्वास्थ्य लाभ एवं पर्यावरण शुद्धि दोनों प्रदान करता है।

भव्य एवं आकर्षक ढंग से सजी 25,000 यज्ञ वेदियों में वैदिक मन्त्रोच्चारण के बीच लाखों दम्पत्तियों ने एक साथ भौतिक एवं आध्यात्मिक उत्थान के निमित्त आहुतियाँ प्रदान कीं।

यज्ञ के पश्चात सद्गुरु देव एवं सन्त प्रवर श्री के दर्शन हेतु भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

सन्त प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज एवं आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज की दिव्य उपस्थिति में सम्पन्न इस महायज्ञ ने वातावरण को केवल सुगंधित नहीं किया, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा यज्ञ को पुनः जनझजन के हृदय में प्रज्ज्वलित कर दिया।

इस महायज्ञ की पवित्रता ऐसी थी कि इसका वातावरण केवल स्वर्वेद महामंदिर धाम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि काशी के सम्पूर्ण परिवेश में आध्यात्मिक निर्मलता और दिव्यता का प्रसार करने लगा।

# मां अन्नपूर्णा के 17-दिवसीय महाव्रत का उद्यापन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



वाराणसी। मां अन्नपूर्णा के 17 दिवसीय महाव्रत का बुधवार को उद्यापन हुआ। इस पावन अवसर पर पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से आए किसानों ने अपनी नई फसल की पहली धान की बालियां मां के चरणों में अर्पित की। इन्हीं बालियों से काशी स्थित मां अन्नपूर्णा के प्रसिद्ध मंदिर का भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान माता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। परंपरा के अनुसार, किसान वर्ष की पहली धान की उपज देवी को समर्पित कर समृद्धि और सुख-शांति की कामना करते हैं।

उद्यापन के दिन मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया। कई कुंतल धान की बालियों से पूरा मंदिर प्रांगण और मां का दरबार अलंकृत किया गया। अन्य विग्रहों का भी पारंपरिक रीति से श्रृंगार किया गया, जिससे मंदिर का वातावरण दिव्यता और अध्यात्म से भर उठा। हजारों श्रद्धालु इस अलौकिक दृश्य को देखने के लिए मंदिर पहुंचे।

इस महाव्रत में शामिल भक्त पूरे 17 दिनों तक कठिन नियमों का पालन करते हैं। भक्त 17 गांठ और 17 धागे धारण करते हैं और पूरे व्रत काल में केवल एक समय बिना नमक का फलाहार ग्रहण करते हैं। व्रत के दौरान निरंतर माँ अन्नपूर्णा की आराधना की जाती है और उद्यापन के दिन विशेष पूजा, आरती और भोग अर्पित किया जाता है।

महंत शंकर पुरी ने बताया कि यह प्राचीन परंपरा काशी में वर्षों से चली आ रही है। उनका कहना है कि इस व्रत के फलस्वरूप न केवल अन्न-धन की वृद्धि होती है, बल्कि भक्तों की सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। किसानों द्वारा पहली फसल अर्पित करने की परंपरा कृषि संस्कृति और आस्था का अनूठा संगम है, जो काशी की आध्यात्मिक विरासत को मजबूत करती है। बालियां मां के चरणों में अर्पित की। इन्हीं बालियों से काशी स्थित मां अन्नपूर्णा के प्रसिद्ध मंदिर का भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान माता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। परंपरा के अनुसार, किसान वर्ष की पहली धान की उपज देवी को समर्पित कर समृद्धि और सुख-शांति की कामना करते हैं।

उद्यापन के दिन मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया। कई कुंतल धान की बालियों से पूरा मंदिर प्रांगण और मां का दरबार अलंकृत किया गया। अन्य विग्रहों का भी पारंपरिक रीति से श्रृंगार किया गया, जिससे मंदिर का वातावरण दिव्यता और अध्यात्म से भर उठा। हजारों श्रद्धालु इस अलौकिक दृश्य को देखने के लिए मंदिर पहुंचे।

इस महाव्रत में शामिल भक्त पूरे 17 दिनों तक कठिन नियमों का पालन करते हैं। भक्त 17 गांठ और 17 धागे धारण करते हैं और पूरे व्रत काल में केवल एक समय बिना नमक का फलाहार ग्रहण करते हैं। व्रत के दौरान निरंतर माँ अन्नपूर्णा की आराधना की जाती है और उद्यापन के दिन विशेष पूजा, आरती और भोग अर्पित किया जाता है।

महंत शंकर पुरी ने बताया कि यह प्राचीन परंपरा काशी में वर्षों से चली आ रही है। उनका कहना है कि इस व्रत के फलस्वरूप न केवल अन्न-धन की वृद्धि होती है, बल्कि भक्तों की सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। किसानों द्वारा पहली फसल अर्पित करने की परंपरा कृषि संस्कृति और आस्था का अनूठा संगम है, जो काशी की आध्यात्मिक विरासत को मजबूत करती है।

# संविधान ने देशवासियों को समान अधिकार अवसर दिया : प्रो. पुरुषोत्तम सिंह

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। महराज बलवंत सिंह स्नात्तकोत्तर महाविद्याल, गंगापुर में संविधान दिवस पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार तथा महाविद्याल के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में गोष्ठी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम सिंह ने कहा कि संविधान हर देशवासी को समान अवसर, सम्मानपूर्ण जीवन और अधिकार प्रदान कर मजबूत राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है।मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। एस आई आर अभियान में 18 वर्ष के ऊपर के लोग मतदाता सूची शामिल कराने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

वरिष्ठ अधिवक्ता मिथिलेश कुमार कुशवाहा ने मौलिक कर्तव्यों के पालन पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी को अपने संविधान पर गर्व है।यह समावेशी भावना से ओतप्रोत है। इसकी प्रस्तावना में न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्श यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक नागरिक - चाहे वह किसी भी जाति, पंथ, लिंग, भाषा, क्षेत्र या धर्म का हो - भारत की धरती पर अपना उचित स्थान प्राप्त करें।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी एवं राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर डॉ. अर्चना सिंह ने संविधान की उद्देशिका के एक एक की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि संविधान ने साधारण पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को उच्चतम स्तर पर राष्ट्र की सेवा करने के लिए सशक्त बनाया है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संविधान ने असंख्य नागरिकों को सपने देखने और उन सपनों को साकार करने की शक्ति प्रदान की है।

गंगापुर परिसर प्रभारी डॉ. उमेश कुमार ने कहा कहा कि हर नागरिक द्वारा कर्तव्यों को पूरा करना सामाजिक और आर्थिक प्रगति का आधार है। डॉ.अखिलानंद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कहा कि आज हम अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं जिनके त्याग और बलिदान से देश को आजादी मिली है ' आज देश संविधान दिवस मना रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवाओं में दायित्व और गर्व की भावना जगाने से लोकतांत्रिक मूल्य और देश का भविष्य मजबूत होगा।

कार्यक्रम के सहभागियों को मुख्य अतिथि ने संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया और वन्दे मातरम का गायन हुआ ' संविधान पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई और का प्रश्नों सही उत्तर देने वाले15 विजेताओं को पुस्कार प्रदान किया गया '

कार्यक्रम में प्रणय कुमार सिंह, प्रो मंजू मिश्र, अंगद प्रसाद यादव,डॉ. आशा सिंह, डॉ. ममता, डॉ. प्रियंका, डॉ. पूनम, उमेश प्रसाद राय, महेंद्र कुमार आदि की सहभागिता रही कार्यक्रम का संचालन सीबीसी के सहायक निदेशक, डॉ. लालजी ने किया' सीबीसी के पंजीकृत कलाकार रानी देवी ने लोकगीत पार्टी ने मनोहारी लोक गीत प्रस्तुत किया कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व काशी नरेश की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया '

# सही कार्ययोजना से ही लक्ष्य प्राप्ति संभव विमल कुमार सिंह।।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सबसे जरूरी होता है उसकी सही कार्य बनाना ताकि सही समय पर आत्मनिर्भरता के दिशा में प्रगति सम्भव हो सके।

उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत चल रहे जनपद वाराणसी के विकास खण्ड सेवापुरी से चयनित एकता संकुल समिति के ईसी सदस्यों का तीन दिवसीय "वार्षिक कार्ययोजना-1" विषयक प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।

सत्र प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षण में दी गयी वार्षिक कार्ययोजना की अभिलेखीय जानकारी को अच्छी तरह से सीखें और इसे अपने संकुल समितियों में लागू करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन दिवसों में प्रशिक्षक राजेश कुमार द्विवेदी व घनश्याम प्रजापति द्वारा कार्ययोजना बनाना, रणनीति, क्रियान्वयन, निगरानी, समीक्षा, मूल्यांकन करना आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गयी। इसके साथ ही साथ विभिन्न लक्षित आयाम जैसे मजबूत संगठन, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सरकारी योजनाओं तथा अधोसंरचना पर प्राथमिकता के अनुसार मुख्य संकेतक बिंदुओं पर की जाने वाली गतिविधियों को किस प्रकार निर्धारित समय पर पूरा करेगी और उसपर आने वाले खर्च का प्रबंधन खा से होगा आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई जिस पर सभी उपस्थित ग्राम संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया।

प्रशिक्षण में डीआरपी पांडेय,सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, विजेता, सुषमा, गुंजा, पुष्पा, राधिका, किरन, चन्दा, संजना, अंजली शर्मा, बेबी, नेहा मौर्या, ज्योति, ममता, पूनम, नीलम आदि सहित 30 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट, ग्रुप फोटो वितरित सत्र का समापन हुआ।



## अद्भुत, अलौकिक और अविश्वनीय

स्वर्वेद महामंदिर धाम आलोकित हो उठा, जब एक लाख दीपों को एक साथ प्रज्ज्वलित की गईं। इन दीपों ने गौसेवा, गुरुकुल संरक्षण और राष्ट्र प्रहरियों के सम्मान का संदेश दिया और संस्कृति, करुणा तथा कर्तव्य निष्ठा की भावना को आलोकित कर दिया। प्रथम दीप सतगुरू आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज के कर कमलों द्वारा किया गया।

फोटो रंजीत तिवारी

# भारत के सर्वांगीण विकास में भारतीय संविधान की अहम भूमिका होती है: विधायक त्रिभुवन राम

**समाज जागरण**




वाराणसी। हर भारतीय नागरिक के लिए 26 नवम्बर संविधान दिवस बेहद गर्व का दिन है।कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। यह संविधान ही है जो अलग - अलग धर्मो व जातियों की 140 करोड़ की आबादी को एक देश की तरह जोड़ता है।

संविधान के चार प्रमुख उद्देश्य पहला लक्ष्य एक अधिक परिपूर्ण संघ का निर्माण करना या राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना दूसरा लक्ष्य न्याय या कानून के समक्ष समानता स्थापित करना तीसरा लक्ष्य घरेलू शांति या घर मे शांति सुनिश्चित करना और चौथा लक्ष्य राष्ट्र की साझा रक्षा या सुरक्षा सुनिश्चित करना बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर ने संविधान में निहित कर महान कार्य किया।

आज देश 76वा संविधान दिवस मना रहा है।संविधान के महत्व को उजागर करना, संबैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और संविधान के निमार्ता के योगदान को याद करना 'हमारा संविधान,हमारा सम्मान' को केंद्रित कर बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि व नमन किया जा रहा है।

उक्त बातें 76वा संविधान दिवस समारोह अवसर पर कचहरी स्थित बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने 'भारत के सर्वांगीण विकास में भारतीय संविधान की भूमिका' विषय के उद्बोधन में व्यक्त की।

विधायक के साथ सैकडों कार्यकताओं ने 'जब तक सूरज चांद रहेगा -बाबा तेरा नाम रहेगा, भारतीय संविधान जिंदाबाद,जिंदाबाद, बाबा साहब अमर रहे,अमर रहे के नारे लगाकर बाबा साहब के आदर्शों को स्वीकारा। वहीँ जनपद के वरिष्ठपदाधिकारियों ,कार्यकर्ताओ , एडवोकेट ,जिलाध्यक्ष जिला किसान मोर्चा रामप्रकाश सिंह'बीरू' जितेंद्र सिंह 'जित्तू' धर्मेंद्र रघुवंशी, राणा चौहान, मोहन बाबू, लालबहादुर पूर्व विधान सभा अध्यक्ष ,मनोज मानव पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, पप्पू भाष्कर ,सूरज चौधरी, विजय राजभर , डॉ0 अशोक,डी0के0 सिंह सहित अन्य सम्मानित जन समारोह में शामिल रहे।

# निशुल्क टी बी जांच शिविर आज

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल**

पिंडरा। सिंधोरा बाजार में निशुल्क टीबी जांच शिविर गुरुवार को लगेगा। जिसमें संभावित मरीजों का एक्स-रे , बलगम की जांच वजन लंबाई की मुफ्त में जांच होगी । कार्यक्रम के बाबत जानकारी देते हुए सिंधोरा व्यापार मण्डल अध्यक्ष धनंजय मोदनवाल ने बताया कि पीएससी पिंडरा क्षय टीम और जिला टीबी यूनिटी द्वारा उद्योग व्यापार मंडल सिंधोरा के तत्वाधान में मदरसा नूर इस्माइलिया दारुल उलूम में 27 नवम्बर को सुबह 10 बजे से शिविर लगेगा।

# भाजपा की कथनी और करनी में एकरूपता : सच्चिदानंद राय

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह संयोजक केंद्र राजस्व सुशासन विभाग तथा पूर्व डीआईजी राजस्व सच्चिदानंद राय का वाराणसी आगमन पर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए सच्चिदानंद राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश को समृद्धशाली बनाने की ओर अग्रसर है। कहा कि अपनी लोकप्रियता के कारण भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के सभी राज्यों में जनता की पसंद बन रही है। जनता के दिए गए अपार समर्थन के कारण प्रदेश के कई राज्यों में भारतीय जनता पार्टी अपनी सरकार बना रही है। कहां कि भारती जनता पार्टी समाज के अंतिम व्यक्ति तक अपनी योजनाएं पहुंचने में सफल रही है। पार्टी कथनी और करने में फर्क नहीं करती है। कहां की इस पार्टी में कार्यकर्ता अपने बलबूते और सेवा के आधार पर पद प्राप्त करता है। स्वागत समारोह को डॉक्टर ठाकुर प्रसाद सिंह,प्रणय कुमार सिंह,एडवोकेट प्रमोद कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। स्वागत समारोह में पार्टी से जुड़े तमाम लोग उपस्थित रहे।



# संविधान दिवस के अवसर पर विद्यालययों में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक व सम्मानित

**समाज जागरण अनिल कुमार**





हरहुआ वाराणसी। विकास खंड हरहुआ के राजेश्वरी बालिका इंटरमीडिएट कालेज, एस0आर0 प्लेटिनम इंग्लिश स्कूल हरहुआ, राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरहुआ व शमीर्ला इंटरमीडिएट कालेज पुआरी खुर्द में 76वा संविधान दिवस समारोह के अवसर पर विविध निबंध ,चित्रकला ,रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर भारतीय संविधान के प्रमुख उद्देश्यों, महत्व को उजागर करना, 'हमारा संविधान,हमारा सम्मान' न्याय व कानून के समक्ष समानता स्थापित करने जैसे मूल्यों की जानकारी वक्ताओं ने व्यक्त कर छात्र-छात्राओं को सँविधान के प्रति जागरूक किया।

विद्यालय में आयोजित विविध कार्यक्रमों में प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्तर पर प्रतिभावान छात्र -छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महा विद्यालय के निदेशक प्रबन्धक साहित्यकार डॉ0 राघवेंद्र नारायण सिंह, उपनिदेशक अंशुमान सिंह, एस0 आर0 प्लेटिनम इंग्लिश स्कूल, राजेश्वरी बालिका इंटरमीडिएट कालेज हरहुआ के प्रबन्धक कौशलेंद्र नारायण सिंह, शमीर्ला इंटरमीडिएट कालेज पुआरी खुर्द के प्रबन्धक शमीर्ला प्रजापति,श्वेता सिंह ,मधु सिंह व मनीषा ने पुरष्कृत कर सम्मानित किया।

# संविधान की मूल भावना स्वयंसेवकों ने जानी, उसे अपने कर्तव्य ,दायित्व का संकल्प लिया।




वाराणसी। आज महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में केंद्रीय सूचना ब्यूरो सूचना मंत्रालय भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उदघाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पुरुषोत्तम सिंह ने संस्थापक महाराज की मूर्ति एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।

कार्यक्रम में सूचना ब्यूरो के सहायक निदेशक डॉ0 लालजी यादव विशिष्ट व्याख्यान कर्ता मिथिलेश कुमार कुशवाहा एडवोकेट मुख्य वक्ता डॉ0 अर्चना सिंह कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना रही।

कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर सुनाया गया तत्पश्चात वंदे मातरम गीत का वाचन किया गया। डॉ0उमेश प्रसाद ने संविधान की मूल भावना से स्वयंसेवकों को अवगत कराया।

कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अखिलानंद सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक ,अध्यापिकाएं प्रोफेसर मंजू मिश्रा ,डॉ 0 आशा कुमारी, अंगद प्रसाद यादव, डॉ0सत्य प्रकाश सिंह, डॉ0अभिषेक अग्निहोत्री सहित महाविद्यालय के अनेक अध्यापक कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। केंद्रीय सूचना ब्यूरो की ओर से अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

# कम लागत में अधिक उपज का साधन है जैविक खेती

## किसान मेले में उमड़ी किसानों की भीड़,दी गई जैविक खेती की जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



मीरजापुर। नमामि गंगे योजना द्वारा संचालित बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नरायनपुर विकास खंड के बगही गांव में किसान मेले का आयोजन किया गया।जिसमे किसानों को आधुनिक कृषि के बाबत नई जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को जैविक खेती से कम लागत में अच्छी उपज की जानकारी देते हुए, खेत में हो रही कार्बन की कमी को बढ़ाने के लिए विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया। डॉ सुरेश ने किसानों को बीजामृत और जीवामृत बनाने और उसके प्रयोग के बारे में जानकारी दी।मेले में किसानों को जैविक खेती पर जोर देते हुए कम लागत से अधिक उपज की बारे में बताया। किसानों को शासन द्वारा किसानों के कल्याण हेतु चल रही योजनाओं, कृषि विविधीकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान पति अनुराग सिंह ने किया। कार्यक्रम में धीरज सिंह, अशोक सिंह, दीनदयाल सिंह, सागर सिंह, विपुल सिंह सहित गांव के अन्य किसान उपस्थित रहे।

# काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में छात्राओं ने दिखाया अपना जलवा

**समाज जागरण**

वाराणसी। काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव 2025 में महाराज बलवंत सिंह महाविद्यालय गंगापुर वाराणसी के छात्राओं ने अपना जलवा दिखाया। समूह नृत्य में कस्तूरी एवं बरखा कुमारी ने द्वितीय स्थान एकल नृत्य में रंजना कुमारी ने तृतीय स्थान एकल गायन में संग्राम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम के संयोजक डॉअखिलानंद सिंह तथा समिति के सदस्य ओंकारनाथ डॉ0 दीपक श्रीवास्तव, डॉ0 आशा कुमारी ,डॉ0 अंजना तथा डॉ0 शिवमभरी मिश्रा ने विजेताओं को हार्दिक बधाई दी। प्रोफेसर मंजू मिश्रा, डॉ0उमेश कुमार, अंगद प्रसाद यादव तथा डॉ0अर्चना सिंह सहित सभी प्राध्यापक प्राध्यापिकाओं ने छात्र-छात्राओं को शुभकामना दी अपने शुभकामना संदेश में प्राचार्य प्रो0 पुरुषोत्तम सिंह ने कहा कि अगले कार्यक्रम में हमारे छात्र छात्राएं अपनी प्रतिभा के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे। महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं में उत्साह का संचार हुआ है।यह कार्यक्रम वाराणसी में आयोजित हुआ था जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था।



# सड़क हादसे में युवक की मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दलेल खेड़ा के समीप पैदल जा रहे 22 वर्षीय युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ललीयापुर गांव निवासी बजरंग यादव का अरूण कुमार यादव पैदल किसी काम से जा रहा था। जब वह दलेल खेड़ा के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वही सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# मामूली विवाद में महिला ने खाया जहर

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम कसियापुर में बुधवार की दोपहर मामूली विवाद के चलते 20 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया। वहीं परिजन कानपुर न ले जाकर शहर के किसी नर्सिंग होम में इलाज कराने लगे। जानकारी के अनुसार कसियापुर गांव निवासी लवकुश की पत्नी अमिता देवी ने मामूली विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजनो ने उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्साल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया। लेकिन परिजन कानपुर न ले जाकर शहर के ही किसी निजी अस्पताल में इलाज कराने लगे।

# सड़क हादसों में छात्र समेत दो घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुये सड़क हादसों में छात्र समेत दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के चितौरा गांव निवासी बड़े लाल 10 वर्षीय पुत्र मोहित जो अपने मामा रामसिंह निवासी चौधकियापुर के यहां रहता है और कक्षा 3 का छात्र है। दोपहर स्कूल से वापस आते समय बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार हथगाम थाना क्षेत्र के अमिलिहापाल गांव निवासी स्व0 अयोध्यासिंह का 45 वर्षीय पुत्र ओमकार बुधवार की सुबह बाइक से अपनी बहन की ससुराल चौड़गरा जा रहा था। तभी सौंरा पेट्रोल पम्प के समीप सामने से आ ही बाइक से भिन्डत हो गयी। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# वार्ड 25 में पौने दो करोड़ की परियोजना के साथ 21 लाख की नई सड़क का लोकार्पण!

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! नगर निगम वार्ड नं. 25 की जर्जर सड़क का होगा पूर्ण कायाकल्प। एनकेप योजना के तहत करीब पौने दो करोड़ की लागत से नया




मार्ग तैयार किया जाएगा, जिसमें साइड पटरी और पेड़ों की छांव भी शामिल होगी। इसी क्रम में करीब 21 लाख की लागत से बनी नई सड़क का महापौर कामिनी राठौर ने हवन-पूजन कर लोकार्पण किया। महापौर कामिनी राठौर ने पूजा अर्चना कर वार्ड विकास कार्यों की शुरूआत की। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर क्षेत्रीय पार्षद मुनेंद्र यादव के अलावा भाजपा कार्यकर्ता तथा नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे!

# सोनभद्र खनन हादसाः 6 अभियुक्तों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी, मु.अ.सं. 264/2025 के आरोपियों की तलाश जारी

**सोनभद्र ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

कृष्णा माइनिंग वर्क्स में हुए हादसे के बाद मामले में फरार चल रहे छह अभियुक्तों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने मु.अ.सं. 264/2025, धारा 105 बी.एन.एस. से संबंधित इन आरोपियों की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। आदेश के बाद खनन क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रहा था। हालांकि, सभी आरोपी लगातार फरार चल होकर भूमिगत हो गए, जिसके बाद न्यायालय ने यह कार्रवाई की। जिन अभियुक्तों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए हैं, उनके नाम और पते इस प्रकार हैंः मधुसूदन सिंह पुत्र रामबदन सिंह, निवासी हिनौती, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र, दिलीप कुमार केशरी पुत्र लक्ष्मण प्रसाद केशरी, निवासी अग्रवाल नगर बिल्ली, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, मुस्तफा सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद सिद्दीकी, निवासी भलुआ टोला, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र; राहुल तिवारी पुत्र अज्ञात, निवासी ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र; विशाल पुत्र पंचम गौड़, निवासी बिल्ली स्टेशन रोड, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र; और रवि सोनी पुत्र राजाराम सोनी, निवासी ओम चौराहा खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र। सोनभद्र पुलिस ने दोहराया है कि वह जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए





रखने और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन वारंटों के जारी होने के बाद फरार अभियुक्तों की तलाश तेज कर दी गई है। अगर एनबीडब्ल्यू लेने के बाद भी फरार आरोपी सामने नहीं आते तो पुलिस और भी कड़ा फैसला ले सकती है। बता दे कि बीते 15 नवंबर को ड्रिलिंग करते समय पहाड़ का मलबा अचानक मजदूरों के ऊपर गिर गया था जिसमे 7 लोग मलबे में दबकर काल के गाल में समा गए थे। कई दिनों चले रेस्कीयू के बाद मलबे में दबे शवों को बाहर निकाला जा सका था। विपक्ष ने सीएम योगी से भयानक त्रासदी के जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी हादसे में पीड़ित परिवारों से मिलने उनके गांव तक पहुंचे थे और दुःख प्रकट किया था। जिस दिन हादसा हुआ था उस दिन संयोग से सीएम योगी का सोनभद्र के चोपन में कार्यक्रम था। हालांकि सीएम योगी के जाने के बाद हादसा होने की बात कही जा रही थी। विपक्ष ने वर्तमान सरकार की नीतियों और नियम के विरूध चल रहे खदानों को लेकर सीएम योगी को घेरा था।

# एसआईआर की प्रक्रिया से बढ़ रही नेपाली बहुओं की बेचैनी!

.... रोटी-बेटी के रिश्तों पर प्रक्रिया भारी ....

**सुनील कुमार श्रीवास्तव समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से सटे सिद्धार्थनगर जनपद व अन्य सीमाई जनपदों में विशेष प्रगाढ़ मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के दौरान एक नई चुनौती सामने आ रही है, सिद्धार्थनगर जिले में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जिनके बेटों की शादी नेपाल में हुई और बहुएं वर्षों से भारत में रह रही हैं, लेकिन एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र भरते समय यह परिवार गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं, क्योंकि फार्म में ऐसे लोगों के लिए कोई विकल्प ही उपलब्ध नहीं है जिनका न तो 2003 का भारत में कोई रिकार्ड है और न ही उनका पता भारतीय क्षेत्र में प्रमाणित है। वर्ष 2003 के बाद सीमावर्ती इलाकों में नेपाल से हजारों बेटियों का विवाह भारतीय परिवारों में हुआ है,ये महिलाएं अब भारतीय परिवारों का हिस्सा हैं, कई की संतानें भी यहां पैदा हुईं, लेकिन अब गणना प्रपत्र भरने के दौरान उनसे 2003 से संबंधित निवास, दस्तावेज एवं भारतीय पते की जानकारी मांगी जा रही है, जो उनके पास उपलब्ध ही नहीं है। दस्तावेज न होने से फार्म अधूरा है। एसआईआर अभियान से जुड़े अधिकारी और बीएलओ भी इस स्थिति में असमंजस में हैं। उन्हें फार्म पूरा करने का निर्देश तो मिला है लेकिन इन मामलों में किस आधार पर जानकारी दर्ज की जाए, इस बाबत कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं है। ऐसे में न तो फार्म सही तरह भरे जा पा रहे हैं, न ही पात्र महिलाओं का डाटा अपडेट हो रहा है। सीमा पर सामाजिक संबंध प्रबल, पर कानूनी प्रक्रिया कमजोर भारत-नेपाल लंबे समय से रोटी-बेटी के संबंधों के लिए जाने जाते हैं। वर्षों से यहां विवाह, व्यापार, रोजगार और रिश्तेदारी बिना किसी बाधा के चलते रहे हैं। लेकिन अब एसआईआर की औपचारिकताओं ने स्थानीय परिवारों को उलझन में डाल दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब विवाह सामाजिक रूप से मान्य है, परिवार भारतीय है और वे कई वर्षों से यहां रह रही हैं तो फिर उन्हें भारतीय मतदाता सूची में शामिल करने से संबंधित प्रक्रिया सरल होनी चाहिए। आने वाले समय में नागरिकता और मताधिकार पर संकट यदि इस मामले पर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो यह समस्या आगे चलकर गंभीर रूप ले सकती है। नेपाल से आई हजारों बहुएं मतदाता सूची से बाहर रह जाएंगी। इससे न केवल उनका मताधिकार प्रभावित होगा बल्कि भविष्य में नागरिकता संबंधी दिक्कतें भी खड़ी हो सकती हैं।

सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों ने निर्वाचन आयोग व सरकार से अपील की है कि एसआईआर के फार्म और प्रक्रिया में संशोधन कर ऐसे विशेष मामलों के लिए अलग प्रावधान किए जाएं, ताकि वर्षों से भारत में रह रही इन महिलाओं को उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित न होना पड़े।चुनाव आयोग की ओर से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार गणना प्रपत्र भरने का सभी को अधिकार है। प्रपत्र भरने के बाद कमियों पर नोटिस दिया जाएगा,इसके बाद नेपाल से भारतीय क्षेत्र में शादी होने के बाद उनके माता-पिता संबंधी दस्तावेज की अनिवार्यता या अन्य कोई विकल्प लेने संबंधी निर्णय भारत निर्वाचन आयोग की ओर से ही लिया जाएगा। एडीएम गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि आयोग की ओर से प्राप्त निदेर्शों का अनुपालन किया जा रहा है,अभी सभी लोग गणना प्रपत्र भरकर जमा करें,नोटिस मिलने पर उच्चा धिकारियों समेत चुनाव आयोग से मार्गदर्शन लिया जाएगा।

# महाराष्ट्र और गुजरात से लौटे युवकों में मलेरिया की पुष्टि, स्वास्थ्य टीम की दस्तक

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। महाराष्ट्र व गुजरात प्रदेश से जनपद में लौटे दो युवकों में मलेरिया बीमारी की पुष्टि हुई है,दोनों युवकों की ओर से बुखार की जांच कराने के बाद बीमारी की जानकारी मिली है। बीमारी की पुष्टि होने पर माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज की टीम ने दोनों युवकों के घरों पर दस्तक देकर सात लोगों का ब्लड सैंपल कराया है,इसके साथ ही बीमारी पर नकेल कसने के लिए 100 परिवारों की बुखार की हिस्ट्री जुटाकर जागरूक किया है,दरअसल,बांसी क्षेत्र के अकोलिया गांव निवासी 30 वर्षीय युवक मुंबई में रहकर नौकरी करता है,मुंबई से गांव लौटने पर युवक को बुखार की दिक्कत हो गई,परेशान हाल में युवक ने जनपद के मेडिकल कॉलेज में जांच कराई,इसमें मलेरिया प्लाजमोडियम वाईवैक्स बीमारी से युवक पीड़ित पाया गया,वहीं शोहरतगढ़ क्षेत्र के गजहड़ा गांव निवासी 20 वर्षीय युवक गुजरात के सूरत से गांव लौटने पर बुखार से पीड़ित रहा। इसने भी मेडिकल कॉलेज में जांच कराई,यह युवक भी जांच में मलेरिया मिक्सड इंफेक्शन (प्लाजमोडियम वाईवैक्स एवं प्लाजमोडियम फालसिपेरम) से पीड़ित मिला। दोनों युवकों में मलेरिया बीमारी की पुष्टि होने पर सीएमएस ने मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग को पत्र लिखा ,जिसमें उन्होंने एक्टिव सर्विलेंस की जानकारी लेने का निर्देश दिया, सीएमएस का पत्र मिलने के बाद कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ.नौशाद आलम के नेतृत्व में सहायक आचार्य डॉ.नीलम,सीनियर रेजिडेंट डॉ. वीरेंद्र सोनी व स्थानीय सीएचसी की टीम ने मंगलवार को शोहरतगढ़ क्षेत्र के गजहड़ा गांव में मरीज के घर दस्तक दी,इस दौरान विभागाध्यक्ष ने परिवार के लोगों से बातचीत कर मरीज की हिस्ट्री लिया,जिसमें प्रदेश के बाहर से बीमार होने का जानकारी मिली। टीम ने मरीज के संपर्क में रहे परिवार के पांच सदस्यों का ब्लड सैंपल लेकर मलेरिया जांच के लिए भेजा गया। मरीज के पिता के घर पर मौजूद न होने से सैंपल नहीं लिया जा सका,टीम ने परिवार से सटे 50 घरों का सर्वे कराकर एक माह के भीतर बुखार से पीड़ित हुए लोगों की जानकारी इकट्ठा की और बीमारी के बारे में जागरूक किया, बांसी पीड़ित के घर टीम सोमवार को विजिट कर मरीज की पत्नी व बच्चे का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा,परिवार से सटे लोगों से बुखार की जानकारी लेकर जागरूक किया, शोहरतगढ़ व बांसी क्षेत्र में गुजरात व मुंबई से लौटे एक-एक युवकों में मलेरिया बीमारी की पुष्टि हुई है,

बीमारी की पुष्टि होते ही युवकों का इलाज शुरू कर दिया गया है,दोनों मरीजों के घरों पर टीम ने विजिट कर कांटेक्ट में रहे सदस्यों का सैंपल लिया है,जिसे जांच के लिए भेजा गया है,प्रो. डॉ. नौशाद आलम, विभागाध्यक्ष,कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज में 2200 विद्यार्थियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का पाठ

**समाज जागरण**

सिरसागंज! नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में संविधान दिवस के कार्यक्रम की श्रृंखला में विद्यालय के 2200 विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया।

अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है। भारत का संविधान संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ था। इसलिए 26 नवम्बर को प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में सम्पूर्ण देश में मनाया जाता है। संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष सच्चिदानंद सिन्हा, स्थायी अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद एवं प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर थे। इस संविधान को बनने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे। 26 नवम्बर 1949 को पारित होने के पश्चात भारत में संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसलिये प्रतिवर्ष 26 जनवरी को देश



में गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराते हुए कि हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी सम्वत दो हजार छ विक्रमी को एतदद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

इस अवसर पर संदीप जैन, संजय कटारा, राजकुमार, संजीव जैन, सत्यपाल सिंह, परेश जैन, दुर्गेश नन्दन श्रीवास्तव, धीरज जैन, प्रशान्त जैन, निर्भय जैन, योगेश श्रीवास्तव, निशान्त जैन, राम गोपाल, हरीशंकर, नितिन जैन, विपुल जैन, मनोज शाक्य, श्रीमती सुकीर्ति चतुर्वेदी, साधना मोडवेल, सारिका कुलश्रेष्ठ, प्रीती जैन, रंजना जैन, अंजली जैन, कीर्ति जैन आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# रेप के अभियुक्त ने न्यायालय में बटन से खुद को किया घायल

**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। न्यायालय परिसर में रेप के आरोपी ने धारदार वस्तु से खुद को घायल कर लिया।पुलिस ने जिला अस्पताल में उसका उपचार कराया है। पुलिस ने बुधवार प्रातः राजू पुत्र रामदास निवासी मौहल्ला विजयनगर को एक महिला से बलात्कार के मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस उसे रिमांड को न्यायालय ले गई। रिमांड के बाद पुलिस उसे वापस ला रही थी। उसी दौरान कोर्ट से निकलने पर उसने अपनी जींस की जाकीट में लगे बटन से खुद को घायल कर लिया।

पुलिस कर्मी आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। जहां उसका उपचार कराया। थाना लाइनपार निवासी एक महिला ने उसके खिलाफ न्यायालय के आदेश पर पुकदमा दर्ज कराया



था। महिला का कहना था 27 जून 2025 को उसके इंस्टाग्राम आईडी पर राजू पुत्र रामदास निवासी मौहल्ला विजयनगर का फोन आया था। उसने महिला को प्रधानमंत्री आवास का लालच दिया। वह महिला से 15 हजार रूपया भी ले गया। महिला 15 सितंबर 2025 को घर पर अकेली थी। तभी राजू मौका देखकर मेरे घर में अन्दर घुस आया और उसने मेरा मुँह कपडे से वन्द कर दिया। आरोप है युवक ने जवरन उसके साथ दो वार वलात्कार किया। उसने अश्लील वीडियो वना ली। उसे वायल करने धमकी दे कई बार बलात्कार किया। महिला ने थाने में तहरीर दी। आरोप है पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। एसएसपी के यहां से भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। महिला ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज था।

# एसआईआर किसी को परेशान करने के लिए नहीं हैः रजनीकांत माहेश्वरी

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जसराना विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठनात्मक ढांचे को और सुदृढ़ करने तथा मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को रफ्तार देने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में कार्यकताओं से एसआईआर के दौरान सक्रिय रहने को कहा गया। इस दौरान कहा कि एसआईआर किसी को परेशान करने के लिए नहीं है।

बैठक में पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह से मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए हैं। गलत वोटर्स का नाम हटाने एवं सही वोटर्स को जोडने के लिए प्रक्रिया चुनाव आयोग द्वारा कराई जा रही है। चुनाव आयोग का उद्देश्य



किसी को परेशान करना नहीं है। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं आगरा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिर्राज सिंह कुशवाहा ने कहा विशेष पुनरीक्षण अभियान एसआईआर में हर कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने बूथ स्तर पर टीमों को मजबूत करते हुए नए मतदाताओं को जोड़ने और पुरानी त्रुटियों को दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख रुप से पूर्व विधायक रामगोपाल पप्पू लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष मानवेंद्र लोधी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, अमलेंद्र लोधी, नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ओबरा में भी दिखी राष्ट्र संविधान दिवस की धूम, "हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान" थीम को लेकर निकाली गईं रैली

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

ओबरा/ सोनभद्र। ओबरा नगर में संविधान दिवस के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के तत्वावधान में एक रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोग शामिल हुए। रैली का मुख्य विषय "हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान" था। इस अवसर पर दुनिया के सबसे बड़े लिखित संविधान का जश्न मनाने को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा गया। रैली का उद्देश्य धर्मनिरपेक्षता की संरचना के सपनों को साकार करना था। रैली में शामिल लोगों ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संविधान सभी को समानता और अपनी बात रखने की स्वतंत्रता देता है। यह देश के प्रत्येक नागरिक को एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। यह रैली बिल्ली पोखरा, गजराजनगर और सुभाष तिराहा होते हुए बुद्ध विहार तक निकाली गई। बुद्ध विहार में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संजय कनौजिया ने




बताया कि यह रैली संविधान दिवस के शुभ अवसर पर निकाली गई है। उन्होंने जोर दिया कि देश संविधान से चलता है और हमेशा संविधान से ही चलेगा। चंद्रकांत राम ने कहा कि बाबा साहब द्वारा दिए गए लोकतंत्र के संविधान का पालन करते हुए आज संविधान दिवस पर यह रैली निकाली गई है। उन्होंने संविधान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। राजेश कुमार दिनकर ने बताया कि आज के दिन बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान बनाया था और इसे देश को सौंपा था ताकि सभी इसके नियमों पर चलें। उन्होंने बसपा को एक मिशन बताया जो दलितों और बाबा साहब के बनाए संविधान पर चलता है। बहुजन समाज पार्टी के जिला महासचिव संजय कनौजिया के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार गिरी उर्फ टाम बाबा, ओबरा जोन प्रभारी जितेंद्र भारती, चंद्रकांत राम, पूर्व अध्यापक राजेंद्र प्रसाद, दिनेश कुमार, अंकुश राव, राहुल बाबू, डब्लू रंगीला, जुगैल जोन प्रभारी राजेश भारती, सीताराम भारती, राम अवतार, एडवोकेट लालचंद, एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण समिति अध्यक्ष सुनील कुमार भारती, बौद्ध महासभा अध्यक्ष सुरेंद्र सागर व अन्य अंबेडकरवादी मौजूद रहे।

# अभिषेक अग्रहरि के नेतृत्व में, संविधान दिवस पर "सोन चेतना सामाजिक संगठन" की पदयात्रा

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

ओबरा/ सोनभद्र। संविधान दिवस के अवसर पर सोन चेतना सामाजिक संगठन द्वारा बुधवार को संविधान में प्राप्त मूल अधिकारों–समानता, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ वातावरण और प्रशासनिक उत्तरदायित्व–के संरक्षण की मांग को लेकर एक शांतिपूर्ण पदयात्रा निकाली गई। संगठन के संस्थापक अभिषेक अग्रहरी के नेतृत्व में प्रारंभ हुई यह पदयात्रा पुराने थाने के पास बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर दूध और पानी से अभिषेक व माल्यार्पण के बाद आरंभ हुई। यात्रा के दौरान लोगों ने भारतीय संविधान ज़िंदाबाद, हम अपना अधिकार मानते नहीं किसी से भीख मांगते, बाबा साहब अमर रहें जैसे नारों के माध्यम से जन-जागरूकता का संदेश दिया। यात्रा हनुमान मंदिर चौराहा, शिक्षा निकेतन, आर्य समाज, सेक्टर-8 होते हुए ओबरा तहसील पहुँची पदयात्रा के उपरांत प्रति निधिमंडल ने उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में ओबरा तहसीलदार को मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें बिल्ली-मारकुड़ी खनन



क्षेत्र में हुई दुर्घटना को सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन का परिणाम बताते हुए खनन व्यवस्था में उच्च स्तरीय जाँच, सुरक्षा प्रबंधन की डिजिटल निगरानी और पारदर्शिता की मांग रखी गई। ज्ञापन में नगर के बढ़ते प्रदूषण, तापीय परियोजना से फैल रहे धुएँ, ओबरा अस्पताल में ICU व ट्रॉमा यूनिट जैसी सेवाओं के अभाव, आधुनिक उपकरणों की कमी तथा ओबरा इंटर कॉलेज में शिक्षकों और संसाधनों के अभाव को नागरिकों के मूल अधिकारों का हनन बताया गया। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि उद्योगों व खनन परियोजनाओं से हो रहे प्रदूषण पर कड़ी निगरानी, AQI मॉनिटरिंग, स्वच्छता व्यवस्था , नागरिक संवाद समिति का गठन और DMF निधि का पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, जिससे स्वास्थ्य , शिक्षा, पर्यावरण और सुरक्षा से जुड़े संवैधानिक अधिकार धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हो सकें। सूर्या पटेल ने कहा कि संविधान दिवस जनहित की आवाज को सरकार तक पहुँचाने का ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस दिन उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लेकर ओबरा की स्थिति में सुधार लाएगी। यात्रा में सम्मिलित जनमानस में सूर्या पटेल, मनीष कुमार, आयुष जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, गौरव राव, प्रिंस गुप्ता, हर्ष अग्रहरि, अमन जायसवाल, अभिषेक राव, सुशील कुमार, हिफाजत अली, महेश कुमार, नितेश गुप्ता, आदित्य साहनी, विकास कुमार, बबलू कुमार, अमनोल, शिव परसाद, ऋषभ राव, अमजद खान, धीरज मार्का, मनीष दुबे सहित बड़ी संख्या में युवा व नागरिक शामिल रहे।

# संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में संविधान दिवस पर नाटक आयोजित

**कांधला (फुरकान जंग)**

76वें संविधान दिवस के अवसर पर नगर के मोहल्ला शेखजादगान स्थित संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में भारतीय न्याय व्यवस्था पर आधारित एक आकर्षक नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से छात्रों ने संविधान में वर्णित न्यायपालिका की भूमिका, उसके अधिकारों और आम नागरिकों को मिलने वाले न्याय के महत्व को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत से हुई। इसके बाद प्रधानाचार्य कुमारी रंजना मित्तल ने संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 26 नवंबर 1949 को भारत ने अपना संविधान अंगीकार किया था,

जो 26 जनवरी 1950 से देश में लागू हुआ।छात्रों ने न्यायाधीश, वकील और अभियुक्त जैसे विभिन्न न्यायिक पदों की भूमिकाओं को जीवंत करते हुए पूरी न्याय प्रक्रिया का मंचन किया। विद्यालय के प्रबंधक क्षितिज मित्तल, उपस्थित शिक्षकों और छात्रों ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की गहराई और न्याय

पालिका की कार्यप्रणाली को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिला।अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा छात्रों को संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के पालन का संदेश दिया।

इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# अवैध जुआ खेलने वालों के विरूद्ध उमरिया पुलिस की कार्यवाही*

## शीतलानी समेत 10 आरोपियों के विरूद्ध थाना नौरोजाबाद में 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज*

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया।पुलिस अधीक्षक उमरिया विजय भागवानी द्वारा अवैध गति विधियों की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु जारी निर्देश के पालन में थाना नौरोजाबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक 25.11.2025 को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम दैगवां में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई जिस पर दिनेश सोनी के घर के पास बिजली के खंभे की नीचे स्ट्रीट लाइट की रौशनी में रुपए-पैसो की हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते पाये गये 10 आरोपियों को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 32500/- रुपए नगद, 52 ताश के पत्ते एवं 04 मोटरसायकिल जप्त की जाकर आरोपियों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर अग्रिम विधिसंगत कार्य वाही की गई । आरोपीगण जिनके विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया उनमें राहुल शीतलानी पिता दीपक शीतलानी निवासी बाजारपुरा थाना नौरोजाबाद ,मो. नवाब अहमद पिता अबरार अहमद निवासी पांच नंबर थाना नौरोजाबाद ,राहुल बर्मन पिता विश्नू वर्मन निवासी पांच नंबर थाना नौरोजाबाद ,गुड्डा गुप्ता पिता स्व. दशरथ प्रसाद निवासी बाजारपुरा थाना नौरोजाबाद,शम्भू रजक पिता शिव प्रसाद निवासी पांच नंबर थाना नौरोजाबाद ,संजय वर्मा पिता स्व. बाबूलाल वर्मा निवासी कृष्णा कालोनी थाना नौरोजाबाद,अमित सिंह पिता स्व. विजय सिंह निवासी बाजारपुरा थाना नौरोजाबाद ,अतुल सोनी पिता प्रताप सोनी निवासी बाजारपुरा थाना नौरोजाबाद , सत्यजीत बर्मन पिता रघुनाथ वर्मन निवासी कृष्णा कालोनी थाना नौरोजाबाद एवं वाजिद खान पिता स्व. वाहिद खान निवासी दैगवा थाना नौरोजाबाद शामिल है।

# जन अभियान परिषद ने करकेली में किया बोरी बंधान का आयोजन

**समाज जागरण संजय तिवारी**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड करकेली जिला उमरिया के जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ल के निदेर्शानुसार नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन व मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता पाठ्यक्रम के पराम र्शदाता व छात्र छात्रा के संयुक्त तत्वाधान में जल संचय अभियान के तहत सेक्टर क्रमांक 1 करकेली के ग्राम करकेली स्थित बन्ना नदी में बोरी बंधान का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत में नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन अध्यक्ष दीपक नामदेव जी द्वारा जल संचय अभियान के बारे में बताते हुए जल के महत्व एवं इसे सहजने के उपायों के बारे में बताया गया व परामर्शदाता सुनीता सिंह जी द्वारा कहा गया कि भू जल स्तर को बढ़ाने हेतु आवश्यक है कि हम को अधिक अधिक जल को संरक्षित करना होगा व सभी को बोरी बंधान करने हेतु प्रेरित किया गया। जिसके बाद उपस्थित जनों द्वारा जनभागीदारी से 55 बोरियो से बोरी बंधान किया गया।इस कार्यक्रम में उटउछउद्ध छात्र अनिलेश नामदेव, सोनू रैदास, अंकित बर्मन, खुशबू सिंह, ऊषा सिंह, शालनी सेन, रानी बैगा, श्वेता कांत सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अजाक्स अध्यक्ष की विवादित टिप्पणी पर आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा का तीखा विरोध

## जिलाध्यक्ष चैतन्य मिश्रा बोले समाज को बांटने वाली भाषा स्वीकार नहीं

**समाज जागरण**

अनूपपुर। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) के नए प्रांताध्यक्ष आई ए एस संतोष वर्मा की हालिया टिप्पणी को लेकर आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा ने सख्त नाराजगी जताई है। संगठन का कहना है कि यह बयान समाज में अनावश्यक तनाव पैदा करता है और जातिगत संबंधों को गलत दिशा में ले जाता है।जिलाध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने कहा कि अधिवेशन के दौरान आरक्षण पर बोलते हुए वर्मा ने ब्राह्मण समाज के पारिवारिक रिश्तों और विवाह संबंधों को जिस तरह राजनीति से जोड़ा, वह पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय की बेटी या निजी रिश्तों पर इस तरह की टिप्पणी सामाजिक सौहार्द को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचाती है। मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति बेटियों को सम्मान और बराबरी का दर्जा देती है। ऐसे में अपमानजनक या हल्की भाषा का इस्तेमाल कहीं से भी स्वीकार योग्य नहीं है वो भी जिम्मेदार पद बैठे हुए व्यक्ति से। उन्होंने यह भी कहा कि विवाह दो वयस्कों का व्यक्तिगत निर्णय होता है और इसे राजनीतिक बयान या जातिगत बहस में घसीटना समाज को पीछे धकेलने जैसा है।उन्होंने कहा कि अजाक्स एक कर्मचारी संगठन है और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह सेवा और प्रशासनिक मुद्दों पर ध्यान दे, न कि ऐसे बयान दे जो समुदायों के बीच अविश्वास बढ़ाएं। महासभा का आरोप है कि संतोष वर्मा की टिप्पणी सामाजिक समरसता के खिलाफ है और यह जिम्मेदार पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है।महासभा ने सरकार से मांग की है कि वर्मा के खिलाफ ऋक्षफ़दर्ज कर कार्रवाई की जाए और उन्हें पद से हटाया जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो विरोध कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। मिश्रा ने साफ कहा कि ब्राह्मण समाज के सम्मान पर किसी भी तरह की चोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी।महासभा ने यह भी कहा कि भारत की सामाजिक परंपरा विविधता, पारस्परिक सम्मान और सहयोग पर आधारित है। निजी रिश्तों को विवाद का आधार बनाना न केवल अनुचित है बल्कि समाज को विभाजन की ओर ले जाता है।

# 69वीं राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता-33 राज्यों के खिलाड़ी दिखाएँगे दमखम

**समाज जागरण उमरिया**

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश भोपाल के निदेर्शानुसार 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 6 दिसंबर 2025 तक उमरिया जिला मुख्यालय में होगा।देशभर के 33 राज्यों से आए छात्र खिलाड़ी तथा लगभग 100 ऑफिसियल्स इस प्रतिष्ठित आयोजन में भाग लेने पहुँच रहे हैं। इस बाबत जिम्मेदार अधिकारियों ने मुख्यालय स्थित कृष्णा गार्डन में प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी साझा की।प्रतिभागियों एवं अधिकारियों के ठहरने के लिए आवासीय खेल परिसर भरौला,होटल सरई,कृष्णा गार्डन,सूर्या होटल, चंदेल होटल एवं कृष्णा पैलेस में सुव्यवस्थित आवास की व्यवस्था की गई है। वहीं प्रतियोगिता संचालन हेतु स्टेडियम उमरिया,कृष्णताल मैदान, पीटीएस ग्राउंड तथा शा.उ.मा.वि. बालक चंदिया के खेल मैदानों को चयनित किया गया है।जिला प्रशासन ने लोक शिक्षण संचालनालय एवं एसजीएफआई के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप सभी तैयारियाँ लगभग पूर्ण कर ली हैं। प्रतिभागियों के आवागमन के लिए बसों और जीपों की विशेष व्यवस्था तथा स्वास्थ्य-सुरक्षा को लेकर कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।उद्घाटन समारोह 1 दिसंबर को दोपहर 1 बजे स्टेडियम उमरिया में तथा समापन 6 दिसंबर को होगा।जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ने कहा कि यह आयोजन उमरिया के लिए गर्व का अवसर है।हमारी प्राथमिकता है कि प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार की कमी महसूस न हो और यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर जिले की पहचान को और मजबूत करे।प्रेस वार्ता में सीईओ अभय सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस.मरावी, जिला क्रीड़ा अधिकारी शेख सलीम, सुशील मिश्र, राजकुमार महोबिया सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोतमा ,ब्राह्मण समाज के सम्मान पर चोट बर्दाश्त नहीं : सुनील गौतम *

**समाज जागरण**

आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर दिए गए विवादित बयान पर कोतमा अनूपपुर में ब्राह्मण समाज ने इस बयान को समाज की गरिमा, सम्मान और परंपराओं पर सीधा हमला बताया है। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता सुनील गौतम ने कहा कि यह बयान बेहद आपत्तिजनक, असंवेदनशील और गैरजिम्मेदाराना है। उन्होंने कहा, ब्राह्मण समाज हमेशा ही सर्व समाज के साथ खड़ा रहा है। जन्म से लेकर मृत्यु तक हर कर्मकांड में ब्राह्मण ही समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता है। हम हमेशा हर समाज के उत्थान, एकता और



सद्भाव की बात करते हैं। ऐसे समाज के बारे में इस प्रकार की भाषा का उपयोग करना बेहद चिंताजनक है। श्री गौतम ने कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी को अपने विचारों में संतुलन और अपनी भाषा में मयार्दा रखनी चाहिए। समाज को जोड़ने का जो दायित्व सरकार और प्रशासन पर होता है, वही पदाधिकारी जब विभाजनकारी, जातिगत और अप मान जनक भाषा का प्रयोग करें तो यह लोकतंत्र की व्यवस्था के लिए खतरे का संकेत है। सुनील गौतम जी ने सरकार से मांग की है कि तत्काल इस मामले में संज्ञान लिया जाए और आईएएस अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी संवैधानिक अधिकारी समाज के सम्मान के साथ खिलवाड़ न कर सके।

# कटनीः बसाडी संकुल में 'अर्जित अवकाश' के नाम पर करोड़ों की गड़बड़ी का सनसनीखेज आरोप, कलेक्टर से लिखित शिकायत

**समाज जागरण**

कटनी। कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बसाडी संकुल में 'अर्जित अवकाश के भुगतान में करोड़ों रुपये के हेराफेरी का एक गंभीर मामला सामने आया है। एक प्रधान अध्यापक के पुत्र ने जिला कलेक्टर के नाम लिखित शिकायत पेश करते हुए इस विशाल वित्तीय अनियमितता की तत्काल और उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है। शासकीय प्राथमिक शाला बहेड़ीकला में प्रधान अध्यापक के पद पर कार्यरत रहे स्वर्गीय श्री कुशल प्रसाद सिंह के पुत्र राघवेंद्र सिंह, ने मंगलवार को कलेक्ट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम एक शिकायत सौंपी जिसमें राघवेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि उनके



पिता, कुशल सिंह, की 21 अगस्त 2021 को आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। नियमानुसार, उन्होंने पिता के अर्जित अवकाश की बकाया राशि के भुगतान के लिए बसाडी संकुल में आवेदन किया। मेरा आवेदन संकुल बसाडी द्वारा 'अपात्र' होने का हवाला देते हुए पहले खारिज कर दिया गया था। जब मैंने इस मामले की शिकायत की, तो 17 अक्टूबर 2025 को पत्र जारी करते हुए संकुल प्राचार्य द्वारा अर्जित अवकाश देने की अनुशंसा कर दी गई। लेकिन इसके बावजूद, मुझे फिर से अपात्र घोषित करते हुए अर्जित अवकाश का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

फरियादी ने यह भी बताया कि उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, उनके मुताबिक उस पर भी गलत जानकारी देकर शिकायत को जानबूझकर बंद कर दिया गया

### करोड़ों की अनियमितता का चौंकाने वाला खुलासा

राघवेंद्र सिंह ने अपनी शिकायत में एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए दावा किया है कि बसाडी संकुल में अर्जित अवकाश के नाम पर करोड़ों रुपये की बड़ी गड़बड़ी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया 15 से 20 शिक्षकों के अर्जित अवकाश का बिल बिना किसी वरिष्ठ अधिकारी के अनुशंसा आदेश पत्र के ही नियम विरुद्ध तरीके से पास कर दिया गया। यहां तक कि पैरालाइज्ड शिक्षकों को भी अर्जित अवकाश की राशि प्रदान की गई है, जो नियमों के विरुद्ध है। राघवेंद्र सिंह ने दावा किया है कि वह इन गंभीर अनियमितताओं को लेकर लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कलेक्टर से इस करोड़ों रुपये के घोटाले की उच्च स्तरीय जांच करवाने और दोषी संकुल कर्मचारियों व अधिकारियों पर FIR दर्ज कराने की मांग की है। इस संबंध मे शिवमंगल सिंह बीईओ बड़वारा का कहना है कि यहां से बिल बनाकर भेज दिया गया है ट्रेजरी से आपत्ति आई है सक्षम अधिकारी की अनुसार सा मांगी गई है इस वजह

# *SIR के तहत कोड़लारी व चंदवार बूथों में मतदाता पुनरीक्षण का जायजा लेते दिखे जिलाध्यक्ष

**समाज जागरण**
**संजय तिवारी उमरिया।**

विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कमेटी उमरिया द्वारा बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ कोइलारी और चंदवार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य सक्रिय रूप से जारी है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया के अध्यक्ष इंजी. विजय कोल ने दोनों बूथों का भ्रमण कर मतदाताओं के नामों के पुनरीक्षण कार्य की विस्तृत जानकारी ली एवं मतदाताओं के गणना पत्रक को भरकर बूथ लेवल अधिकारी और बूथ लेवल एजेंट के कार्य में सहयोग किए। जिलाध्यक्ष ने बूथ स्तर पर अब तक हुए कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित पदा धिकारियों और कार्यकताओं से सटीक व समयबद्ध रूप से मतदाता सूची अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता



का नाम सूची में सुनिश्चित रूप से जुड़ना कांग्रेस संगठन की प्राथमिकता है, ताकि आगामी चुनाव में लोक तांत्रिक प्रक्रिया मजबूत हो सके। इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर के कर्मचारियों के साथ चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को भी जाना तथा त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष इंजी विजय कोल ने वरिष्ठ अधिकारी से टेलीफोन में चर्चा कर सभी पात्र मतदाताओं के नाम किसी भी प्रकार न छूट पाए उसके लिए विशेष रूप से सुनिश्चित करने को कहे। कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता पुष्पराज सिंह, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मिथलेश राय, उमरिया ब्लॉक अध्यक्ष शिशुपाल यादव, सेवा दल के जिला उपाध्यक्ष मंगल सिंह सहित कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से पुनरीक्षण कार्य में जुटे हुए हैं।

# जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज का आयोजन

**समाज जागरण**

अनूपपुर। डाइट अनूपपुर में जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज का आयोजन किया गया। क्विज में भाग लेने के लिए 67 विद्यालयों ने पंजीयन करवाया था और 61 विद्यालयों ने क्विज में भाग लिया प्रत्येक विद्यालय से तीन छात्र



सम्मिलित हुए जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बढ़ जाकर क्विज में सहभागिता की गई। क्विज में प्रथम स्थान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लपटा, द्वितीय स्थान आरसीईमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चचाई एवं तृतीय स्थान बाल भारती स्कूल अनूपपुर का रहा। छात्रों को जैव विविधता का महत्व, पर्यावरण का महत्व एवं विभाग से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई साथ ही विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में एसडीओ फॉरेस्ट लाल सुधाकर सिंह परिक्षेत्राधिकारी अनूपपुर स्वर्ण गौरव सिंह, परिक्षेत्राधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा, शिक्षा विभाग से देवेश बघेल एवं कार्यक्रम के समन्वयक अधिकारी अधिकारी शिवदत्त पांडे वन्य जीव संरक्षक शीर्षशिधर अग्रवाल विद्यालय में से आए हुए शिक्षक एवं फॉरेस्ट का अन्य स्टाफ मौजूद रहा. क्विज में प्रथम स्थान पानी वाली टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

# खेल प्रतिभाओं को मिलेगा मंच ताकि वे देश के लिये खेल सकें- श्री मुरुगन

## कटनी, पन्ना, छतरपुर में खेल सुविधाओं के विकास में कमी नहीं आने दी जायेगी- सांसद

**समाज जागरण किशन गर्ग**

कटनी ।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के खेलो इंडिया और फिट फॉर युवा विकसित भारत अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को कटनी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय खेल मैदान (फॉरेस्टर मैदान) में सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। केन्द्रीय सूचना, प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री एल. मुरूगन के मुख्यातिथ्य और वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार के विशेष आतिथ्य और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के संयोजन में सांसद खेल महोत्सव का शानदार आगाज हुआ। रंग-बिरंगी आति शबाजी और उत्सवी माहौल में स्कूली छात्र-छात्राओं के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जो अगले एक माह तक सतत रूप से जारी रहेगा।कार्यक्रम के दौरान विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय प्रभात पांडेय, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, अरविंद पटेरिया, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, प्रहलाद लोधी सहित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी केदार जाधव, अंतर्राष्ट्रीय तैराक सत्येन्द्र सिंह लोहिया, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्व कर्मा, जिला पंचायत सीईओ हर सिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार, पूर्व विधायक अलका जैन, पूर्व जिला
ध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, रामरतन



पायल, रामचंद तिवारी, चमनलाल आनंद, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, सुरेश सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गण मान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। केन्द्रीय सूचना, प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री एल मुरूगन ने सांसद खेल महोत्सव को मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधित करते हुये कहा कि सांसद बीडी शर्मा ने भव्य एवं विशाल खेल महोत्सव का आयोजन किया है। जो एक माह तक चलेगा। इसके लिये 75 हजार युवाओं ने पंजीयन कराया है। जो किसी भी संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक है। उन्होंने इस महोत्सव में प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभ
कामनायें देते हुये कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच खेलो इंडिया के माध्यम से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन गांव-गांव की युवा खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा। खजुराहो सांसद व्ही.डी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सांसद खेल महोत्सव में लगभग 75 हजार खिलाडियों का पंजीयन किया जा चुका है। खेलो इंडिया के तहत कटनी से प्रारंभ हो रहे खजुराहो लोकसभा के सांसद खेल महोत्सव में गांव-गांव के खिलाडियों की सहभागिता के प्रयास किये जाएंगे। ताकि वे अपने खेल का प्रदर्शन कर खेल प्रतिभा को निखार सकें। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि कटनी, पन्ना एवं छतरपुर के खिलाड़ियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए खेल मैदानों का विकास कार्य निरंतर जारी है। इन कार्यो में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आनें दी जाएगी, ताकि यहां खेल रहे कई युवा आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। सांसद श्री शर्मा ने विधायक मुड़वारा श्री जायसवाल के आग्रह पर करीब साढ़े 7 करोड़ की लागत से प्रस्तावित मल्टीपरपज हाल के निर्माण के लिये केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री श्री मुरूगन द्वारा 1 करोड़ रुपए और स्वयं उनके द्वारा भी सांसद निधि से 1 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल नें कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुरूप सांसद खेल महोत्सव में अनेक खेलों को शामिल किया गया है। विधायक जायसवाल नें कहा कि सांसद शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में जिले के सभी चारों विधायक अपने-अपने क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रयासरत है। पूर्व में भी कटनी में इसी फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को प्रतिभा का प्रदर्शन करनें का अवसर है। उन्होंने कहा कि फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में निमार्णाधीन स्टेडियम में अत्याधुनिक एस्ट्रो टर्फ, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट व लॉन टेनिस कोर्ट बन रहा है। जिससे यहां एक साथ 12 प्रकार के खेलों का आयोजन हो सकेगा। कार्यक्रम को अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सत्येन्द्र सिंह लोहिया, केदार जाधव ने भी संबोधित किया।

### कटनी के लिए गौरव का क्षण

स्वागत भाषण में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि यह आयोजन कटनी और ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का बड़ा अवसर है।

### ध्वजारोहण व मार्चपास्ट ने मन मोह लिया

कार्यक्रम की शुरूआत खेल ध्वज फहराने से हुई। इसके बाद स्कूली बच्चों एवं खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट निकाला, जिसकी सलामी अतिथियों ने ली।

### एक माह चलेगा महोत्सव

एक माह तक चलने वाले इस महोत्सव के सेमीफाइनल खजुराहो में तथा समापन पन्ना में होगा। जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कबड्डी, कुश्ती, वॉली बॉल से हुई प्रतियोगिताओं की शुरूआत अतिथियों ने महिला कबड्डी मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया। इसके बाद कुश्ती एवं महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। खिलाड़ियों के उत्साह ने दर्शकों का मन मोह लिया।

### रस्साखींच में जनप्रतिनिधियों ने दिखाया दम

रस्साखींच प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा रस्सा खींचकर किया गया। जनप्रतिनिधियों की टीमों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, जिसे देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे।

### वरिष्ठ खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों का सम्मान

कार्यक्रम में कटनी की प्रतिष्ठित खेल प्रतिभाओं, वरिष्ठ खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों एवं महोत्सव में विशेष भूमिका निभाने वाले सहयोगियों का सम्मान किया गया। संचालन जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय ने तथा आभार प्रदर्शन लोकसभा संयोजक सुशील त्रिपाठी ने किया।

# पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय की मनमानी एवं फीस में की गई बढ़ोत्तरी को लेकर अभाविप का आंदोलन

**समाज जागरण बुढार**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शहडोल जिले के बुढार धनपुरी इकाई द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बुढार में मनमानी ढंग से बढ़ाई गई प्रवेश फीस एवं अन्य 23 विषयों को लेकर महाविद्यालय प्राचार्य को नगर सहमंत्री नवदीप पनिका द्वारा महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया जिसमें प्रमुख मांगे इस प्रकार है 1.यह है कि शंभूनाथ विश्वविद्यालय द्वारा UG प्रथम वर्ष की परीक्षाए तो अगस्त माह में संपन्न हुई परंतु आज दिनांक तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया गया। एवं अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की मार्कशीट जो की तत्काल रूप से जारी किया जाए । यह है कि महाविद्यालय द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के प्रवेश फीस में 1900 से 2000 की बढ़ोतरी की गई। जिसे तत्काल रूप से पूवार्नुसार करते हुए विद्यार्थियों से अधिक ली गई फीस उन्हें तत्काल रूप से वापस की जाए। महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस एवं बायोटेक्नोलॉजी के प्राध्यापक न होने के कारण विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिसे संज्ञान में लेते हुए तत्काल रूप से प्राध्यापक की उचित व्यवस्था की जाए। महाविद्यालय में गर्ल्स कॉमन रूम जो की प्रवेश के समय कंप्यूटर रूम में तब्दील कर दिया गया था जो आज दिनांक तक कंप्यूटर रूम ही हैं जिसे तत्काल रूप से गर्ल्स कॉमन रूम बनाकर छात्रों के लिए खोला जाए एवं सेनेटरी वेंडिंग मशीन लगवाई जाए। महाविद्यालय में प्रयोगिक कक्षाएं तो हैं परंतु प्रयोग संचालित नहीं हो रहे हैं जिसे तत्काल रूप से प्रत्येक विषयों के प्रयोग प्रारंभ कराए जाए।महाविद्यालय में लगातार कई बार ज्ञापन के बाद भी आज तक विद्यार्थियों को ढश्उ कंऊ कार्ड उपलब्ध नई कराया गया जिसे तत्काल रूप से उपलब्ध कराया जाए। महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर CCTV कैमरे एवं अन्य गेटों के सामने CCTV कैमरे तत्काल रूप से लगवाये जाएं। महाविद्यालय कैंपस में निःशुल्क Wi-Fi सुविधा प्रारंभ की जाए।महाविद्यालय के लाइब्रेरी में ठएढ के अनुसार पुस्तके एवं एझ्र लाइब्रेरी को सुचारू रूप से प्रारंभ किया जाए। महाविद्यालय में किसी भी प्रकार की सूचना पूर्व से नोटिस बोर्ड एवं व्हाट्सएप समूह में विद्याथीयो को दी जाए ।महाविद्यालय में स्वच्छ पीने हेतु पानी की व्यवस्था की जाए एंव वॉटर कूलर, क्लास रूम एवं वॉशरूम की सफाई नियमित कराई जाए। महाविद्यालय में विद्याथीयो हेतु कम्प्यूटर लैब बनकर तैयार है परंतु सभी विद्यार्थी उसका उपयोग नहीं कर पा रहे जिसे तत्काल रूप से सभी विद्याथीयो के लिए प्रारंभ किया जाए एवं कम्प्यूटर लैब प्रभारी को बदला जाए। महाविद्यालय के अंदर आए दिन बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट गाली गलौज की जाती है। जिसको देखते हुए ड्रेस कोड का पालन कड़ाई से हो और बाहरी व्यक्तियों जो भी प्रवेश करे उनकी जानकारी मुख्य द्वार पर रजिस्टर में हो।महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर छात्र सहायता केंद्र स्थापित किया जाए जिससे बाहरी व्यक्तियों को वही से जानकारी प्रादन की जा सके। महाविद्यालय में कई बार ज्ञापन के पश्चात भी अधिक से अधिक वाहन महाविद्यालय के पीछे की ओर खड़े होते हैं जिसे ध्यान में लाते हुए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था पार्किंग स्थान पर हो एवं पूर्व में आश्वासन के बाद भी पार्किंग शेड का निर्माण नहीं हुआ जिससे तत्काल रूप से कार्रवाई की जाए। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा आश्वासन के बाद भी बाटनिकल



गार्डन जो की जनभागीदारी मद से निर्मित होना था परंतु आज दिनांक तक निमित नहीं हो सका जिसे तत्काल रूप से कार्रवाई की जाए। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा पूर्व में श्वसन के बाद भी गर्ल्स हॉस्टल का लोकार्पण होने के बाद आज दिनांक तक छात्राओं को रहने के लिए प्रारंभ नहीं किया गया जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए नोटिस निकल जाए और छात्राओं को तत्काल रूप से छात्रावास आवंटित किया जाए। महाविद्यालय में कक्षाओं का समय 11:00 से 4:00 तक रहते हैं परंतु महाविद्यालय की बस 3:00 के पूर्व महाविद्यालय से जाने के कारण बहुत से विद्यार्थी अपनी कक्षा छोड़ चले जाते हैं जिसे ध्यान में रखते हुए बस के समय में परिवर्तन किया जाए जिससे कक्षाएं यथावत संचालित हो सके। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा पूर्व में विद्यार्थियों को फील्ड विजिट कराया जाता था परंतु अब ऐसा नहीं दिया जाता जिसे ध्यान में लाते हुए तत्काल रूप से प्रारंभ किया जाए। महाविद्यालय मैं NCC एवं ठरर दोनों ही टीमे संचालित हैं परंतु किसी भी कार्यक्रम में परेड के समय एक ही सेट बैंड होने के कारण बहुत से परेशानियां होती जिसे देखते हुए एक नवीन बैंड सेट उपलब्ध कराया जाए। महाविद्यालय में ठरर की तीन यूनिट संचालित हैं जिसमें लगभग 300 विद्यार्थी रजिस्टर्ड हैं परंतु अलग ड्रेस से सभी अलग-अलग दिखते हैं जिसे ध्यान में रखते हुए ठरर की एक निश्चित ड्रेस महाविद्यालय द्वारा लागू की जाए एवं उन्हें ट्रैकसूट उपलब्ध कराया जाए।हाविद्यालय में NCCस्टोर रूम है जिसमें अत्यधिक कचरा डाला हुआ है जिसे तत्काल रूप से सफाई कराई जाए एवं NCC विद्यार्थियों के लिए NCC टीचिंग कक्षा की व्यवस्था की जाए। महाविद्यालय परिसर की बाउंड्री जिसकी ऊंचाई काफी कम है जिसमें महाविद्यालय प्रशासन ने अश्वासन दिया था कि इसके ऊपर तार की जाली लगेगी परंतु आज तक किसी प्रकार से कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसे त्वरित कार्यवाही करते हुए बाउंड्री में तार की जाली लगाकर उसकी हाइट बढ़ाई जाए। मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए नियम के अनुसार महाविद्यालय परिसर में सभी विषयों की कक्षाओं की समय सारणी बड़े से बैनर में लगाया जाए परंतु आज दिनांक तक महाविद्यालय प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से कार्रवाई नहीं की गई जिसे त्वरित कार्रवाई करते हुए लगाया जाए।

अभाविप मांग करती है कि इन सभी विषयों को 15 दिवस के अंदर संज्ञान में नहीं लिया गया तो अभाविप उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महा
विद्यालय प्रशासन की होगी।ज्ञापन में प्रमुख रूप से विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह, विभाग संयोजक अखिलेश सिंह, विभाग छात्रा प्रमुख अंजली पांडेय, प्रांत कार्यकारणी सदस्य अमन त्रिपाठी, अजय सिंह बैंस, महाविद्यालय अध्यक्ष ऋतुराज द्विवेदी, अनुराग गुप्ता , राशी मिश्रा, सृष्टि सिंह मरकाम, आयुष सेन, निश्चय साहू एवं अन्य कार्यकर्ता वा सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

# संविधान दिवस पर सोनभद्र पुलिस द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

## पुलिस लाइन सहित सभी थानों-चौकियों पर अधिकारियों/कर्मचारियों ने ली संविधान की शपथ

**ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



सोनभद्र। संविधान दिवस के अवसर पर जनपद सोनभद्र में पुलिस विभाग द्वारा गरिमामयी एवं अनुशासित ढंग से शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क स्थित परेड ग्राउंड में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन श्री त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान अधिकारियों ने संविधान के प्रति सम्मान, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, मूलभूत अधिकारों एवं कर्तव्यों के पालन तथा देश की एकता-अखंडता बनाए रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारु द्विवेदी, प्रतिसार निरीक्षक मो0 नदीम सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी एवं पुलिस लाइन में तैनात कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इसी क्रम में जनपद के सभी थानों एवं चौकियों पर भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों व चौकियों पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिसकर्मियों में संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूकता, संवैधानिक मयार्दाओं के प्रति जिम्मेदारी तथा सार्वजनिक कर्तव्यों के निर्वहन में पारदर्शिता व संवेदन शीलता को सुदृढ़ करना रहा। सोनभद्र पुलिस द्वारा संविधान दिवस को जनपदभर में सम्मान एवं गौरव के साथ मनाया गया। जनपद पुलिस ने यह संकल्प लिया कि वह संविधान की भावना, कानून के शासन और नागरिकों की सुरक्षा के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहेगी।

# भारत का संविधान लोकतंत्र की आत्मा

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र/शक्तिनगर। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के तत्ववावधान में दिनांक 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों , छात्र-छात्राओं, अध्यापकगण एवं कर्मचारियों ने संविधान का शपथ लिया। इस आयोजन में भारत के संविधान के "प्रस्तावना" का सामूहिक वाचन किया गया साथ ही संविधान के प्रति निष्ठा, कर्तव्य परायणता, स्वतंत्रता, बंधुत्व, और समानता का संकल्प दोहराया गया । समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ अध्यापक डॉ॰ दिनेश कुमार ने कहा कि संविधान निर्माण में भारतरत्न डॉ॰ भीमराव अंबेडकर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आह्वान किया कि जब तक सूरज चांद रहेगा भारत का संविधान और बाबा साहब का नाम रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में अध्यापक समाजशास्त्र डॉ॰ मनोज कुमार गौतम ने कहा कि सामाजिक समरसता की भावना का विकास हमारे संविधान का मूल लक्ष्य है जिससे भारतीय समाज में एकता और अखंडता संरक्षित है। विशिष्ट वक्ता अध्यापक ललित कला विभाग प्रशांत कुमार विश्वकर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान लोकतंत्र के विकास के लिए अपनी अहम भूमिका का निर्वाह कर रहा है, आगे भी हमारे लोक तांत्रिक संकल्पना को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी के विचारों को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ॰ विनोद कुमार पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ॰ छोटेलाल प्रसाद द्वारा किया गया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के पश्चात हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभा सोंधीया, ज्योति, पूनम, रोशनी, खुशबू, कोमल, अंकिता, अनुराधा, वर्षा, विनोद, अनीता, पुष्पा आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# दो ट्रेलरों की आपसी टक्कर में बाल-बाल बची स्कूली बस

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के हाईवे मार्ग स्थित डाला चढ़ाई पर उस समय लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया, जब रेणुकूट की तरफ से आ रही एक ट्रेलर हाईवा वाहन आगे जा रही एक ट्रेलर में जोरदार टक्कर मार दी। वहीं पास में हाईवे किनारे खड़ी स्कूली बच्चों से भरी एक बस में टक्कर होने से बाल-बाल बच गया, गनीमत रही की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, नहीं तो बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। हादसे के बाद एक ट्रेलर वाहन हाईवे मार्ग पर पलट गईं। जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा, हालांकि देर से पहुंची डाला पुलिस ने यातायात को बहाल कराया। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह लगभग साढ़े सात बजे डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के वाराणसी- शक्तिनगर स्टेट हाईवे स्थित डाला चढ़ाई के पास डिवाइडर कटींग पर एक ट्रेलर वाहन जा रहा था तभी दूसरी ट्रेलर वाहन पीछे से टक्कर मार दी। दोनों ट्रेलर की भिड़ंत में एक ट्रेलर डिवाइडर पार कर दूसरे लेन पर पलट गई और वही दूसरी ट्रेलर डिवाइडर पर चढ़ गई। घटना में वाराणसी- शक्तिनगर राज्य मार्ग करीब आधे घंटे के लिए जाम हो गया। करीब आधे घंटे से हाईवे मार्ग पर जाम लगा रहा। जिसे देख मौके पर पहुंचे स्थानीय युवाओं ने मार्ग को डायवर्सन कर जाम में फंसे वाहनों को धीरे-धीरे निकलवाया। वहीं देर से पहुंची डाला पुलिस भी जाम को बहाल करने में जुटी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डाला चढ़ाई स्थित हाईवे कटिंग के पास सड़क किनारे स्कूली बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए खड़ी बस को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर ट्रेलर वाहन आगे जा रहे ट्रेलर वाहन में जोरदार टक्कर मार दी, जो हादसे का कारण बनी।

# बीआरसी दुद्धी में 100 दिव्यांग बच्चों का हुआ परीक्षण, आगामी 20 जनवरी को मिलेंगे ट्रायसाइकिल व अन्य उपकरण

**समाज जागरण/ उपेन्द्र कुमार तिवारी**



दुद्धी/ सोनभद्र। बीआरसी दुद्धी परिसर में एलिम्को कानपुर की टीम ने आकर दिव्यांग जरूरतमंद परिषदीय बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम की ओर से ऑडियोलॉजिस्ट विपिन कुमार पाण्डेय के साथ आनंद सिंह, रोहिणी कारंडे, शशि,मनीष कुमार आदि ने कुशलतापूर्वक परीक्षण किया। इस बाबत खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रेम शंकर राम ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में डीसी प्रणति प्रभा सारंगी के निदेर्शानुसार परिषदीय विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको 20 जनवरी को आवश्यक उपकरण यथा ट्राई साइकिल , व्हील चेयर,श्रवण यंत्र, ब्रेल किट, टफकिट आदि निःशुल्क बांटे जाएंगे।वरिष्ठ शिक्षक शैलेश मोहन ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के हित में ये योजना बहुत मददगार साबित होगी।निर्धन और वंचित वर्ग के दिव्यांग बच्चों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।इस अवसर पर संदीप, प्रवीण, दीपक, राजेश झा, लल्लूराम, पीयूष आदि उपस्थित थे।

# सहकारिता विभाग के कारण किसानों की आय हो रही आधा

**समाज जागरण/ उपेन्द्र कुमार तिवारी**



दुद्धी/ सोनभद्र। केन्द्र सरकार द्वारा किसानों की आय को दुगुना करने का दावा खोखला साबित करने का काम सहकारिता विभाग कर रहा है जिसके कारण किसानों को अपनी उपज का आधा दाम मिल रहा है जिससे किसान परेशान है। इस बार धान की फसल खरीदने के लिए पैक्स,डीसीएफ, क्रय विक्रय सहकारी समिति द्वारा धान की उपज खरीदने के लिए कई क्रय केन्द्र बनाए गए हैं लेकिन क्रय केन्द्रों पर धान खरीदा ही नहीं जा रहा है जिससे किसान अपना उपज आधे दाम पर बेचने को मजबूर है। किसान राजमणि यादव, रामकिशन प्रजापति, चन्द्र प्रकाश गुप्ता, सुग्रीव प्रसाद, गौरीशंकर कुशवाहा आदि ने बताया कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को सहकारिता विभाग पलीता लगा रहा है जिससे किसानों को अपनी उपज आधे दामों में बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है।कई किसान भाजपा नेता सुरेन्द्र अग्रहरि से अपनी समस्या बताए जिस पर उन्होंने ए आर को फोन लगाया लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया है कि किसानों का धान की उपज को क्रय केन्द्रों पर खरीदा जाए जिससे उनको अपनी उपज का पूरा दाम मिल सके अन्यथा एक सप्ताह के बाद क्रय केन्द्रों पर ही किसानों के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# श्री राम- सीता विवाह उत्सव पर भजन संध्या का हुआ भव्य आयोजन

### विवाह पंचमी भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर पड़ने वाले सीता विवाह पंचमी पर जिला मुख्यालय राबर्ट्सगंज स्थित श्री राम जानकी संकट मोचन मंदिर पर मंगलवार की देर शाम प्रधान पुजारी राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक भईया लाल पाठक ने अवध नगरिया से अइले बरतिया हे सुहावन लागे, का गायन किया। वहीं मंगला पाठक ने मिथिला भजन हेरी सखी मंगल गाओ रे आदि की प्रस्तुति की। भजन गायकों के साथ हारमोनियम पर दिलकश भारती, तबला पर राम सजीवन, बैंजो पर प्यारेलाल, ढोलक पर वैभव सिंह ने संगत किया।
इसके पूर्व मन्दिर के प्रधान पुजारी राजकुमार पाण्डेय ने मन्दिर में स्थापित श्री राम जानकी की मूर्ति का भव्य श्रृंगार कर सांध्यकालीन आरती किए और प्रसाद का वितरण किया गया। पुजारी राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को विवाह पंचमी मनाई जाती है। इस दिन भगवान श्रीराम और मां जानकी का विवाह हुआ था। धार्मिक मान्यता है कि विवाह पंचमी पर भगवान श्रीराम और मां जानकी की पूजा-अर्चना करने से सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है, साथ ही घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है। भजन संध्या में डूंगरमल अग्रवाल, दादे चौबे,आत्मा राम पांडेय, शिवपूजन दुबे, अभिषेक पांडेय, सचिन, रमेश वर्मा, देवानंद, शिवेंद्र नाथ पांडेय, सोनू गिरी, मृणाल सिंह, केतन, हिमांशु,
प्रखर श्रीवास्तव, अमन, राज सिंह, अभिषेक दुबे, राजीव सिंह, मनीष सिंह, शिवम् शर्मा, लाल बहादुर, अंकित वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिपं सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी समेत तीन आरोपी साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त

### करीब साढ़े 6 साल पूर्व सांसद छोटेलाल ने दर्ज कराया था एससी/एसटी एक्ट में एफआईआर अभियोजन पक्ष दोषसिद्ध करने में रहा असफल



**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। करीब साढ़े 6 साल पूर्व सांसद छोटेलाल के जरिए दर्ज कराए गए एससी/एसटी एक्ट में एफआईआर के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों क्रमशः जिला पंचायत सदस्य जुगैल प्रतिनिधि संजीव कुमार त्रिपाठी, अधिवक्ता आशीष कुमार मिश्रा उर्फ मंटू मिश्रा व सुनील कुमार दुबे उर्फ मुन्ना दुबे को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष दोषसिद्ध करने में असफल रहा। अभियोजन पक्ष के मुताबिक लोकसभा रॉबर्ट्सगंज सांसद छोटेलाल ने 25 जनवरी 2019 को प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज कोतवाली को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि वे 24 जनवरी 2019 को पीडब्ल्यूडी डाक बंगला रॉबर्ट्सगंज में प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में चल रही बैठक में मौजूद था। बैठक समाप्त होने पर जब बाहर निकला तो हो हल्ला हो रहा था तथा जाति सूचक शब्दों से गाली दी जा रही थी। इसकी शिकायत जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा से की तो संजीव कुमार त्रिपाठी निवासी टापू, थाना चोपन, मुन्ना दुबे निवासी पाली, थाना रॉबर्ट्सगंज व मंटू मिश्रा निवासी रॉबर्ट्सगंज गिरोह बनाकर आए और जान मारने की धमकी देने लगे। इनके द्वारा पहले भी खनन की गाड़ी पास कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। काम न करने पर अपमानित किया गया था। यह धमकी दी गई थी कि संसद जाने लायक नहीं रहोगे। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधि

वक्ताओं के तर्कों को सुनने, 7 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषसिद्ध न पाकर तीनों आरोपियों संजीव कुमार त्रिपाठी, मुन्ना दुबे व मंटू मिश्रा को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष दोषसिद्ध करने में असफल रहा। बचाव पक्ष की ओर से फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता रामवृक्ष तिवारी ने बहस की।

# प्रिंसिपल पर कार्रवाई की मांग को लेकर स्कूल गेट पर धरना, एबीवीपी के छात्रों ने स्कूल गेट पर प्रबंधन का फूंका पुतला

**सोनभद्र ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



राबर्ट्सगंज। छात्र हित की बात करने वाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पीड़ित छात्र को नया दिलाने के लिए एकजुट होकर कमर कस ली है और कार्यकताओं ने आरोपी रॉबर्टसगंज स्थित जयपुरिया स्कूल के प्रधानाचार्य के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने प्रधानाचार्य का पुतला फूंका। यह प्रदर्शन कक्षा 12वीं के एक छात्र की कथित बर्बरपूर्ण पिटाई और उसे स्कूल से निष्कासित किए जाने के विरोध में किया गया। एबीवीपी ने प्रधानाचार्य को तत्काल निलंबित करने और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। एबीवीपी के संयोजक सौरभ सिंह ने घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 25 तारीख को स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र यश जायसवाल पर पहले प्रैक्टिकल फाइल खरीदने और फिर फीस जमा करने का दबाव बनाया गया। छात्र ने फीस जमा करने की बात कही थी। आरोप है कि विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन चौधरी ने छात्र की बुरी तरह पिटाई की और अन्य बच्चों के सामने अपशब्द कहे। पिटाई के कारण छात्र बार-बार बेहोश हो गया और वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। सौरभ सिंह ने बताया कि स्कूल प्रशासन उनसे बात करने से कतरा रहा है और बहाने बना रहा है। एबीवीपी ने घटना के दिन का सीसीटीवी फुटेज मांगा है, लेकिन स्कूल प्रशासन बच्चे के प्रताड़ित होने का सबूत मांग रहा है। विद्यार्थी परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जिला भर में उग्र आंदोलन करेंगे। एबीवीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि स्कूल प्रशासन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देता है, तो वे अगला कदम उठाते हुए पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व विभाग संयोजक सौरभ सिंह ने किया, इस दौरान प्रांत कार्यसमिति सदस्य अनमोल सोनी, पूर्व जिला संयोजक मृगांक दुबे, आशुतोष मोदनवाल, नगर मंत्री चूर्क आदर्श, नगर सह मंत्री राज सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, सिद्धार्थ, उत्तम, सक्षम, अनुराग, शिवम, कृष व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# संविधान दिवस संवैधानिक कार्य के प्रति बनाता है जिम्मेदार: जगजीवन सिंह

### - रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित डीबीए सभागार में संविधान दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**समाज जागरण/ अभय कुमार पटेल**



सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित डीबीए सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। डीबीए अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि संविधान दिवस संवैधानिक कार्य के प्रति जिम्मेदार बनाता है। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में 26 नवंबर की खास अहमियत है, दरअसल यही वह दिन है, जब गुलामी की जंजीरों से आजाद होकर अपने स्वतंत्र अस्तित्व को आकार देने का प्रयास कर रहे राष्ट्र ने संविधान को अंगीकार किया था, इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपनी स्वीकृति दी थी, इस वजह से इस दिन को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एड ने कहा कि संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में संवैधानिक मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। यह दिन डॉ. भीमराव अंबेडकर के अतुलनीय समर्पण और अथक परिश्रम का सम्मान करता है, जिन्होंने 2 वर्ष, 11 माह और 18 दिनों की कड़ी मेहनत से इस अद्वितीय दस्तावेज का मसौदा तैयार किया। संविधान दिवस हमें हमारे मौलिक अधिकारों के बारे में जागरूक करता है, साथ ही हमें अपने मौलिक कर्तव्यों की याद दिलाता है, क्योंकि राष्ट्र का निर्माण केवल अधिकारों के उपभोग से नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों के निर्वहन से होता है। गोष्ठी की अध्यक्षता डीबीए अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट व संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने किया। इस मौके पर राजेश कुमार मौर्य, कामता प्रसाद यादव, रियाज खान, संदीप जायसवाल, वीरेंद्र कुमार राव, राजेंद्र कुमार यादव, सुरेश सिंह कुशवाहा, राजेश यादव, टीटू प्रसाद गुप्ता, विजय सक्सेना, सुदेश कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, शिव शंकर राव आदि मौजूद रहे।

# सोनभद्र पुलिस की त्वरित कार्यवाही – साइबर ठगी में पीड़ित के 23,704/ रुपये कराये वापस

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र के निर्देशन में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना, सोनभद्र द्वारा एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। आवेदक शुभम देव पुत्र श्यामसुन्दर देव, निवासी ग्राम मुर्तिया, पोस्ट परसौना, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र के साथ एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के नाम पर उनके विभिन्न क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर साइबर ठगी की गयी थी। प्रकरण की सूचना प्राप्त होते ही, साइबर क्राइम पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित क्रेडिट कार्ड विभाग एवं अन्य एजेंसियों से तत्काल संपर्क किया। त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के परिणामस्वरूप कुल 23,704/- रुपये सफलतापूर्वक पीड़ित के संबंधित क्रेडिट कार्ड खातों में वापस कराए गए। पीड़ित द्वारा सोनभद्र पुलिस की कार्यप्रणाली, विशेषकर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर), क्षेत्राधिकारी नगर तथा साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# सीओ सदर ने किया थाना मांची का औचक निरीक्षण

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र/ खलियारी। क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर ने मांची थाना का औचक निरीक्षण किया। और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मांची थाना अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र का थाना है, यहां पर सरकार की हर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। सीओ सदर ने माची थाना का शस्त्रागार, अभिलेख, माल मुकदमाती, साफ सफाई और थाना परिसर में मौजूद मुकदमा से सम्बंधित वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्हें कोई कमी नहीं मिला। थाना



प्रभारी निरीक्षक नागेश सिंह ने बताया कि जितना भी जांच किया गया है सभी दस्तावेज व अभिलेख सही पाया गया। और जांच दौरान क्षेत्र की संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर बनाए रखने और विशेष रूप से कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए। क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर और मुकदमों से छुटकर घर पर रह रहे आरोपीयों पर विशेष नजर बनाए रखने का भी कड़ी पहल रखना अति आवश्यक है। मौके पर थाना के हेड मुहर्रीर सुशील सिंह यादव व उपस्थित अन्य पुलिस कर्मियों को भी अपने कार्यों के प्रति सजगता से काम करने के लिए निर्देशित भी किया।

# संविधान दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर में कार्यक्रम किया गया आयोजित

**सोनभद्र ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

शक्तिनगर। संविधान दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर में इकाई द्वितीय के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. दिनेश कुमार के किया। उन्होंने कहां की भारतीय संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं है बल्कि यह हमारे लोकतंत्र हमारी एकता और हमारे भविष्य की नींव है। इकाई द्वितीय की कार्यक्रम अधिकारी अजय लक्ष्मी ने कहा कि आज का दिन हमें याद दिलाता है कि संविधान



हमें जो अधिकार देता है उसके साथ ही हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं हमें इन कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। और अपने संविधान के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 26 नवंबर 1949 का दिन हमारी भारतीय इतिहास में एक मील पत्थर है जब हमारे संविधान सभा ने हमारे संविधान को अपनाया था। यह हमारे देश के नागरिकों को अधिकार, स्वतंत्रता, और न्याय सुनिश्चित करने वाला एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसके पश्चात संविधान शपथ लिया गया वहां पर मौजूद शिक्षक गण डॉ. मनिन्दर कुमार डिसूजा, डॉ रागिनी श्रीवास्तव, प्रशांत विश्वकर्मा, डॉ मनोज कुमार गौतम, डॉ मृत्युंजय पांडेय, साथ ही स्वयंसेवक कुलदीप खुशबू प्रिया साक्षी शकुंतला इत्यादि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के संयुक्त नेतृत्व में भव्य जुलूस

### संविधान दिवस पर कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**

म्योरपुर/ सोनभद्र। संविधान दिवस के अवसर पर म्योरपुर में भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य जूलूस रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर संवैधानिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे का संदेश दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) भाईचारा कमेटी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने की। रैली को सफल बनाने में भीम आर्मी दुद्धी विधानसभा अध्यक्ष अंकित कुमार भारती का अहम योगदान रहा। रैली में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कार्यकताओं ने विशेष सहयोग दिया।



मनबसा से नीरज कुमार,आश्रम मोड़ से राजू भारती, भीम भारती, विक्की कुमार, दीपक कुमार,म्योरपुर से,फैजान सिद्दीकी, सागर गोंड, देवराज, विकेस तथा परनी से कार्तिकरण यादव सहित सभी कार्यकताओं ने एकजुटता और अनुशासन के साथ रैली को मजबूती प्रदान की।कार्यक्रम में दूर-दराज क्षेत्रों से आए विजय राव (भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी जिला यूनिट के संस्थापक सदस्य)तथा संतोष राव (आजाद समाज पार्टी विधानसभा अध्यक्ष, ओबरा) का सहयोग भी उल्लेखनीय रहा। रैली के शांतिपूर्ण संचालन में स्थानीय प्रशासन का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजकों ने प्रशासन एवं सभी सहयोगी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी की यह संयुक्त रैली संविधान में निहित समानता, न्याय, स्वतंत्रता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण साबित हुई।

# किशनगंज के मोती बाग मोहल्ले में मौत होने पर पदाधिकारी होगें जिम्मेवार

## नगर परिषद की लापरवाही से दमा, खांसी और गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा; राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

26 नवंबर ।सांस लेने पर अंकुश कोई नहीं लगा सकता, यह अधिकार केवल यमराज को प्रकृति ने प्रदान की है। लेकिन किशनगंज नगर परिषद के पदाधिकारियों को शुद्ध सांस लेने पर अंकुश लगाने का अधिकार प्राप्त है।

नगर परिषद द्वारा पूरे शहर का कचरा, अस्पताल का मेडिकल वेस्ट, मरे जानवर और दुर्गंधयुक्त कूड़ा वर्षों से यहां खुले में डंप किया जा रहा है। वार्ड नंबर 7 के मोती बाग मोहल्ले में प्रदूषणजनित बीमारी के चपेट में किसी के आने पर या किसी नागरिक की मौत होने पर प्राथमिकी नगर प्रशासन पर नागरिकों द्वारा आरोपित किया जाएगा।

वह शिकायत जो बार-बार नगर परिषद प्रशासन किशनगंज से की जा रही हैः

यहां लगभग 5000 आबादी वाले मोतीबाग (वार्ड संख्या 7) के निवासी दिन-रात धुएं, कचरे और जहरीली गैसों के बीच जीवन बिताने को विवश हैं। बच्चों और बुजुर्गों में सांस, दमा, खांसी और एलर्जी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कई परिवार तो बच्चों की सुरक्षा के लिए मोहल्ला छोड़कर जा चुके हैं।

मोहल्ले के लोग बताते हैं कि कचरे के ढेर में नियमित रूप से आग लगी रहती है।

तीन किलोमीटर तक धुआँ फैल जाता है। बच्चों को घर के अंदर बंद रखना पड़ता है, फिर भी सांस लेने में परेशानी होती है।

**वार्डवासी छोटू कहते हैं—**

"मक्खी-मच्छर इतने हैं कि सांस लेते वक्त नाक में घुस जाते हैं। शिकायत करने पर अधिकारी फोन तक नहीं उठाते। कई बार तो विरोध करने पर नगर परिषद ने हम लोगों पर ही मुकदमा कर दिया।

बीमारियां बढ़ने के कारण कई लोग हर दूसरे दिन अस्पतालों और निजी चिकित्सकों की चौखट पर दिखते हैं। उल्टी, बुखार, एलर्जी, दमा और सांस की तकलीफ अब आम बात हो चुकी है।

कई बरसों से शिकायतें, पर प्रशासन उदासीन मोतीबाग के निवासियों ने कई बार नगर परिषद, डीएम किशनगंज, जिला लोक शिकायत, अनुमंडल लोक शिकायत तथा प्रमंडल आयुक्त पूर्णिया को आवेदन दिया, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही। नगर परिषद द्वारा पूरे शहर का कचरा इसी सड़क किनारे वाले भू-भाग पर डंप किया जाता है, जो किसी भी पर्यावरणीय मानक पर खरा नहीं उतरता।

मानवाधिकार आयोग में दायर हुई बड़ी शिकायत

नगर परिषद की लगातार उपेक्षा से क्षुब्ध होकर

राष्ट्रीय आरटीआई कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यकर्ता मोहम्मद अनसार खाँ ने

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) में औपचारिक शिकायत दर्ज की है।

उन्होंने आयोग से पांच प्रमुख मांगें रखी हैंः

* डीएम, नगर परिषद व बिहार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से तत्काल एक्शन टेकन रिपोर्ट (ATR) की मांग।
* मोतीबाग में खुले में डंपिंग व कचरा जलाने पर तत्काल प्रतिबंध।
* वैज्ञानिक पद्धति से कचरा निस्तारण के लिए वैकल्पिक स्थल व स्थायी प्रबंधन प्रणाली की स्थापना।
* प्रभावित नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर, मेडिकल परीक्षण और उपचार की व्यवस्था।
* पर्यावरण व स्वास्थ्य कानूनों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों पर दंडात्मक/अनुशासनात्मक कार्रवाई कि मांग किया है। क्या मोतीबाग के लोगों को मिलेगा राहत?मोतीबाग की त्रासदी सिर्फ कचरे की समस्या नहीं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, मानवाधिकार और गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। स्थानीय लोग साफ कहते हैं—"अगर किसी की मौत जहरीली गैस से होती है, तो इसके लिए नगर परिषद के अधिकारी सीधे जिम्मेदार होंगे।" अब निगाहें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# किशनगंज में स्मैक के अवैध कारोबारियों के ठिकानों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज पुलिस ने स्मैक के अवैध कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। खगड़ा मेला ग्राउंड इलाके में स्मैक के दर्जनों से अधिक अवैध अड्डों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निर्देश पर सदर थानाध्यक्ष अभिषेक रंजन के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई से पहले उन ठिकानों को चिह्नित किया गया था, जहां स्मैक बेचा जा रहा था। इसके बाद एक-एक कर सभी अवैध ढांचों को जमींदोज कर दिया गया। पुलिस ने बुलडोजर से स्मैक के अड्डो को गिराया।

किशनगंज पुलिस अधीक्षक बोले स्मैक माफिया के खिलाफ आगे भी करवाई जारी रहेगा।

स्मैक के एक-एक अड्डे पर बुलडोजर चलाएंगे।

सदर थानाध्यक्ष अभिषेक रंजन ने बताया कि 'लोगों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ इलाकों में खुलेआम स्मैक बिक रही है। कई आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

अब उनके ठिकानों को खत्म किया जा रहा है ताकि यह अवैध कारोबार जड़ से समाप्त हो। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। शहर में स्मैक के सभी चिह्नित ठिकानों को बारी-बारी से ध्वस्त किया जाएगा।

# समय पर जांच, विशेषज्ञ निगरानी और सशक्त स्वास्थ्य सेवाओं से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी से बचाव संभव

## ग्राम पंचायतों में आयोजित वीएचएसएनडी से बढ़ी सुविधा—जांचें अब गांव के दरवाजे पर उपलब्ध

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिले में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त प्रतिबद्धता अब जमीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। विभिन्न पंचायतों में आयोजित ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस ने यह साबित कर दिया कि गर्भवती महिलाओं को समय पर एएनसी उपलब्ध कराना अब पहले से कहीं अधिक सरल हो गया है। विगत शुक्रवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने स्वयं भीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की थी, जिसमें उन्होंने गर्भवती महिलाओं से बात कर उनकी जांच, पोषण, दवा उपलब्धता और रेफरल स्थिति को जाना। डीएम ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और किसी भी गंभीर मामले को तत्काल चिकित्सा संस्थान तक पहुंचाने में एक भी दिन की देरी न हो। प्रशासनिक स्तर पर हुई इस सख्त मॉनिटरिंग का असर आज के आयोजित सत्रों में देखने को मिला, जहां स्वास्थ्यकर्मी और लाभुक दोनों अधिक जागरूक दिखे।

सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार चौधरी ने बताया कि हाई रिस्क गर्भावस्था की समय पर पहचान और उपचार के लिए जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि अब गर्भवती महिलाओं की नियमित ट्रैकिंग, आशा कार्यकताओं द्वारा घर-घर फॉलो-अप और भीएचएसएनडी सत्रों में अनिवार्य एएनसी जांच के कारण स्वास्थ्य व्यवस्था अधिक सशक्त हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि एएनएम और आशा कार्यकताओं को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें एचआरपी पहचान के लिए तैयार किया गया है, ताकि खतरे के संकेत मिलते ही वे तुरंत मामले को चिकित्सा केंद्र तक पहुंचा सकें। डॉ. चौधरी के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ने से मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जो जिले के स्वास्थ्य सूचकांकों के सुधार का आधार है।

**प्रारंभिक तिमाही में पहचान ही है सफल एचआरपी प्रबंधन की नींव—सदर अस्पताल प्रशासन हुआ और सजग**

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अनवर हुसैन ने कहा कि एचआरपी की सही समय पर पहचान गर्भवती महिला और नवजात दोनों की सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था की पहली तिमाही में ही आवश्यक जांचें जैसे ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, अल्ट्रासाउंड और शुगर टेस्ट कर दिए जाएं, तो गंभीर खतरे से पहले ही निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले में अब एचडब्लूसी और भीएचएसएनडी सत्रों की संख्या बढ़ाई गई है, जिससे दूर-दराज की महिलाएं भी समय पर अपने स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कर पा रही हैं। डॉक्टर हुसैन ने कहा कि पहले कई मामले देर से अस्पताल आते थे, जिससे जटिलता बढ़ जाती थी, लेकिन अब समय पर जांच होने से ऐसी समस्याएं काफी कम हो गई हैं। उन्होंने इसे स्वास्थ्य प्रणाली में हुए सुधारों और प्रशासनिक निगरानी का प्रत्यक्ष परिणाम बताया।

**आधुनिक उपकरण, प्रशिक्षित डॉक्टर और जागरूकता—सरल हुआ एचआरपी का उपचार और रेफरल**

सदर अस्पताल की महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शबनम यास्मीन ने बताया कि जिले में एचआरपी के मामलों का सफलतापूर्वक प्रबंधन अब पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जांच उपकरण, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी, पर्याप्त दवाएं और बेहतर रेफरल व्यवस्था उपलब्ध होने से गंभीर मामलों को भी आसानी से संभाला जा रहा है। डॉ. यास्मीन ने बताया कि रक्त की कमी, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कम उम्र या अधिक उम्र में गर्भधारण, जुड़वा बच्चे होना, एचआईवी संक्रमण और पहले सिजेरियन जैसी स्थितियाँ एचआरपी के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं में जागरूकता का स्तर बढ़ा है और अब वे एएनसी जांच को लेकर अधिक गंभीर होती हैं, जिससे समय रहते इलाज संभव हो पा रहा है।

गांव में ही जांच उपलब्ध–एचडब्लूसी और भीएचएसएनडी ने बढ़ाई दरवाजे पर स्वास्थ्य सेवा की पहुंच

सिविल सर्जन ने बताया कि जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अब ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर टेस्ट, वजन मापन और प्रसव पूर्व परामर्श गांव के पास ही उपलब्ध हो जाता है। इससे महिलाओं का समय, पैसा और परेशानी दोनों कम हुई हैं। आज के भीएचएसएनडी में पहुंचे धनगछ की लाभुक रीना खातून ने कहा कि पहले ब्लॉक या अस्पताल तक जाने में पूरा दिन खराब हो जाता था, लेकिन अब यही जांच गांव में होने लगी है, जिससे घर-परिवार और छोटा बच्चा संभालने में भी काफी सुविधा हो गई है। वहीं बरहैया की अनिता देवी ने कहा कि आशा दीदी समय पर बुलाती हैं, खून की कमी की दवा भी यहीं मिल जाती है और डॉक्टर से सलाह भी आसानी से मिल जाती है। महिलाओं ने बताया कि अब जांच कराने में डर नहीं लगता, बल्कि आत्मविश्वास बढ़ा है कि बीमारी या खतरे को समय रहते पकड़ा जा सकता है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज के पौआखाली थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची के दुष्कर्मी को गिरफ्तार किया । आरोपी असेदुल शेख को पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी से मंगलवार को पकड़ा है। असेदुल शेख लगभग 30 वर्षीय पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले के नागोरबाड़ी का निवासी है।

आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था। पौआखाली क्षेत्र के अइउ-4 ईंट भट्ठा पर मजदूरी करता था। यहीं उसने नाबालिग बच्ची के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़िता के परिजनों ने पौआखाली थाना में कांड संख्या 82/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पौआखाली थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि अभियुक्त असेदुल शेख, पिता जहरुद्दीन, निवासी नागोरबाड़ी, जिला कूचबिहार (पश्चिम बंगाल) को मंगलवार को मोतिहारी से गिरफ्तार कर पौआखाली थाना लाया गया है। यह मामला 13 वर्षीय बच्ची से रेप से संबंधित है। पुलिस अन्य आरोपियों और ईंट भट्ठा मालिक की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# बीएसएफ ने सोने की तस्करी करने वाले रैकेट का किया भंडाफोड़

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



24 नवंबर 2025 को करीब 12:10 बजे, खास जानकारी पर, नॉर्थ बंगाल फ्रंटियर के किशनगंज सेक्टर में 184 बटालियन इरऋ के अलर्ट जवानों ने एक भारतीय नागरिक रतन बिश्रा (23 साल), बेटा सोम बिश्रा, गांव-इंदिरा कॉलोनी, पोस्ट ऑफिस-बामनबारी, पुलिस स्टेशन-गोलपोखर, जिला-उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) को क्ष्इऋ गेट पर पकड़ा, जब वह बाड़ के आगे अपने खेतों से पेड़ों की सूखी डालियों का बंडल लेकर लौट रहा था। बीएसएफ जवानों द्वारा चेकिंग करने पर, बंडल के अंदर सोना छिपा हुआ मिला और मौके से दो मोबाइल फोन भी बरामद हुई। जब्त किए गए सामान की कुल अनुमानित कीमत लगभग 2.4 करोड़ है।

पकड़े गए व्यक्ति की जानकारी पर बीएसएफ टीम ने पीछे के लिंक, यानी धनाजी नाम देव भुजे (34 साल), बेटे नामदेव महारुति भुजे, निवासी गांव-मालेवाड़ी, पोस्ट ऑफिस-करगनी, पुलिस स्टेशन-अटपारी, जिला-सांगली, राज्य-महाराष्ट्र को कैलटेक्स चौक, किशनगंज से पकड़ा। इसके अलावा, पकड़े गए दोनों लोगों को आगे की जांच के लिए डीआरआई बहरामपुर, जिला-मुर्शिदाबाद को सौंप दिया गया। इस कार्रवाई ने एक बार फिर बीएसएफ की सतर्कता, प्रोफेशनलिज्म और एंटी-स्मगलिंग क्षमताओं को साबित किया है। बीएसएफ भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के साथ ऐसी निर्णायक कार्रवाई करना जारी रखेगी।

# प्रखंड कार्यालय नबीनगर के सभागार भवन में मनाया गया संविधान दिवस

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**





नबीनगर (बिहार) संविधान दिवस के अवसर पर नबीनगर प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में संविधान दिवस मनाया गया ।संविधान दिवस भारत में 26 नवंबर को मनाया जाता है, जो भारतीय संविधान को अपनाने के दिन को चिह्नित करता है। यह दिवस संविधान के महत्व और इसके निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को याद करने के लिए मनाया जाता है । इस अवसर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर प्रखण्ड कार्यवाहक प्रमुख लव सिंह,प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह,बीपीआरओ मुकेश कुमार, एम ओ श्रीराम मिश्रा,मुखिया अम्बरीष प्रधान,जदयू नेता सूर्यवंश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों लोगों ने पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन प्रो सुनील बोस ने किया ।इस अवसर पर सभी लोगों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़कर संविधान के प्रति निष्ठा का शपथ लिया ।इस मौके पर बिहार में चल रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति अभियान दिवस भी मनाया गया, जहां नशा मुक्त बिहार के लिए सभी ने शपथ लिया। इस अवसर पर लोगों ने नशा मुक्ति के महत्व और इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता फैलाई । मौके पर प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश अग्रवाल ,शिक्षक धनंजय सिंह, सुनील कुमार ,संतोष कुमार सहित प्रखंड कार्यालय के अन्य कर्मी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीएम ने किया पटना बिहटा एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में विकास कार्यों को नई गति दी जा रही है। इसी कड़ी में पटना-बिहटा एलिवेटेड रोड का निर्माण तेजी से पूरा करने का काम चल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में खुद दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड का निरीक्षण किया और परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। दनापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण सितंबर 2026 तक पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को काम में तेजी लाने और निर्माण कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने जमीन अधिग्रहण के एवज में लंबित मुआवजा भुगतान में भी तेजी लाने का आदेश दिया ताकि किसानों और प्रभावितों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। डीएम ने कहा कि एनएच 119डी रामनगर कच्ची दरगाह के बीच फोरलेन निर्माण के लिए अधिगृहीत 194.02 एकड़ जमीन में किसी को खेती करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके लिए पटना सिटी एसडीओ, फतुहा और दीदारगंज अंचल के सीओ एवं थानाध्यक्ष जिम्मेदार होंगे। साइट क्लियरेंस कराने के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाएगी। पथ निर्माण विभाग के मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि विभाग राज्य के विकास की रीढ़ है। अगले पांच वर्षों में एक्सप्रेसवे, रिंग रोड और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए तेजी से काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मॉनिटरिंग प्रणाली को टेक्नोलॉजी के माध्यम से और मजबूत किया जाएगा और पथ निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मंत्री नितिन नवीन ने यह भी स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विभाग ग्रामीण इलाकों को शहरों से जोड़ने, पर्यटन स्थलों तक बेहतर मार्ग उपलब्ध कराने और औद्योगिक गलियारों को राज्य के अन्य हिस्सों से जोड़ने की योजनाओं पर तेजी से काम करेगा। अगले पांच सालों में निर्माण गुणवत्ता की निगरानी के लिए डिजिटल सिस्टम अपनाए जाएंगे और सड़क सुरक्षा मानकों को कड़ाई से लागू किया जाएगा। पटना-बिहटा एलिवेटेड रोड परियोजना न केवल शहरों को जोड़ने में मदद करेगी बल्कि यातायात के दबाव को कम करके लोगों को सुरक्षित औरआरामदायक यात्रा सुविधा भी प्रदान करेगी। राज्य सरकार की यह कोशिश बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने और विकास को नई दिशा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना के समय पर पूरा होने से पटना और बिहटा के बीच आवागमन आसान होगा और क्षेत्र का समग्र विकास भी तेज होगा। इस प्रकार, बिहार में सड़क और परिवहन परियोजनाओं को प्रगति की नई गति देने के साथ-साथ सरकार ने डिजिटल मॉनिटरिंग और सुरक्षा मानकों के माध्यम से कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता भी जताई है।

# नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किए गए कार्यक्रम

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर में नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति के महत्व को समझने और इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कई



गतिविधियों में भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति पर निबंध लिखे ।बच्चों ने नशा मुक्ति पर चित्र बनाए ।छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति के महत्व पर चर्चा की ।वहीं छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा अभिभावकों के साथ नशा मुक्ति के संदेश के साथ प्रभात फेरी भी निकाली गई ।इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों एवं आम नागरिकों को नशा मुक्ति के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें इसके प्रति प्रेरित करना था ।बिहार में नशा मुक्ति दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है जो 2017 को लागू हुआ इसके पूर्व 2011 से मद्यनिषेध दिवस के रूप में मनाया जाता था ।इस दिवस का उद्देश्य नशे के दुष्परिणामों को के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज को नशा मुक्त बनाना है।

# पटना में मनाया गया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ श्वेत क्रांति के जनक और देश के दुग्ध आंदोलन के महानायक पद्मविभूषण डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती पर बुधवार को पटना डेयरी प्रोजेक्ट (सुधा) परिसर में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया और उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुधा डेयरी की मार्केटिंग टीम ने शहर के कई क्षेत्रों में उपभोक्ताओं के बीच दूध और डेयरी उत्पादों की सेम्पलिंग कराई तथा सुधा से जुड़ाव बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि डॉ. कुरियन की दूरदर्शी सोच ने गाँव-गाँव के लाखों किसानों को दुग्ध व्यवसाय से जोड़कर उनकी आजीविका को नई दिशा दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि पटना डेयरी प्रोजेक्ट के साथ जुड़कर गुणवत्तायुक्त दूध की आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए अधिक लाभ अर्जित करें। वहीं प्रबंध निदेशक रूपेश राज ने कहा कि संघ के प्रथम अध्यक्ष के रूप में डॉ. कुरियन का योगदान अविस्मरणीय है। उन्हीं के प्रयासों से पटना डेयरी आज सुधा ब्रांड के रूप में बिहार का अग्रणी डेयरी नेटवर्क बन चुका है। उन्होंने बताया कि संग्रहण, विपणन और प्लांट विस्तार सभी में सुधा डेयरी लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है और किसानों को योजनाओं के माध्यम से अधिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि डॉ. कुरियन का सपना था कि हर किसान समृद्ध हो और हर घर तक शुद्ध दूध पहुँचे सुधा डेयरी उसी सपने को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

# पटना में गंगा नदी से तटों की कटाव का बिधायक ने किया निरीक्षण

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के मनेर विधानसभा क्षेत्र में गंगा के प्रवाह से भूमि का कटाव तेजी से हो रहा है। जिससे कई गांवों को गंगा में समा जाने की कजतर बनी हुई है। कटाव रोकने के लिए सरकारी तंत्र कोई कदम नही उठा रहा है। जिसे देखते हुए स्थानीय बिधायक ने सरकार सर अविलम्ब इस समस्या का समाधान करने की मांग किया है। राजधानी पटना से सटे मनेर इलाके का दियारा क्षेत्र गंगा नदी में विलीन होने की कगार पर है। गंगा नदी का तटवर्ती हल्दी-छपरा, बादल टोला, रामनगर सहित दर्जनों गांव गंगा नदी के कटाव की जद में आ चुके हैं। कभी भी ये गांव नदी में समा सकते हैं। विधायक भाई वीरेंद्र ने चेतावनी दी है कि, यदि संबंधित विभागों ने पंद्रह दिनों के अंदर कटाव रोकने के उपाय नहीं किए तो वे धरना देंगे। मनेर इलाके के कई गांव गंगा नदी के कारण होने वाले भू-क्षरण और भूमि के कटाव की पीड़ा झेल रहे हैं। इन गांवों के लोग बरसात के मौसम के दौरान बाढ़ आने पर रतजगा करते हुए नजर आते हैं। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी सरकार और सरकारी विभागों को नहीं है, ग्रामीणों ने कटाव से संबंधित शिकायतें कई बार सरकार और आपदा प्रबंधन विभाग से की। लेकिन अब तक बात नहीं बनी। न तो सरकार ने और न ही स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने इसकी सुधी ली। गंगा के प्रकोप से आतंकित तटवर्ती गांवों के लोगों ने कटाव की समस्या से निजात दिलाने की गुहार मनेर के विधायक भाई वीरेंद्र से लगाई। भाई वीरेंद्र ने ग्रामीणों के दुःख को समझते हुए और उनकी शिकायतों की जांच करने के लिए बुधवार को दोपहर में कटाव वाले इलाके का दौरा किया।

# पटना पुलिस ने किया कट्टा व 102 लिटर शराब के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता**



पटना/ जिला के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना क्षेत्र में पटना पुलिस ने एक देशी कट्टा, 102 लीटर देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार पटना पुलिस ने बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र के अथमलगोला थाना क्षेत्र से हरिशंकर उर्फ हड्डिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच के क्रम में हरिशंकर उर्फ हड्डिया को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से 102 लीटर देशी शराब और एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। एक बाइक को भी जप्त किया गया है। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस आरोपी की तलाश पुलिस को काफी समय से थी। मिल रही जानकारी के अनुसार इनका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

# सूरज मंडल का मानवीय कदम – बीमारी से जूझते परिवार के इलाज के लिए बढ़ाए मदद के हाथ

**संवाददाता परमबीर पात्रो**
**समाज जागरण**

पोटका प्रखंड के पुट लुपुंग निवासी दुलाल मंडल के परिवार की दयनीय स्थिति की जानकारी मिलते ही शौर्य यात्रा समिति के सदस्यों एवं समाजसेवियों ने आगे बढ़कर मानवता का परिचय दिया। परिवार आर्थिक संकट की मार झेल रहा था और इलाज के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध न होने के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी। सूचना मिलते ही समिति के सदस्यों ने पहल की और आम जनता से सहयोग की अपील की।

जिला परिषद सदस्य सूरज मंडल एवं समाजसेवी पलटू मंडल के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने लोगों से सहायता की अपील जारी की। अपील का प्रभाव उल्लेखनीय रहा–क्षेत्र के आम नागरिकों ने अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दिया और सामूहिक प्रयासों से 52,511 की राशि एकत्रित की गई, जिसे आज समिति के सदस्यों द्वारा दुलाल मंडल के परिवार को सौंपा गया।

दुलाल मंडल स्वयं गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। भावुक होते हुए उन्होंने कहा–

अगर मेरे पिता ठीक होते, तो मेरा इलाज जरूर करा पाते।



घर में वृद्ध मां मुकुल मंडल अपने अंधेझबहरे पति और अपाहिज बेटे की सेवा करतेझकरते पूरी तरह टूट चुकी हैं। घर की आर्थिक स्थिति इस कदर कमजोर है कि इलाज कराने के लिए पैसे तो दूर, बेचने लायक कोई संपत्ति भी नहीं बची है। टूटे मन से मां कहती हैं–

इलाज के लिए कई जगह हाथ फैलाए, लेकिन लोग भी अब तंग आ गए। हम नहीं जानते आगे कैसे जिएंगे।

जिस बेटे दुलाल पर परिवार का सहारा टिका था, आज वही दूसरों की मदद का मोहताज हो गया है। मां की आंखें नम हो जाती हैं–

अगर कोई फरिश्ता मिल जाए जो मेरे बेटे का इलाज करा दे... ताकि वह फिर से खड़ा होकर हमें संभाल सके।

परिवार ने सरकार, समाजसेवियों और आम जनता से दुलाल मंडल के समुचित इलाज के लिए आर्थिक सहायता की अपील की है, ताकि यह परिवार फिर से स्वावलंबी बन सके और जीवन सामान्य रूप से आगे बढ़ पाए।

**इस पुनीत कार्य में सक्रिय योगदान देने वालों में शामिल रहे–**

समाजसेवी पलटू मंडल, समिति के घनश्याम मंडल, सूरज मोदक, माना गोप, मलय मंडल, रमेश मोदक, आस्तिक गोप, रंजन दास, तनुज दास एवं देवाशीष गोप।

इन सभी ने मिलकर यह संदेश दिया कि समाज तभी महान बनता है जब लोग दूसरों के दुख में साझेदार बनें। वास्तव में – मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है।

# स्वास्थ्य मंत्री इरफान के बयान की निंदा, एनडीए समर्थको ने पद से हटाने की किया मांग।

**भुनेश्वर कुमार महातो ,**
**संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : चुनाव आयोग के एसआईआर ( स्पेशल इंटेसीव रिवीजन) को लेकर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी द्वारा किए गए विवादास्पद बयान की नावाडीह में भाजपा व आजसू ने निंदा की है। साथ ही मुख्यमंत्री से ऐसे बड़बोले मंत्री को हटाने की मांग की है। भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी फूलचंद किस्कू ने कहा कि भारत का संविधान भारतीय नागरिकों को वोट देने का अधिकार देते है और घुसपैठियों के नाम काटने की इस कवायद से झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों को ,बिना किसी विदेशी हस्तक्षेप के अपने



प्रतिनिधि चुनने में आसानी होगी। किस्कू ने कहा कि मंत्री द्वारा एसआईआर को आने वाले वाले बीएलओ को बंधक बनाने की बात कहना उनकी गलत मानसिकता व बौखलाहट का परिणाम है।वहीं नावाडीह सांसद प्रतिनिधि आजसू नेता दीपू अग्रवाल ने कहा कि एसआईआर के माध्यम से वोटर लिस्ट का यह शुद्धिकरण, भारत के लोकतंत्र को सुदृढ़ एवम् सशक्त बनाने का काम करेगा। इसमें हर भारतीय की सक्रिय सहभागिता रहेगी। यह वक्त का तकाजा है कि झारखंड वासी एकजुट होकर एसआइआर की इस मुहिम को सफल बनाए तथा ऐसी लोकतंत्र - विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दे। अग्रवाल जी ने राज्यहित में ऐसे बड़बोले मंत्री को अविलंब बर्खास्त करने की मांग की है। इसके अलावा भाजपा के गणेश यादव, दिनेश यादव, खेमलाल महतो, कैलाश मंडल,दिनेश यादव , करण किस्कू, सुरेंद्र साव ने भी मंत्री के यह बयान पर आपत्ति प्रकट किया है।

# संविधान दिवस पर आजाद समाज पार्टी के सदस्यों ने लिया संविधान की शपथ

**संवाददाता परमबीर पात्रों समाज जागरण**

पूर्वी सिंहभूम – संविधान दिवस के अवसर पर आज साकची स्थित फैशन वर्ल्ड में आजाद समाज पार्टी द्वारा संविधान शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना के पाठ से हुई, जिसके बाद सभी उपस्थित सदस्यों ने न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता



की मूल भावना को जीवन में उतारने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में संविधान की रक्षा, संवैधानिक मूल्यों को सामाजिक रूप से बढ़ावा देने और भाईचारे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया.

चंद्रशेखर भाई के साथ शपथ लेते हुए सभी सदस्यों ने दोहराया कि संविधान ही सर्वोच्च है और देश का हर नागरिक उसके संरक्षण का जिम्मेदार है. कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि अन्याय, भेदभाव और नफरत के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा और देश को संविधान के मार्ग पर आगे बढ़ाया जाएगा. इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष परवेज खालिद, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शमीम अकरम, कोल्हान भीम आर्मी 78 एकता मिशन के दिनेश गौतम, सराइकेला जिला अध्यक्ष एजाज अहमद, सराइकेला जिला प्रभारी सनत सिंह सरदार, अनश खान समेत कई लोग उपस्थित थे.

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का वितरण, बैंक ने किया सराहनीय पहल

**समाज जागरण,**
**संवाददाता, बिकाश**

निमडीह (चांडिल) : - प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम सरायकेला, बीडीओ निमडीह एवं सीओ निमडीह उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभुकों को भी सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बैंक की ओर से श्रीमती निर्मला देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा



योजना (PMJJBY) के तहत 2,00,000 का क्लेम राशि का चेक प्रदान किया गया।

चेक वितरण के बाद एसडीएम सरायकेला ने बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की संवेदनशील और समयबद्ध कार्रवाई से आमजन में सरकारी योजनाओं के प्रति विश्वास बढ़ता है। उन्होंने बैंक को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए बधाई भी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभुक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया।

# पटना में लावारिस वाहन से 25 कार्टन विदेशी शराब बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण पटना जल संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के बेरिया संपतचक बस स्टैंड के पास खड़ी एक लावारिस मारुति कंपनी की वाहन से पुलिस ने 25 कार्टन विदेशी



शराब बरामद किया है। वाहन संदेहास्पद स्थिति में खड़ा मिला जिसके बाद पुलिस टीम ने तलाशी ली और भारी मात्रा में शराब बरामद की। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और यह जांच की जा रही है कि शराब किसकी थी? कौन लोग छोड़कर फरार हुए? और इसकी सप्लाई कहां होनी थी? पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# पदमा पंचायत भवन में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम सम्पन्न

## 478 में से 310 आवेदनों का हुआ तत्काल निष्पादन

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता**
**पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमाझ पदमा प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में मंगलवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का तत्काल निपटारा किया। हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शिविर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्था की समीक्षा की और विभिन्न विभागों के कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आमजनों से भी सीधे बातचीत कर उनके आवेदन एवं शिकायतों की जानकारी ली।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता, प्रमुख वीणा




देवी, उपप्रमुख सतेंद्र राणा, विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, बीडीओ निधि रजवार तथा मुखिया अनिल मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर कुल 478 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 310 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि 168 आवेदन लंबित रह गए हैं, जिनके जल्द समाधान का आश्वासन अधिकारियों ने दिया।

कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही और लोगों ने खुले मंच पर अपनी समस्याएं साझा कीं।

# पटना में मोबाइल चोरी करते युवक की फुटेज सीसीटीवी में कैद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के रानीपुर मोड़ स्थित पेठिया बाजार में प्रिंस किराना दुकान से एक युवक ने मोबाइल चोरी कर लिया। जिसकी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी है।

दुकानदार के अनुसार, करीब 15-16 वर्ष का युवक नीली जींस और लाल शर्ट पहने दुकान में




दाखिल हुआ। जब दुकान में कोई नहीं था, तब उसने काउंटर पर रखा मोबाइल उठाकर आराम से बाजार में निकल गया। जिसका पूरा वारदात सीसीटीवी में कैद हो गया है। जिसमें युवक का चेहरा पूरी तरह स्पष्ट दिखाई दे रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर दुकानदार ने फुलवारी शरीफ पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जारी करते हुए लोगों से अपील की है कि इस युवक को पहचानें और तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# पटना पुलिस ने किया हत्या के प्रयास मामले में एक को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना पुलिस ने फरार वारंटी को घर पकड़ अभियान के तहत हत्या के मामले में फरार चल रहा है एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गौरीचक थाना में थाना क्षेत्र के नयाचक फहिमपुर निवासी अर्जुन राय के पुत्र पप्पु राय को हत्या के प्रयास, जान से मारने की कोशिश, मारपीट और समाज में भय उत्पन्न करने जैसे अपराध में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद उसे अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय भेजा गया है।



# सोनबिल में हंस पालन पर संकट–अज्ञात बीमारी से बड़ी संख्या में हंसों की मौत, किसान बेहाल

## मुख्यमंत्री और पशुपालन मंत्री से तात्कालिक हस्तक्षेप की अपील

**समाज जागरण श्रीभूमि संवाददाता**

एशिया के सबसे बड़े जलाशयों में शामिल सोनबिल क्षेत्र के किसान और हंस पालन करने वाले परिवार इन दिनों गहरे संकट से जूझ रहे हैं। मौसम की शुरूआत में अज्ञात बीमारी फैलने से हजारों हंसों की मौत हो गई है, जिससे हंस पालकों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

हंस पालन सोनबिल क्षेत्र के हजारों परिवारों के लिए आय का मुख्य स्रोत है। लेकिन अचानक फैले इस रहस्यमय रोग ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसान बताते हैं कि हंसों की लगातार हो रही मौत के कारण वे न तो बाजार में हंस बेच पा रहे हैं और न ही लिए गए ऋण चुका पा रहे हैं। कई परिवारों का अब दैनिक खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है।

किसानों का कहना है कि अगर स्थिति पर तुरंत नियंत्रण नहीं पाया गया, तो आने वाले दिनों में उनका पूरी तरह बर्बाद हो जाना तय है। हंस पालकों ने राज्य सरकार, जिला प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग



से तत्काल हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। उनकी मांगें इस प्रकार हैं–

बीमारी की वजह पता लगाने के लिए विशेषज्ञ मेडिकल टीम तुरंत सोनबिल भेजी जाए।

मृत हंसों के नमूने की जांच कर बीमारी की पहचान जल्द की जाए।

प्रभावित हंस पालकों को आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा दिया जाए।

टीके, दवाइयों और आवश्यक दवा सामग्री की आपूर्ति तुरंत सुनिश्चित की जाए।

भविष्य में ऐसी महामारी रोकने के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाए जाएँ।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस संकट पर लगाम नहीं लगी तो सोनबिल क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। मजबूर किसानों की एक ही पुकार है कि सरकार समय रहते ठोस कदम उठाए, वरना कई परिवार सड़क पर आने को मजबूर हो जाएंगे।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए हंस पालकों ने लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा शर्मा और पशुपालन मंत्री अतुल बरा से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है, ताकि इस संकट का समाधान जल्द से जल्द हो सके।

# श्रीभूमि जिले में मोकामछड़ा-रुपाग्राम क्षेत्र में बढ़ी बालू तस्करी, वन विभाग की चुप्पी पर उठा सवाल

**समाज जागरण श्रीभूमि संवाददाता**

श्रीभूमि जिले के दोहालिया और चेरागी रेंज अंतर्गत मोकामछड़ाझ रुपाग्राम क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन और तस्करी लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सिंगला नदी से रोजाना मजदूरों की मदद से बड़े पैमाने पर बालू निकाला जा रहा है और बेखौफ तस्करों द्वारा इसे बाजार तक पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रहे उत्खनन से नदी का किनारा टूट रहा है, जिसके कारण आसपास रहने वाले परिवारों के घरों को खतरा पैदा हो गया है। कई लोग अपने मकानों के डूब या ढह जाने की आशंका के चलते दहशत में हैं।

स्थानीय नागरिकों ने अवैध खनन रोकने के लिए कई बार बालू तस्करों को सावधान किया, लेकिन किसी ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। नागरिकों का कहना है कि बालू माफियाओं की गतिविधियाँ न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंचा



रही हैं, बल्कि नई पीढ़ी के भविष्य को भी अंधकार की ओर धकेल रही हैं।

इस पूरे मामले में दोहालिया और चेरागी रेंज के वन विभाग कर्मचारियों की चुप्पी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की निष्क्रियता के चलते सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार, दोहालिया रेंज के अन्य कई क्षेत्रों में भी इसी तरह अवैध रूप से बालू उत्खनन जारी है। जागरूक नागरिकों ने वन विभाग के कर्मचारियों पर अपने कर्तव्यों का समुचित पालन न करने का आरोप लगाया है और उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है।

जिला स्तर पर वरिष्ठ अधिकारी अब विभाग से कड़ी कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं नागरिक भी अवैध बालू तस्करी पर रोक लगाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने का इंतजार कर रहे हैं।

# भारत की राष्ट्रपति ने 'संविधान दिवस' के मौके पर संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया

**समाज जागरण**

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। 11वें संविधान दिवस के मौके पर पूरे देश ने इस अवसर को बड़े उत्साह और उमंग के साथ उत्सव के तौर पर मनाया। इस मौके पर भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, कई केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा में विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी, राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश और अन्य संसद सदस्य उपस्थित थे।

संविधान सदन के प्रतिष्ठित केंद्रीय कक्ष में स्वागत भाषण देते हुए, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि भारत के संविधान ने देश की संस्कृति, भाषा, परंपराओं और रीति-रिवाजों की गहन विविधता को, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों में निहित एक मजबूत और एकीकृत राष्ट्रीय पहचान में बदल दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान राष्ट्र का हृदय और आत्मा है, जो इसकी बुद्धिमत्ता, लोकतांत्रिक लोकाचार और सामूहिक आकांक्षाओं का प्रतीक है। भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद, भारत के संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबासाहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर और संविधान सभा के सभी सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री बिरला ने जोर देते हुए कहा कि यह उनकी दूरदर्शिता, बुद्धिमत्ता और अथक परिश्रम का ही नतीजा था कि भारत को एक दूरदर्शी संविधान प्राप्त हुआ, जो देश के प्रत्येक नागरिक को न्याय, समानता, बंधुत्व और सम्मान की गारंटी देता है।

प्रतिष्ठित सेंट्रल हॉल का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि यह वह पवित्र स्थान है, जहाँ गहन बहस और विचार-विमर्श ने संवैधानिक ढाँचे को आकार दिया और लोगों की आकांक्षाओं को स्थायी संवैधानिक सिद्धांतों में बदला। उन्होंने कहा कि पिछले सात दशकों में, इस संविधान के मार्गदर्शन में ही, भारत ने प्रगतिशील कानून बनाए हैं, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का विस्तार किया है, और हमारा देश दुनिया के सबसे जीवंत और मजबूत लोकतंत्रों में से एक के रूप में उभरा है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना के प्रारंभिक शब्द, "हम, भारत के लोग", देश के 140 करोड़ नागरिकों के सामूहिक संकल्प को दशार्ते हैं और भारत की एकता की शक्ति की भी पुष्टि करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज साझा राष्ट्रीय प्रतिबद्धता, 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण करना है और यह लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है, जब प्रत्येक नागरिक संविधान के मूल्यों और आदर्शों को अपनाए और उनका पालन करे।

श्री बिरला ने सभी नागरिकों, खासकर युवाओं से आग्रह किया कि वे संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहें, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें और एक ऐसे भारत के निर्माण में योगदान दें, जो विकास, न्याय, एकता, बंधुत्व और मानवीय गरिमा का वैश्विक उदाहरण बने।

अंत में, श्री बिरला ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस पवित्र कार्यक्रम में उनकी भागीदारी संवैधानिक मूल्यों के प्रति राष्ट्र की गहन सामूहिक प्रतिबद्धता दशार्ती है।

# उपराष्ट्रपति ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस स्मृति समारोह को संबोधित किया

**समाज जागरण**

श्री राधाकृष्णन ने कहा कि वर्ष 2015 से 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है जो अब देश के प्रत्येक नागरिक के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन बन गया है। उन्होंने कहा कि असाधारण प्रतिभावान नेताओं - बाबासाहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, श्री एन. गोपालस्वामी अय्यंगर, श्री अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर, श्री दुर्गा बाई देशमुख और अन्य दूरदर्शी व्यक्तियों ने संविधान को इतनी गहनता से गढ़ा कि इसका प्रत्येक पृष्ठ राष्ट्र की आत्मा को प्रतिबिंबित करता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि संविधान का मसौदा, उस पर चर्चा और उसे अंगीकार भारत के कुछ सर्वश्रेष्ठ नेताओं द्वारा किया गया, जो स्वतंत्रता संग्राम के लाखों लोगों की सामूहिक बुद्धिमत्ता, बलिदान और स्वप्न का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संविधान समिति और संविधान सभा के सदस्यों के योगदान ने करोड़ों भारतीयों की आशाएं और आकांक्षाएं पूरी कीं और भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में उभरने की बुनियाद रखी। उन्होंने कहा कि बुद्धिमत्ता, अनुभव, बलिदानों और आकांक्षाओं से उत्पन्न संविधान से सुनिश्चित हुआ है कि भारत सदा अखंड रहे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि व्यावहारिक और परिपूर्णता आधारित दृष्टिकोण द्वारा भारत ने विकास संकेतकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि औसत अर्थव्यवस्था से, भारत अब चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है और शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में 25 करोड़ लोगों को निर्धनता से मुक्त किया गया है, और 100 करोड़ से अधिक लोगों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में लाया गया है - जो दशार्ता है कि असंभव को संभव बनाया गया है। श्री राधाकृष्णन ने रेखांकित किया कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था नई नहीं है। उत्तर में वैशाली और दक्षिण में चोल शासकों की "कुदावोलाई" व्यवस्था के ऐतिहासिक उदाहरणों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दीर्घकाल से लोकतंत्र की जननी रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सजग भागीदारी के बिना कोई भी लोकतंत्र विकसित नहीं हो सकता और जम्मू-कश्मीर तथा बिहार में हुए हाल के चुनाव में उच्च मतदान प्रतिशत लोकतांत्रिक प्रक्रिया में लोगों के अडिग विश्वास दशार्ते हैं।

# एनटीटीएम ने राष्ट्रीय ध्वज और रक्षा-ग्रेड फाइबर का सम्मानजनक पुनर्चक्रण करने के लिए भारत का पहला वैज्ञानिक मॉडल पेश किया; जिन प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन 28 नवंबर को पानीपत में किया जाएगा

**समाज जागरण**

कपड़ा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) ने एक परिवर्तनकारी परियोजना का समर्थन किया है जो तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में स्थिरता को नया स्वरुप प्रदान करता है। इस परियोजना के परिणामस्वरुप आईआईटी दिल्ली के अंतर्गत पानीपत में अटल वस्त्र पुनर्चक्रण एवं स्थायित्व केंद्र की स्थापना हुई, जिसने दो अग्रणी पहलों, राष्ट्रीय ध्वज पुनर्चक्रण पहल और अरामिड फाइबर पुनर्चक्रण कार्यक्रम, के माध्यम से प्रौद्योगिकी, नवाचार एवं राष्ट्रीय उद्देश्य को एकीकृत किया है। पंजाब, हरियाणा एंड दिल्ली चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) इन नवाचारों और वास्तविक दुनिया पर उनके प्रभावों को प्रदर्शित करने के लिए 28 नवंबर 2025 को पानीपत में एक समर्पित प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम परियोजना के अंतर्गत विकसित तकनीकों पर प्रकाश डालेगा, उद्योग एवं सरकार के हितधारकों को एक




मंच पर लाएगा तथा तकनीकी वस्त्रों में नवाचार, स्थिरता और औद्योगिक एकीकरण को बढ़ावा देने में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन की भूमिका को मजबूत करेगा।

भारत में पहली बार, सेवानिवृत्त राष्ट्रीय ध्वजों का गरिमापूर्ण पुनर्चक्रण करने के लिए एक संरचित एवं वैज्ञानिक प्रक्रिया शुरू की गई है। उद्योग साझेदार द्वारा लागू की गयी यह परियोजना सुनिश्चित करती है कि तिरंगे के कपड़े और संरचनात्मक अखंडता सुरक्षित रहें या बिना गरिमा को नुकसान पहुंचाए इनका जिम्मेदारीपूर्वक पुनः उपयोग हो। यह मॉडल दशार्ता है कि स्थिरता को राष्ट्रभक्ति मूल्यों के साथ किस प्रकार के जोड़ा जा सकता है और यह हर घर तिरंगा अभियान की भावना के साथ दृढ़ता से मेल खाता है।

इसके साथ ही, परियोजना के अरामिड फाइबर पुनर्चक्रण कार्यक्रम ने उच्च प्रदर्शन वाले अरामिड अपशिष्ट के प्रबंधन को महत्वपूर्ण समाधान प्रदान किया है जो रक्षा, एयरोस्पेस और सुरक्षात्मक वस्त्रों में उपयोग की जाने वाली एक महत्वपूर्ण सामग्री है। कई तकनीकी वस्त्र उद्योगों ने पहले ही इन अनुसंधान एवं विकास परिणामों को अपनाना शुरू कर दिया है जो मजबूत उद्योग विश्वास को दशार्ता है और अनुसंधान को बड़े पैमाने पर व्यावसायिक अनुप्रयोगों में परिवर्तित करने में मिशन की सफलता को रेखांकित करता है।

# आईएएस संतोष वर्मा का बयान समाज को बांटने की मानसिकता का खुला प्रमाण - करुणेश

समाज जागरण

चौरीचौरा - मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस और अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण कन्याओं पर की गई टिप्पणी को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण जनकल्याण समिति के राष्ट्रीय महामंत्री करुणेश पांडेय ने रोष व्यक्त करते हुए क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा मनीष शर्मा को तहरीर दे एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।



श्री पांडेय ने कहा कि एक वरिष्ठ अधिकारी को इस प्रकार का जातिगत व स्त्री विरोधी बयान न केवल घोर आपत्तिजनक है बल्कि समाज को बांटने की मानसिकता का खुला प्रमाण भी है। मनोविक्षिप्तता से ग्रसित आईएएस अधिकारी संतोष जैसा व्यक्ति सामाजिक सौहार्द, मयार्दा और मानवीय मूल्यों के लिए अभिशाप समान हैं उनका यह बयान उनकी घोर विकृत, पथभ्रष्ट और निंदनीय मानसिकता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि देश के बहन बेटियों को दान की वस्तु समझने वाली सोच घोर निंदनीय है, ऐसे विचार ना सिर्फ घटिया हैं अपितु हमारी सांस्कृतिक मयार्दा का भी अपमान हैं, इस दौरान विश्वप्रेमी पांडेय, अम्बरीष मिश्रा, शिवा कुमार, धनंजय कुमार, रवि आदि मौजूद रहे ।

# बाबासाहेब के सपनों के भारत का हो रहा निर्माण :रामदास आठवले

## बाबासाहेब के आदर्शों के पथ पर मोदी सरकार अनवरत गतिशील है: रामदास आठवले

एस एन वर्मा /समाज जागरण

नई दिल्ली । रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कांस्टीटयूशन क्लब में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निमार्ता वंदनीय बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन जन तक पहुँचाने के लिए आरपीआई प्रतिबद्ध है तथा बाबासाहेब के सपनों के भारत निर्माण के लिए आरपीआई हरसंभव प्रयास करेगी।

श्री आठवले ने कहा कि



आरपीआई अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सहित समाज के सभी वंचित वर्गों के न्याय के लिए अपना संघर्ष एवं समर्पण निरन्तर जारी रखेगी।

रामदास आठवले ने कहा कि संविधान निमार्ता डा. भीमराव आंबेडकर ने देश की आजादी के बाद जिस भारत का सपना देखा, उस सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रामदास आठवले ने कहा कि बाबासाहेब के आदर्शों के पथ पर मोदी सरकार अनवरत गतिशील है और जिस सामाजिक न्याय और समान अधिकार के लिए बाबासाहेब ने पूरा जीवन समर्पित कर दिया, आज वह सामाजिक न्याय केवल किताबों तक न सिमट कर वास्तविकता का रूप ले चुका है।

रामदास आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डा. भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवंबर 2015 से 'संविधान दिवस' मनाने की क्रांतिकारी पहल की और यह बाबासाहेब के प्रति सही मायनों में सबसे सच्ची श्रद्धांजलि रही।

श्री आठवले ने कहा कि दरअसल, 26 नवम्बर 1949 को संविधान को तैयार कर देश को समर्पित करने में बाबासाहेब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसलिए, केन्द्र सरकार ने 26 अप्रैल को आधिकारिक रूप से 'संविधान दिवस' की घोषणा कर डॉ. भीमराव आंबेडकर के महान योगदान को सम्मान देने की पहल की। रामदास आठवले ने कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का आवाह्न करते हुए कहा कि अपने प्रदेश,अपने जिले, अपने क्षेत्र व गांव की समस्या के समाधान के लिए आड़्पीआई के नेतृत्व में सामाजिक न्याय के लिए पुरजोर तरीके से सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़कर आमजन का विश्वास जीतें व संगठन को सशक्त बनाने में प्रतिभागी बनें।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई

## सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्ति अभियान के तहत कैंडल मार्च एवं शपथ कार्यक्रम संपन्न

समाज जागरण

श्रावस्ती। जिले में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्ति अभियान के अंतर्गत आज एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीण समुदाय की व्यापक सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष की उपस्थिति में कैंडल जलाकर बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई।




इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की और ग्रामीणों को जागरूक किया। वक्ताओं ने बताया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के भविष्य को नष्ट करता है, बल्कि यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है। बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलंबन दिलाने के लिए समाज को एकजुट होकर इस कुप्रथा का विरोध करना होगा।

कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने कैंडल जलाकर यह संकल्प लिया कि अपने गांव और क्षेत्र में बाल विवाह होने नहीं देंगे तथा ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत संबंधित विभागों को देंगे।

आयोजक संस्था DEHAT india द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह अभियान जिले के विभिन्न गांवों में निरंतर चलाया जा रहा है। संस्था हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से भी सहायता प्रदान कर रही है, ताकि कोई भी व्यक्ति गोपनीय रूप से बाल विवाह की सूचना दे सके।

इस प्रेरक कार्यक्रम ने स्थानीय समुदाय में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया है और बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत

# छात्रों और आमजन को किया गया यातायात जागरूक, पंपलेट्स वितरित

## स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम, पेंटिंग प्रतियोगिता और शहर में विशेष चेकिंग अभियान

श्रावस्ती, 26 नवंबर 2025 - पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में आज थाना इकौना क्षेत्रान्तर्गत स्थित जगत जीत इंटर कॉलेज, इकौना श्रावस्ती में छात्रों एवं शिक्षकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी यातायात मो. शमीम द्वारा सभी छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मचारियों को यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट्स वितरित किए गए।



इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने यातायात जागरूकता पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और चित्रों के माध्यम से आमजन को सुरक्षित यातायात का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी साइबर थाना श्री संतोष कुमार यादव ने सभी उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही थाना इकौना मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक अर्चना ने महिलाओं से जुड़े अपराध, महिला सुरक्षा एवं मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया।

विद्यालय कार्यक्रम के पश्चात प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के चौराहों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान नागरिकों को राह-वीर योजना और उसमें मिलने वाली प्रोत्साहन राशि की जानकारी दी गई तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, तेज गति व नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की गई। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

इसके अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा के निर्देश पर बिना नंबर प्लेट वाले डम्पर, ट्रक समेत अन्य वाहनों के विरुद्ध चल रहे 7 दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान के तहत प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग कर विधिक कार्रवाई की गई।

# मदन भईया की बेटी की शादी में पहुँची देश की जानी-मानी हस्तियां

समाज जागरण

गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश। सुप्रसिद्ध समाजसेवी और खतौली विधायक मदन भैया की बेटी की शादी में धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षिक, मीडिया क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की और वर-वधु को अपना आशीर्वाद दिया। शादी समारोह का आयोजन उनके गांव जावली में आयोजित किया गया। मदन भईया ने शादी समारोह में आये हजारों लोगों का स्वागत-सत्कार किया। लोगों की हजारों संख्या होने के बाबजूद सभी व्यवस्थायें अप-टू-डेट थी, किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था देखने को नही मिली। शादी पंड़ाल की भव्यता व कन्यादान में अधिकतम 101 रुपए की ही धनराशि का स्वीकार किया जाना मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर लोगो ने एक दूसरे के साथ जमकर सेल्फी-फोटो ली। शादी समारोह में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी, सांसद डाक्टर राजकुमार सांगवान, महामहिम राष्ट्रपति जी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व योजना आयोग के सदस्य सोमपाल शास्त्री, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी डाक्टर जाकिर हसन प्रधान रटौल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवेन्द्र गुर्जर घिटौरा, जिला पंचायत सदस्य बागपत जयकिशोर, प्रिंस गुर्जर घिटोरा, परशुराम खेड़ा मंदिर बालैनी के महंत देवमुनी जी महाराज, मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, समाजेसवी वारीस राशिद, मंत्री केपी मलिक, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, सांसद महेश चंद शर्मा, विधायक अतुल प्रधान सहित अनेकों केन्द्रीय मंत्रियों, विभिन्न राज्यों के मंत्रियों, जिला पंचाचत अध्यक्षों सहित हजारों लोगों ने शिरकत की।



# सीएम योगी एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को पहुंचेंगे गाजियाबाद, दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर में भी रहेंगे

## गाजियाबाद में भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति और मंदिर स्थापना कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम योगी



**गौतमबुद्ध नगर में जेवर एयरपोर्ट का करेंगे निरीक्षण, संबंधित अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक**

**दिल्ली के भारत मंडपम में रहेंगे सीएम योगी, वाई.पी.ओ. गोल्ड के साथ करेंगे बैठक**

लखनऊ, 26 नवंबरः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर 27 नवंबर को गाजियाबाद पहुंचेंगे। यहां से वो गौतमबुद्ध नगर और दिल्ली भी जाएंगे। सीएम योगी के दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। सीएम योगी इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

### गाजियाबाद में भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति, मंदिर स्थापना कार्यक्रम में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले 10:55 बजे गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद वो यहां से आईटीएस कॉलेज, मुरादनगर हेलीपैड जाएंगे। यहां से सीएम योगी कार द्वारा 11.20 बजे मुरादनगर में कार्यक्रम स्थल तरुण सागर तीर्थ जाएंगे। सीएम यहां 11.20 बजे से 12.20 बजे के बीच भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति और मंदिर स्थापना कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### नोएडा में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का करेंगे निरीक्षण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 12.50 बजे गौतमबुद्ध नगर के जेवर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां सीएम योगी 12.50 से 13.50 के बीच जेवर एयरपोर्ट का निरीक्षण करेंगे और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### नोएडा में मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का करेंगे उद्घाटन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 14.35 बजे नोएडा के सेक्टर 113 के हेलीपैड पहुंचेंगे। सीएम योगी 14.50 बजे से 15.40 बजे के बीच मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद सीएम योगी कार द्वारा 16.10 बजे दिल्ली के भारत मंडपम जाएंगे। यहां वो 16.15 बजे से 17.30 बजे तक रहेंगे। यहां सीएम योगी वाई.पी.ओ. गोल्ड के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद सीएम योगी 18.05 बजे गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से वो लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

# नोएडा में गुणवत्तापूर्ण जल आपूर्ति की मांग तेज, डिप्टी सीएम और मुख्य सचिव को पत्र सौंपा

समाज जागरण

नोएडा। शहर में स्वच्छ और मानक स्तर के पेयजल उपलब्ध कराने की मांग को लेकर "राइट इनिशिएटिव्स फॉर सोशल एम्पावरमेंट" के प्रतिनिधि अधिवक्ता अनिल के गर्ग ने उप मुख्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को एक औपचारिक पत्र भेजा है। इस पत्र में नोएडा प्राधिकरण द्वारा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही जल व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इसे मानक के अनुरूप बनाने की मांग की गई है।

अधिवक्ता अनिल के गर्ग ने अपने पत्र में कहा कि भारतीय मानकों के अनुसार पेयजल में TDS की मात्रा 500 पीपीएम से कम और जल अशुद्धियों से मुक्त होना चाहिए, जबकि वर्तमान में नोएडा प्राधिकरण इस मानक पर खरा नहीं उतर रहा है। पत्र में उन्होंने प्रमुख रूप से जल की गुणवत्ता सुधारने और सतत एवं पर्याप्त जल सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए कई ठोस सुझावों को लागू करने की मांग की है।

### पत्र में बताए गए मुख्य सुझाए गए बिंदु

गंगा जल की आपूर्ति बढ़ाई जाए।
सेक्टर-वार पंप हाउसों में आधुनिक जल शोधन तकनीक स्थापित की जाए।
रैन्य, भूमिगत व गंगा जल के मिश्रण को नियंत्रित करने के लिए SCADA सिस्टम लागू किया जाए।
हर घर में जल मीटर लगाए जाएँ और उपयोग आधारित बिलिंग लागू की जाए।
मानवीय हस्तक्षेप कम करते हुए पूरी जल प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से ऑटोमेटेड किया जाए।
जल गुणवत्ता की समय-समय पर तृतीय-पक्ष जांच कर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

गर्ग ने कहा कि यदि उपरोक्त उपायों को लागू किया जाता है, तो इससे न केवल नागरिकों को स्वच्छ पानी मिलेगा बल्कि पानी की बबार्दी में भी कमी आएगी और शहर में जीवन स्तर और बेहतर होगा।
उन्होंने आशा जताई कि शासन इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर त्वरित निर्णय लेते हुए नोएडा प्राधिकरण को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेगा।

# हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और भारत की अनेकता को एकता में जोड़ने वाला है: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान दिवस पर लोकभवन में संविधान की उद्देशिका का कराया सशपथ पाठन

लखनऊ, 26 नवंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 2015 से पूरा देश प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करता है। 1946 में हुए संविधान सभा के चुनाव के उपरांत गठित संविधान सभा ने भारत के संविधान का



निर्माण किया था। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बनी संविधान सभा ने अलग-अलग कमेटियां बनाई थीं, उसकी ड्रॉफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। संविधान निर्माण में 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन लगे। संविधान निर्माण में जिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने योगदान व विशेषज्ञों ने सहयोग किया, उसी का परिणाम है कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और भारत की अनेकता को एकता में जोड़ने वाला है। संविधान की मूल प्रति को लेकर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की समिति जब संविधान सभा के पास गई थी तब भी उन्होंने कहा था कि संविधान एक दस्तावेज है, जो भारत की विविधता को एकता में जोड़ने में मार्गदर्शिका के रूप में देश को नेतृत्व प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान दिवस पर लोकभवन में संविधान की उद्देशिका का सशपथ पाठन कराया। इसके पूर्व अतिथियों ने भारत मां व बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन किया। इस दौरान लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम योगी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया।

### कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता

सीएम योगी ने कहा कि आज हर संस्था, पंचायत में ऐसे आयोजन करके संविधान की प्रस्तावना का वाचन करने का प्रयास हुआ है। 2015 में संविधान दिवस पर पीएम मोदी ने कहा था कि हममें से हर व्यक्ति स्वतंत्र भारत का नागरिक है। लेकिन स्वतंत्रता की वास्तविक कीमत विस्मृत की जा रही है, क्योंकि हमने स्वाधीनता की लड़ाई को आंखों से नहीं देखा। हमने क्रूर यातनाओं को नहीं सहा। परिणामस्वरूप हर व्यक्ति केवल अधिकार की बात करता है। अधिकार तब सुरक्षित होते हैं, जब व्यक्ति कर्तव्यों के निर्वहन की आदत डाले। कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता। जहां कर्तव्य के बिना अधिकार प्राप्त करने का प्रयास किया गया है, वहां पर लोकतंत्र नहीं है, बल्कि वहां तानाशाह, व्यवस्था को गिरफ्त में लेकर आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को रौंदते दिखते हैं।

# लोनी में अवैध लिंग परीक्षण रैकेट के मामले का बड़ा खुलासा, अल्ट्रासाउंड मशीन बरामद

समाज जागरण

लोनी, 26 नवंबरः गाजियाबाद जनपद में अवैध लिंग परीक्षण के मामलों पर लगाम लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर सक्रिय हो गया है। बुधवार को गाजियाबाद स्वास्थ्य विभाग और PCPNDT (Pre-Conception and Pre-Natal Diagnostics Techniques Act)) उत्तरी दिल्ली जिला टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर लोनी थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार टीम ने प्रशांत विहार कॉलोनी स्थित अलफला मस्जिद वाली गली में कमल नामक व्यक्ति के ठिकाने पर छापेमारी की, जहाँ लंबे समय से अवैध तरीके से भ्रूण लिंग परीक्षण किए जाने की सूचना मिली थी। इसी आधार पर की गई कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से निम्न सामग्री जब्त की–

***अल्ट्रासाउंड मशीन,प्रैब लिंग परीक्षण उपकरण का हिस्सा,***
***8000 हजार रुपए नकद,एक मोबाइल फोन, अल्ट्रासाउंड उपयोग में लाई जाने वाली जेली***

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी गर्भवती महिलाओं से पैसे लेकर गैरकानूनी तरीके से लिंग परीक्षण करता था, जो कानूनन दंडनीय है।

### PCPNDT अधिनियम के तहत दर्ज होगा मुकदमा

लिंग परीक्षण पर भारत में PCPNDT एक्ट, 1994 के तहत पूर्ण प्रतिबंध है और इस तरह की गतिविधियों को गंभीर अपराध माना जाता है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कड़ी धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है।



स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें पिछले कई हफ्तों से इलाके में अवैध अल्ट्रासाउंड और भ्रूण लिंग परीक्षण गिरोह के सक्रिय होने की शिकायतें मिल रही थीं। जाल बिछाकर टीम ने आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लिंग परीक्षण रोकने का कानून बेटियों की सुरक्षा के लिए बनाया गया है। यह सिर्फ अपराध नहीं, समाज के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। इस मामले में शामिल हर व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई होगी।

### इस अवैध गोरखधंधे में शामिल अन्य लोगों के नामो का खुलासा होने की संभावना

स्थानीय लोगों के अनुसार इस इलाके में लंबे समय से अवैध तरीके से अल्ट्रासाउंड जांच की गतिविधियाँ चल रही थीं। टीम के अनुसार आरोपी अकेला नहीं, बल्कि एक संगठित नेटवर्क इस अवैध गतिविधि में शामिल हो सकता है। टीम अब फोन रिकॉर्ड और बरामद दस्तावेजों के आधार पर इस धंधे से अन्य जुड़े लोगों की पहचान में जुट गई है।
गर्भ में लिंग परीक्षण पर रोक के बावजूद यह कार्रवाई बताती है कि अवैध भ्रूण लिंग परीक्षण अभी भी भूमिगत स्तर पर जारी है। प्रशासन ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में और भी ऐसे ठिकानों पर कार्रवाई के जाने की प्रबल संभावना है।

# उत्तर प्रदेश की औद्योगिक दिशा तय करने में जुटी योगी सरकार, विशेषज्ञों ने रखी भविष्य की रूपरेखा

प्रदेश में निवेश बढ़ाने, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा अवस्थापना विस्तार पर बनी व्यापक सहमति

'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' की सफलता के लिए नीतिगत सुधार, औद्योगिक पार्कों तथा नवाचार-आधारित इकोसिस्टम पर जोर

रेल, सड़क, विमानन व लॉजिस्टिक्स जैसी अवसंरचनाओं को विकास का केन्द्र मानते हुए बहुस्तरीय लक्ष्य का हुआ निर्धारण

लखनऊ, 26 नवंबर। 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार विशेषज्ञों की राय के आधार पर भविष्यगामी नीति निर्धारण का मार्ग प्रशस्त कर रही है। बुधवार को योगी सरकार द्वारा आयोजित "शेपिंग उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल फ्यूचरः स्ट्रेटेजीज फॉर विकसित भारत-2047" वर्कशॉप व कॉन्फ्रेंस में उद्योग, निवेश, एमएसएमई, खादी, अवस्थापना तथा नीति नियोजन से जुड़े शीर्ष अधिकारियों ने राज्य की औद्योगिक प्रगति, संभावनाओं तथा भविष्य की जरूरतों पर विस्तृत विचार साझा किए। सम्मेलन में यह साझा दृष्टि उभरकर सामने आई कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से निवेशकों का भरोसेमंद गंतव्य बना है तथा अगले 25 वर्षों का औद्योगिक रोडमैप राज्य को देश की अग्रणी आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने का आधार तैयार कर रहा है।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर कमलानगर से जयस्तंभ चौक तक यूनिटी मार्च का आयोजन

**सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह सांसद शहडोल लोकसभा यूनिटी मार्च में हुई शामिल देश भक्ति पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, यूनिटी मार्च का पदयात्रा का समापन**



**समाज जागरण**

शहडोल - मेरा युवा भारत शहडोल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर देशभर में आयोजित किए जा रहे यूनिटी मार्च श्रंखला के तहत सोमवार को कमलानगर शहडोल से सूर्यनमस्कार परिसर जयस्तंभ तक भव्य एकता पदयात्रा निकाली गई। लगभग 5 किलोमीटर लंबी यह यूनिटी मार्च सूर्यनमस्कार परिसर (जयस्तंभ) शहडोल में पदयात्रा संपन्न हुई। कार्यक्रम में माननीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सरदार पटेल अमर रहें भारत माता की जय वंदे मातरम जैसे जोशीले नारों के साथ स्कूली विघार्थियों, समाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक मार्च में भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए माननीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जन्म जयंती पर प्रदेशभर में एकता के संदेश को जन-जन तक पहुचाने के उद्देश्य से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद 500 से अधिक रियासतों का एकीकरण सरदार पटेल की अद्भुत सूझबूझ और राष्ट्रनिष्ठा का अप्रतिम उदाहरण है। महात्मा गांधी के एक भारत के स्वप्न को साकार करने का श्रेय सरदार पटेल को ही जाता है। उन्होंने युवा पीढी से आह्वान किया कि वे लौह पुरूष के जीवन मूल्यों और राष्ट्रनिष्ठ आदर्शों का अनुसरण कर भारत को सशक्त और समृद्धि के पथ पर आगे बढाए। साथ ही उन्होंने कहा कि शहडोल रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, और अधोसंरचना के क्षेत्र में लगातार नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। माननीय सांसद महोदया, श्रीमती हिमाद्री सिंह सरदार पटेल की जयंती पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लौह पुरूष के असाधारण व्यक्तित्व और राष्ट्रनिर्माण के प्रति उनके समर्पण से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी देश के सरंक्षक के रूप में आगे आए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थियों में सरदार पटेल ने विखंडित भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक और असंभव-सा लगने वाला कार्य पूरा किया। कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत फूलमाला एवं बुके द्वारा श्री मनीष चौहान ए.पी.ए ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षत कर रही श्रीमती अमिता चपरा ने युवाओ को भी सम्बोधित किया। माननीय सांसद महोदया, श्रीमती हिमाद्री सिंह को मेरा युवा भारत शहडोल की ओर से जिला युवा अधिकारी शहडोल श्रीमती कीर्तिका कुहर ने स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित अतिथियों एवं उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित मनीष चौहान ए.पी.ए द्वारा किया गया। मंच का सफल संचालन श्री अमित मिश्रा जिला महामंत्री द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र मिश्रा जी, जिला उपाध्यक्ष संतोष लोहानी, कार्यालय मंत्री, अंकुश शर्मा कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, जिला मंत्री रवीन्द्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष, मृदुल मिश्रा, प्रिन्स त्रिपाठी, अजय शर्मा, अर्जुन सोनी, श्रीमती प्रियंका त्रिपाठी, रजीव शर्मा, सचिन सेठिया, विनय केवट जिला मीडिया प्रभारी, कैलाश विशनानी वरिष्ठ नेता मंच पर उपस्थित रहे। सभी को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का भी लयबद्ध गायन हुआ।

# शासकीय भूमि के अतिक्रमण पर नहीं लग पा रहा अंकुश

**समाज जागरण**

अनूपपुर । अनूपपुर जिले के अंतर्गत ग्राम कैलोरी में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का सिलसिला लगातार जारी है किंतु राजस्व विभाग शासकीय भूमि के कब्ज पर अंकुश नहीं लग पा रहा है । शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत कमिश्नर शहडोल से ग्राम पंचायत केल्हौरी के दर्जनों ग्रामीण वासियों ने की है। इसके पूर्व पिछले विगत वर्ष 2024 से केल्हौरी ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि को समय समय पर शिकायत की गयी जिस परं राजस्व विभाग द्वारा 248 की गयी। इसके पश्चात भी कब्जे निरंतर जारी रहे जिसपर ग्राम पंचायत केल्हौरी दिनांक 22.09.2025 को तहसीलदार महोदय को अवगत कराया गया था।

इस निर्माण निरंतर जारी रहा। राजस्व विभाग रोक लगाने मे असफल रहे। अतिक्रमण के मामले को लेकर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष समस्त दस्तावेज प्रस्तुत कर भी दायर की गयी। इन सब से राजस्व विभाग भलिभांति अवगत होते हुये पंचायत की शासकीय भूमि 1595 मे निर्माण कार्य पर रोक लगाने व उचित व असफल दिखायी दे रहा है एवं निर्माण कार्य निरंतर जारी हैं। इन सभी निर्माण कार्य पर अंकुश नही लगाया गया तो निश्चित तौर पर साढे दस एकड भूमि पर पूरा कब्जा हो जाएगा। सूत्र बताते हैं कि शोएब खान पिता समद खान ने एग्रीमेंट कराकर शासकीय जमीन को अब्दुल कलीम निवासी विवेकनगर को विकय की जा चुकी है। इसी प्रकार शासकीय भूमि को एग्रीमेंट कर विक्रय कर चुके है। गौर करने वाली बात यह है कि लगातार शिकायत एवं न्यायालय द्वारा नोटिस देने के बाद भी अतिक्रमण किया जा रहा है किंतु राजस्व विभाग के अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है।

# आतंकियों से जुड़े चेहरों को बेनकाब करने के लिए शाहीन को कानपुर लाने की तैयारी

**समाज जागरण**

कानपुर। दिल्ली विस्फोट के बाद आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में पकड़ी गई डॉक्टर शाहीन को अब कानपुर लाकर भी पूछताछ किए जाने की तैयारी है ,जिसके फलस्वरूप कुछ और चेहरे भी बेनकाब हो सकते हैं । शाहीन पहले कानपुर मेडिकल कॉलेज में भी रह चुकी है और उसके यहां अनेक लोगों से संबंध भी है । उसका पूर्व पति भी कानपुर में ही रहता है। सूत्रों ने बताया कि इसीलिए पूछताछ के लिए शाहीन को लखनऊ और सहारनपुर के साथ ही कानपुर भी लाए जाने की तैयारी है ,जिसके लिए खुफिया भी लगातार सतर्क है। एन आई ए की टीम उससे यह जानने की कोशिश कर रही है कि वह लखनऊ, कानपुर व सहारनपुर में किन लोगों के संपर्क में थी और डॉ.



परवेज को किसने कार खरीद कर दी थी। अवगत करा दें कि दिल्ली विस्फोट मामले में शाहीन की भूमिका अहम है। वह लंबे समय से डाक्टरों को आतंकी नेटवर्क के साथ जोड़ रही थी। इस काम में परवेज उसकी मदद करता था। एन आई ए ने पूछताछ में अब तक जो जानकारी हासिल की है। उसके मुताबिक शाहीन जिन डॉक्टरों को आतंकी नेटवर्क में शामिल होने के लिए तैयार करती थी। उन्हें दुबई, थाईलैंड व अन्य देशों में ट्रेनिंग दी जाती थी। शाहीन के संपर्क में रहे ज्यादातर लोगों ने विभिन्न प्रकार के बम बनाने की भी ट्रेनिंग ली थी। इसके लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी शाहीन के संपर्क वाले डाक्टरों व अन्य आतंकियों की थी। वह खुद भी अगस्त में लखनऊ आई थी। फिलहाल लखनऊ और कानपुर से लेकर सहारनपुर तक के शाहीन के संपर्कों को खंगालने के लिए ठक्अ की टीम उसे विभिन्न स्थानों पर लेकर जाएगी। अभी तक की पूछताछ में शाहीन से मिली जानकारी के आधार पर जल्द ही कुछ आतंकियों से जुड़े और चेहरों के भी बेनकाब होने की संभावना व्यक्त की गई है।

# बैंकों में लम्बित पत्रावलियों पर कार्यवाही करते हुये प्रकरण का निस्तारण करायें-सीडीओ

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सम्बन्ध में उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1750 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, योजना के तहत 4549 आवेदन पत्र प्राप्त हुये है और बैंकों को 3665 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गया है, बैंकों द्वारा 942 आवेदन पत्र स्वीकृत किया गया है तथा 984 आवेदन पत्र वितरण की कार्यवाही की गयी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के सम्बन्ध में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 165 का लक्ष्य मिला है जिनमें से 173 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गये तथा 64 बैंकों द्वारा आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये है और 57 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्यवाही की गयी है। सीडीओ ने बैंक समन्वयकों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में जिन भी बैंकों के जो भी प्रकरण लम्बित है, उद्योग विभाग के कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त कर बैंकों के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण कराया जाये और यदि किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो उपायुक्त उद्योग या जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को अवगत कराया जाये। इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना में 20 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिनमें से 24 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गये तथा 07 आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये और 11 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्यवाही की गयी है। निवेश मित्र पोर्टल पर कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं पाया गया। सीडीओ ने सभी बैंक समन्वयकों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि बैंकों में जो भी लम्बित पत्रावलियां है तत्काल उस पर कार्यवाही करते हुये नियमानुसार वितरण की कार्यवाही की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

बैठक में उपायुक्त उद्योग ने उद्यमियों की समस्याओं के सम्बन्ध में अब तक की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। उद्यमियों ने बैठक के दौरान अपनी-अपनी समस्याओं को सीडीओ के समक्ष अवगत कराया जिस पर सीडीओ ने उद्यमियों को आश्वस्त करते हुये कहा कि जो भी शिकायतें है उस पर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सीओ सिटी प्रशान्त राज, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, उपायुक्त राज्य कर वेगराज सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं उद्यमी मो0 अनाम, रोशन लाल ऊमरवैश्य एवं उद्यमी/व्यापारी उपस्थित रहे।

# कुंडा में बिचौलियों के कारण सस्ते दाम पर धान बेचने को मजबूर किसान

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। किसानों की बेहतरी का दावा करने वाली सरकार अपने ही कर्मचारियों से त्रस्त और परेशान नजर आ रही है । वास्तविकता यह है कि। कुंडा तहसील में धान खरीद केंद्र के कर्मचारी बिचौलियों के द्वारा कमीशनखोरी का धंधा चलाते हैं इस खेल में एरिया के रसूखदार बिचौलिए का काम करते हैं जिसके चलते कमजोर किसानों की दाल ही नहीं गलती ।होता यह है कि जब छोटा किसान विना बिचौलिए के केंद्र पर पहुंचता है तो उसे इतना परेशान कर दिया जाता है कि वह केंद्र से बिना बेचे ही वापिस घर चला जाता है विवश होकर औने पौने दाम में क्षेत्रीय बिचौलियों को बेच देता है। क्रय केंद्र पर धान की खरीद का मूल्य साढ़े चौबीस रुपए है जब कि बिचौलिए किसान से उन्नीस रूपिये में लेकर ५रुपए किलो का मुनाफा कमाता है । इसी अव्यवस्थाओं के कारण अन्नदाता दिन ब दिन बंद से बद्तर होता जा रहा है ।उसकी सुननेवाला कोई नहीं है। योगी जी से निवेदन है कि इन छोटे अन्नदाओं की भी कोई ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे दास्तां की बेड़ी से बाहर सकें।हकीकत जाने के लिए कुंडा तहसील के केंद्रों की गुप्त जांच करा लें असलियत का पता लग जाएगा।

# कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान दिवस-2025 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का किया गया आयोजन,

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**



प्रतापगढ़। जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान दिवस-2025 को गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति सहित अधि कारियों, कर्मचारियों व अधिवक्ताओं ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संविधान दिवस-2025 के उपलक्ष्य में लोक भवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक शपथ पाठ का कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया जिसका अवलोकन अधिकारियों, कर्मचारियों व अधिवक्ताओ ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों व अधिवक्ताओं को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी। सभी ने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प दोहराया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा और लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप कार्य करना चाहिए और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। जिलाधिकारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आहवान किया कि कानून सबके लिए समान होता है यह हमें संविधान से ही ज्ञात होता है। उन्होनें कहा कि हमें भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और देश में संप्रभुता, अखण्डता की रक्षा करनी चाहिए। हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसमें प्रत्येक नागरिक के कर्तव्य, अधिकार का वर्णन है। विभिन्न धर्म, जाति, संस्कृति आदि को ध्यान में रखकर सभी के अधिकार निहित है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति व सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट के अलावा जिले के विभिन्न कार्यालयों और संस्थानों में भी गोष्ठियां, चचाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में संविधान के महत्व, मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य भारतीय संविधान के निमार्ताओं के योगदान को सम्मानित करना और नागरिकों को संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# डी यम के औचक निरीक्षण से। अस्पताल में मचा हड़कंप

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। यहां का जिला अस्पताल शुरू से ही अपनी कारगुजारियों से हमैशा सुर्खियों में रहा है क्योंकि निरीक्षण के बाद कहुं कठोर कार्यवाही नहीं होती। इस बार भी यही हुआ हिदायत ही दी गयी।डी यम साहब ने निरीक्षण हेतु जब अस्पताल पहुंचे तो स्टोर में दवाओं के अव्यवस्थित रख रखाव पर नाराज होते हुए डीएम,साहब ने एक्शन का निर्देश दिया। लापरवाह चीफ फार्मासिस्ट को डीएम ने फटकारा। जिला अस्पताल में अचानक निरीक्षण करने पहुंच गये डीएम शिव सहाय अवस्थी। पर्चा काउंटर पर लम्बी लाइन में लगे मरीजों और तीमारदारों से डीएम ने जानी समस्या। ओपीडी में मरीजों की भीड़ देखकर डीएम ने टोकन सिस्टम लागू करने का दिया निर्देश।* अल्ट्रा साउंड और सीटी स्कैन में वेटिंग सिस्टम को लेकर डीएम ने सीएमओ को दिया जरूरी निर्देश। आपरेशन थियेटर , आईसीयू वार्ड में मरीजों से डीएम ने जानी समस्या। दवा काउंटर, ब्लड बैंक , ब्लड कंपोनेंट यूनिट का भी किया निरीक्षण।

सीएमएसडी स्टोर में दवाओं का रख रखाव घटिया ढंग से होने पर चीफ फार्मासिस्ट के खिलाफ विभागीय एक्शन का निर्देश दिया। और फार्मासिस्ट बी के श्रीवास्तव को कड़ी फटकार लगाई। जिला अस्पताल के प्रत्येक वार्ड में घूमकर डीएम ने इंतजाम भी देखा।

# मोहनलालगंज में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत निःशुल्क परीक्षण शिविर-150 से अधिक वृद्ध एवं दिव्यांगजन पंजीकृत

**विवेक कुमार**
**समाज जागरण संवाददाता**

जननायक सुजीत पांडे मेमोरियल ट्रस्ट और लक्ष्य यूथ फाउंडेशन द्वारा पांडेय कॉम्प्लेक्स मोहनलालगंज लखनऊ में भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत निःशुल्क प्रीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र लखनऊ व भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम(एलमिको) के अधिकारियों द्वारा 150 से अधिक वृद्धजनों व दिव्यांगजनों का कान के मशीन, कमर की बेल्ट, व्हीलचेयर, छड़ी, गर्दन की कॉलर, वाकर, सिलिकॉन तकिया, नी ब्रेस, स्पाइनल सपोर्ट, सर्वाइकल कॉलर, ट्राई साइकिल, मोटर ट्राई साइकिल इत्यादि सहायक यंत्र एवं उपकरणों के निःशुल्क वितरण हेतु पंजीकरण किया गया। जननायक सुजीत पांडे मेमोरियल ट्रस्ट के प्रबंधक व राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अजय पांडे सत्यम् ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र के समस्त





दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को सम्मानजनक जीवन जीने हेतु उन्हें सहायक उपकरण दिलाने हेतु दो दिवसीय पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें हमारे ट्रस्ट के स्वयंसेवकों द्वारा गांव-गांव जाकर सर्वे कर सभी पात्र लोगों का पंजीकरण कराया जा रहा है और इस पंजीकरण के बाद पात्रता के अनुसार अतिशीघ्र ही सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। वही लक्ष्य फाउंडेशन के प्रबंधक व राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अवधेश कुमार साहू ने बताया कि प्रथम दिवस लगभग 150 लोगों का पंजीकरण कराया गया और अंतिम दिवस भी हम ज्यादा से ज्यादा लोगों का पंजीकरण करेंगे और जल्द ही सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र लखनऊ से प्रोस्थेटिस्ट और ऑर्थोटिस्ट श्री श्याम मोहनशुक्ला, ऑडियोलॉजिस्ट श्रीकांत सिंह, यू. एस. डब्ल्यू लिपू दलाई , शिवम साहू,विपिन यादव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# संविधान ज्ञान प्रतियोगिता 2025 के तहत परीक्षा का परिणाम घोषित

**विवेक कुमार**
**समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। संविधान संरक्षक संघ अध्यक्ष जितेन्द्र राज त्यागी द्वारा आयोजित संविधान ज्ञान प्रतियोगिता 2025 के तहत परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसका परिणाम बुधवार को समारोहपूर्वक मस्तीपुर स्थित संविधान वाटिका में घोषित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र और संविधान की उद्देशिका प्रदान की गई।प्रतियोगिता में टीम A और टीम B के विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप प्रथम पुरस्कार के रूप में स्कूटी और लैपटॉप, द्वितीय पुरस्कार के रूप में मोबाइल फोन और तृतीय पुरस्कार के रूप में रेंजर साइकिल वितरित किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह



में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरूआत में जितेन्द्र राज त्यागी ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर पीताम्बर प्रसाद रावत, गुरु प्रसाद रावत, अमरेन्द्र यादव, सन्तोष कुमार दोहरे, अवध राम, आशीष कुमार, अशर्फी लाल धीमान, रामफेर धीमान, हरी शंकर रावत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता ने न केवल छात्रों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय महत्व के विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और अनुशासित प्रतियोगिता भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

# पियूष गोयल ने कैट को आईटीपीओ के सहयोग से दिल्ली में देश का अब तक का सबसे बड़ा स्वदेशी मेला आयोजित करने का आह्वान किया

**देश के 28 राज्यों से आए 200 से अधिक व्यापारिक नेताओं ने नई दिल्ली में कैट राष्ट्रीय व्यापार नेतृत्व सम्मेलन में भाग लिया**

**समाज जागरण**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पियूष गोयल ने कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) से आग्रह किया कि वह इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाईजेशन (आईटीपीओ) के सहयोग से दिल्ली में अब तक का सबसे बड़ा स्वदेशी मेला आयोजित करे। उन्होंने कहा कि यह प्रस्तावित मेगा आयोजन वैश्विक मंच के रूप में कार्य करे, जो भारत के व्यापार और उद्योग की ताकत, नवाचार एवं विविधता को प्रदर्शित करे तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को विश्व पटल पर अग्रसर करे।



कैट राष्ट्रीय व्यापार नेतृत्व सम्मेलन में उक्त संबोधन देते हुए– जिसमें देश के 28 राज्यों से आए 200 से अधिक प्रतिष्ठित व्यापारिक नेता मौजूद थे –श्री गोयल ने कहा कि ह्भारत के व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और विकास के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक हैं। उन्होंने कैट की सतत पहलों की सराहना करते हुए निम्न पहलुओं के महत्व पर विशेष बल दिया- व्यापारियों के लिए मजबूत कौशल विकास कार्यक्रम, महिला उद्यमियों के व्यापक सशक्तिकरण, साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए अधिक मजबूत सुरक्षा व्यवस्था, आधुनिक, प्रौद्योगिकी आधारित, वैश्विक प्रतियोगिता वाले व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण। श्री गोयल ने कैट से यह भी आग्रह किया कि वह स्वदेशी जागरण मंच, लघु उद्योग भारती और अन्य प्रमुख व्यापारिक संगठनों एवं वाणिज्य मंडलों के साथ मिलकर देश भर में स्वदेशी मेले आयोजित करे और वोकल फॉर लोकल को एक राष्ट्रव्यापी जन-आंदोलन के रूप में विकसित करे।

उन्होंने आगे उत्तर मुंबई स्थित अपने संसदीय क्षेत्र के कौशल विकास केंद्र को कैट को सौंपने का प्रस्ताव भी दिया, ताकि क्षेत्र में चल रही कौशल विकास पहलों को और सशक्त किया जा सके। सभा को संबोधित करते हुए चाँदनी चौक के सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महासचिव श्री प्रवीन खंडेलवाल ने देश के व्यापारियों के निरंतर योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा– देशभर के व्यापारी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर परिश्रम कर रहे हैं। Ease of Doing Business की उनकी परिकल्पना ने बेहतर प्रणालियों, आधुनिक तकनीक और नए अवसरों के माध्यम से व्यापारियों को सशक्त बनाया है।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि कैट व्यापारियों के हितों की रक्षा, नीतिगत सुधारों को आगे बढ़ाने और देश में अधिक संगठित एवं मजबूत रिटेल व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए लगातार प्रतिबद्ध है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया ने संगठनात्मक ढांचे को देशभर में और सुदृढ़ करने तथा व्यापारियों को जमीनी स्तर तक सशक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कैट की भावी कार्ययोजना प्रस्तुत की, जिसमें प्रमुख प्राथमिकताएँ शामिल हैं–क्षमता निर्माण, नीति वकालत,डिजिटल सशक्तिकरण, व्यापक व्यापार सुधारों के लिए राष्ट्रीय अभियान।

कैट के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री ब्रिज मोहन अग्रवाल ने कहा कि "केंद्रीय मंत्री श्री पियूष गोयल द्वारा प्रस्तावित देश के सबसे बड़े स्वदेशी मेले के आयोजन का हम पूर्ण समर्थन करते हैं। कैट देशभर के व्यापारियों के साथ मिलकर वोकल फॉर लोकल को जन-आंदोलन बनाने और व्यापार जगत को कौशल, तकनीक व स्वदेशी नवाचार के माध्यम से सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है"।

# कोलंबो में तिरंगा लहराने को तैयार सर्वोदयी विद्यालय आगरा के खिलाड़ी

**योगी सरकार के प्रयासों से प्रतिभाओं को मिला अंतरराष्ट्रीय मंच**
**वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रमन कुमार और शिक्षक हरीश चंद्र करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व**

**समाज जागरण लखनऊ**

योगी सरकार की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की नीति एक बार फिर रंग लाई है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदयी विद्यालय, इटौरा (आगरा) के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ी–कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार और व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र–भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए मंगलवार को वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 हेतु कोलंबो (श्रीलंका) रवाना हुए। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 28 नवम्बर से 30 दिसम्बर 2025 तक आयोजित होगी, जिसमें 40 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस उपलब्धि पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह क्षण उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार प्रतिभाशाली युवाओं को सही मंच प्रदान कर रही है, जिसके फलस्वरूप राज्य के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। रमन कुमार और हरीश चंद्र ने कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन के बल पर यह अवसर प्राप्त किया है। मंत्री ने विश्वास जताया कि दोनों खिलाड़ी कोलंबो में देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। प्रतिनिधित्व व उपलब्धियाँ रमन कुमारः सब-जूनियर 56 किग्रा भार वर्ग हरीश चंद्रः सीनियर 77 किग्रा भार वर्ग दोनों खिलाड़ियों का चयन हाल ही में गुजरात के मैसाना और सूरत में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर हुआ। रमन कुमार ने मैसाना में सब-जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था, जबकि हरीश चंद्र ने सूरत में स्वर्ण पदक के साथ डेडलिफ्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। सर्वोदयी विद्यालय के इन दोनों खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है।भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों का चयन हाल ही में गुजरात के मैसाना व सूरत में हुई राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। रमन ने मैसाना में सब-जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, वहीं हरीश ने सूरत में स्वर्ण पदक के साथ डेडलिफ्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया।